संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 जून 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 18  अंक: 170  पृष्ठ: 12    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

International Day of Yoga 21 June

## आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"

-स्वामी विवेकानंद

## बैंक-एनबीएफसी एआई का करें उपयोग: आरबीआई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आरबीआई गवर्नर ने गुरुवार को बैंकों और एनबीएफसी के लिए वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी एडवांस और उभरती हुई तकनीक को अपनाने के महत्व को रेखांकित किया है। वित्तीय लचीलेपन पर हुई एक ग्लोबल कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, आरबीआई गवर्नर ने कहा- संगठनात्मक कामकाज में एआई, एमएल और बिग डेटा एनालिटिक्स जैसी एडवांस और उभरती हुई तकनीकों को इंटीग्रेट करने से वित्तीय संस्थानों के संचालन का तरीका बदल सकता है। एआई और एमएल भविष्य कहनेवाला विश्लेषण बढ़ा सकते हैं और बैंकों और एनबीएफसी को संभावित जोखिमों और रुझानों को अधिक सटीक रूप से पहचानने में सक्षम बना सकते हैं। शक्तिकांत दास ने कहा कि जैसे-जैसे वित्तीय क्षेत्र तेजी से डिजिटल होता जा रहा है, एडवांस तकनीक को अपनाने से बैंकों और एनबीएफसी की विभिन्न जोखिमों का सामना करने और उनका जवाब देने की क्षमता काफी मजबूत हो सकती है। हालांकि, यह सुनिश्चित करना होगा कि ये तकनीकें सुरक्षित, विश्वसनीय और संस्थान के समग्र रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप हों।

# पीएम मोदी पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे: राहुल

## मोदी सरकार पर तीखा हमला: सभी शिक्षण संस्थानों को भाजपा के लोगों ने कैप्चर कर रखा है: कांग्रेस नेता राहुल गांधी

**साधा निशाना**

▶▶ एक परीक्षा में गड़बड़ियों के बाद आप रद्द कर चुके हैं, पता नहीं दूसरे को रद्द किया जाएगा या नहीं: राहुल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को यूजीसी नीट यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने इसे लेकर केंद्र सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी का नाम लेकर हमला बोला। राहुल ने कहा, "सभी शिक्षण संस्थानों को भाजपा के लोगों ने कैप्चर कर रखा है। जब तक इन्हें मुक्त नहीं कराया जाएगा, तब तक यह चलता रहेगा। पीएम मोदी इस लीक को रोक नहीं पाए। एक परीक्षा में गड़बड़ियों के बाद आप रद्द कर चुके हैं, पता नहीं दूसरे को रद्द किया जाएगा या नहीं। लेकिन कोई न कोई तो इसके लिए जिम्मेदार है और इसके लिए किसनी न किसी को तो पकड़ा जाना चाहिए।" राहुल ने कहा, "नीट पेपर और यूजीसी-नेट के पेपर लीक हुए हैं। कहा जा रहा था कि नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की लड़ाई रोक दी थी। इस्राइल और गाजा की लड़ाई को भी नरेंद्र मोदी ने रोक दी थी। लेकिन किसी न किसी कारण में हिंदुस्तान में जो पेपर लीक हो रहे हैं उन्हें नरेंद्र मोदी नहीं रोक पा रहे या फिर रोकना नहीं चाहते।" बिहार में पेपर लीक आरोपियों के पकड़े जाने को लेकर राहुल ने कहा कि हमने पहले ही कहा है कि जांच होनी चाहिए और जिन्होंने भी पेपर लीक कराया है उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आगामी संसद सत्र में इस मुद्दे को उठाने की बात भी कही।

**पीएम मोदी ने युद्ध रुकवा दिया, लेकिन पेपर लीक रोक नहीं पाए:** राहुल गांधी ने आगे कहा, "ऐसा कहा जा रहा था कि प्रधानमंत्री मोदी ने रूस-यूक्रेन का युद्ध रुकवा दिया, लेकिन कुछ कारणों से नरेंद्र मोदी भारत में पेपर लीक रोक न्हीं पाए हैं या रोकना नहीं चाहते हैं।"

### हम संसद में इस मुद्दे को उठाएंगे- राहुल गांधी

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हां बिल्कुल, हम संसद में इस मुद्दे को उठाएंगे।" साथ ही उन्होंने कहा कि जांच होनी चाहिए और जिन्होंने भी पेपर लीक कराया है उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

**प्रधानमंत्री मोदी से जवाब की मांग कर रही कांग्रेस:** वहीं, दोनों प्रतियोगी परीक्षाएं रद होने पर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी से जवाब की मांग कर रहे हैं क्योंकि वह काफी समय से चुप हैं।

## नीट पेपरलीक केस में परीक्षार्थी का कबूलनामा, कहा- फूफा ने सेटिंग की बात की

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** नीट यूजी पेपरकेस लीक केस में रोज नए खुलाए हो रहे हैं। बिहार पुलिस ने जिस अनुराग यादव नाम के परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया था, उसका कबूलनामा सामने आया है। उसने स्पष्ट कहा कि उसके फूफा सिकंदर प्रसाद यादवेंदु ने ही उसे कोटा से पटना बुलाया था। कहा था कि परीक्षा में सब सेटिंग हो चुका है। इसके बाद चार मई की रात पटना के एक रेस्ट हाउस में अमित आनंद और नीतीश कुमार के पास मुझे छोड़ दिया। इनलोगों ने मुझे नीट के परीक्षा का प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका दिया। रात भर में पेपर रटवाया गया।





**सिकंदर यादवेंदु ही है अनुराग का फूफा:** अनुराग ने यह भी खुलासा किया कि अगले दिन जब मैं परीक्षा देने सेंटर पर पहुंचा तो प्रश्न देखकर दंग रह गया। सभी प्रश्न वही थे जो रात में मैंने पढ़ा था। इसके बाद पुलिस ने अनुराग को गिरफ्तार कर लिया था। अनुराग के कबूलनामे के बाद यह स्पष्ट हो गया कि बिहार में पेपरलीक हुआ था। बता दें कि नीट पेपरलीक केस में जूनियर इंजीनियर सिकंदर प्रसाद यादवेंदु को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गेस्ट हाउस की इंट्री रजिस्टर में जिस अनुराग यादव का नाम दर्ज है, ये वही शख्स है। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने पहले ही सिकंदर प्रसाद यादवेंदु को तेजस्वी प्रसाद यादव के निजी सचिव प्रीतम का करीबी बता चुके हैं। इतना ही नहीं पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने दावा किया है कि पेपर लीक केस के आरोपियों के संबंध राजद के टॉप थ्री लोगों से है। आर्थिक अपराध इकाई के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लों का कहना है कि अब तक की छानबीन में सॉल्वर गैंग के पास 13 परीक्षार्थियों के रोल कोड मिले थे।

## उपमुख्यमंत्री ने तेजस्वी को घेरा, पूछा- यादवेंदु से क्या संबंध है



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** नीट यूजी पेपरलीक केस में सियासत गरमाने लगी है। फिर से उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी यादव और राष्ट्रीय जनता दल पर हमला बोला है। गुरुवार दोपहर पत्रकारों के सामने उन्होंने कुछ कॉल डिटेल्स दिखाए और तेजस्वी यादव को घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि पेपरलीक केस में गिरफ्तार हुए सिकंदर प्रसाद यादवेंदु का तेजस्वी और लालू यादव से क्या संबंध है? यह उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। विजय सिन्हा ने कहा कि एक मई को तेजस्वी यादव के आप्त सचिव प्रीतम कुमार के मोबाइल से रात्रि नौ बजकर सात मिनट में पथ निर्माण विभाग में कार्यरत प्रदीप कुमार के मोबाइल पर एनएचएआई के गेस्ट हाउस में सिकंदर प्रसाद याजवेंदु के कमरे की बुकिंग के लिए फोन आया था। उस दिन प्रदीप ने संज्ञान नहीं लिया। चार मई की सुबह प्रीतम कुमार के मोबाइल पर फिर प्रदीप कुमार को कॉल किया गया। फिर से सिकंदर के नाम से कमरे की बुकिंग की बात की गई।

**लालू जब जेल में थे, तब सिकंदर भी वहां रहते थे:** उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा का कहना है कि तेजस्वी यादव को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या प्रीतम कुमार अभी भी उनके पीएस हैं और उन्हें यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि सिकंदर प्रसाद यादवेंदु कौन हैं? जब लालू प्रसाद यादव रांची में जेल गए थे, तब सिकंदर प्रसाद यादवेंदु हुआ करते थे। लालू की सेवा में वह रहते थे। सिकंदर सिंचाई विभाग में जेई थे। विजय सिन्हा ने आरोप लगाया कि वह लोगों के भविष्य के साथ खेलते हैं जब वे सत्ता में होते हैं तो घोटाले करते हैं और नियुक्ति प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।

**एनएचएआई के गेस्ट हाउस का दरवाजा खुला था:** उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तेजस्वी के पीएस प्रीतम के कहने पर ही पेपर लीक मामले में शामिल एक कैंडिडेट्स के लिए एनएचएआई के गेस्ट हाउस का दरवाजा खुला था।

## नीट काउंसलिंग नहीं रुकेगी: सुप्रीम कोर्ट

### सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार और एनटीए को नोटिस; 8 जुलाई को अगली सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न उच्च न्यायालयों में नीट-यूजी 2024 विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई पर रोक लगा दी है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट अब 8 जुलाई को इस मामले पर सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने आज सुनवाई की। पीठ ने 14 याचिकाओं की सुनवाई की। इनमें से 10 याचिकाएं 49 छात्रों और 'स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया' नामक छात्र संगठन द्वारा दायर की गई थीं। वहीं, बाकी चार याचिकाएं एनटीए द्वारा दायर की गई थीं। एनटीए ने अनुरोध किया है कि इस मामले पर हाई कोर्ट में जो याचिका दायर की गई है, उसे सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर कर दिया जाए।



**हाईकोर्ट में नहीं होगी सुनवाई:** सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर सुनवाई करते हुए एनटीए को नोटिस जारी की है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने मामलों में हाई कोर्ट के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगा दी है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने फिर दोहराया कि वह काउंसलिंग प्रक्रिया को नहीं रोकेगा।

**आदेश**

▶▶ इस मामले पर हाई कोर्ट में जो याचिका दायर की गई है, उसे सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर कर दिया जाए: एनटीए

## कांग्रेस तय करेगी लोकसभा में विपक्ष का नेता: शरद पवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** एनसीपीएसपी के प्रमुख शरद पवार ने साफ कर दिया है कि लोकसभा में विपक्ष का नेता कौन चुनेगा। इसके साथ ही इंडी गठबंधन में आई दरारों की खबरों पर विराम लगता दिख रहा है। पवार ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति पर फैसला कांग्रेस करेगी क्योंकि संसद के निचले सदन में इंडिया ब्लॉक दलों में सबसे अधिक सीटें कांग्रेस के पास हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या विपक्ष से लोकसभा उपाध्यक्ष को बुलाने का प्रयास किया जाएगा।



राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय संस्थान का दौरा किया, जहां उन्होंने दिव्यांग बच्चों और छात्रों के साथ समय बिताया और उनके द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखा।

## दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल पर फिर दौड़ी रेलगाड़ी



**टीम एक्शन इंडिया**

**रियासी:** उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना के तहत ट्रेन के जरिये कश्मीर जाने वालों का सपना पूरा होने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। यह सपना धीरे-धीरे वास्तविकता के और करीब आता जा रहा है। गुरुवार को संगलदान से रियासी के लिए दस डिब्बों वाली रेलगाड़ी का ट्रायल किया गया, जो कि पूरी तरह से सफल रहा। इस दौरान ट्रेन दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे पुल से होकर भी गुजरी। यह पुलिस एफिल टावर से भी ऊंचा है। इस पुल की ऊंचाई 359 मीटर है और एफिल टावर की ऊंचाई 300 मीटर है। 1,486 करोड़ की लागत से निर्मित इस पुल के निर्माण में 30 हजार मीट्रिक टन स्टील का उपयोग किया गया है। यह 260 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवा का सामना कर सकता है। गुरुवार को बारह बजे के करीब ट्रेन संगदान से रियासी के लिए निकली। दोपहर दो बजे के करीब ट्रेन रियासी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन में परियोजना पर काम करने वाले कर्मचारियों को बिठाया गया था। इसके अलावा रेलवे के अधिकारी भी उसमें मौजूद रहे। ट्रेन के रियासी रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही भारत माता की जय के जयघोष गूंज उठे। मौके पर स्थानयी लोग इन पलों का साक्षी बनने के लिए उपस्थित रहे। बताया जाता है कि रियासी से कश्मीर तक ट्रेन को जल्द ही चलाया जा सकता है।

**रिकॉर्ड**

▶▶ यह पुलिस एफिल टावर से भी ऊंचा है। इस पुल की ऊंचाई 359 मीटर है और एफिल टावर की ऊंचाई 300 मीटर है

## बिहार में आरक्षण बढ़ाने का फैसला हाईकोर्ट ने रद्द किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना: राज्य की** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने बिहार में जाति आधारित जनगणना का फैसला किया था। जनगणना का काम बीच में बनी महागठबंधन सरकार के दौरान पूरा हुआ। महागठबंधन सरकार के भी मुखिया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही थे। महागठबंधन सरकार ने जातीय जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर राज्य में आरक्षण का प्रतिशत 65 तक पहुंचा दिया था। लोकसभा चुनाव 2024 में महगठबंधन के मुख्य दल राष्ट्रीय जनता दल ने इस आरक्षण का क्रेडिट भी लिया। किसी भी दल ने आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने को गलत नहीं बताया था। लेकिन अब, पटना हाई कोर्ट ने आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले को असंवैधानिक करार दिया है।



**कोर्ट के फैसले के बाद नीतीश सरकार को लगा बड़ा झटका:** कोर्ट का यह फैसला नीतीश सरकार को बड़ा झटका माना जा रहा है। गुरुवार को सुनवाई की दौरान पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण देने वाले कानून को रद्द कर दिया है। पटना हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। यानी अब शिक्षण संस्थानों व सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण नहीं मिलेगा। 50 प्रतिशत आरक्षण वाली पुरानी व्यवस्था ही लागू हो जाएगी।

**भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है:** दरअसल, 65 प्रतिशत आरक्षण कानून के खिलाफ गौरव कुमार व अन्य लोगों ने पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

**फैसला**

▶▶ सरकार ने जातीय जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर राज्य में आरक्षण का प्रतिशत 65 तक पहुंचा दिया था

## जल्द आयोजित होगी यूजीसी-नेट परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की गई थी। शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जयसवाल कहते हैं, "9 लाख छात्रों ने यूजीसी-नेट परीक्षा में भाग लिया था, जिसे एनटीए ने 18 जून को आयोजित किया था... मंत्रालय ने देखा कि परीक्षा से समझौता होने की संभावना थी। मंत्रालय ने निर्णय लिया है परीक्षा कराने के लिए अगली तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी, मामला सीबीआई को भेज दिया गया है..." संयुक्त सचिव गोविंद जयसवाल ने कहा कि, मंत्रालय को 4З से इनपुट मिल गया था।" उन्होंने आगे कहा, "डिजिटल प्लेटफॉर्म पर क्4З अलग तरह से काम करता है... हमें कुछ संकेत मिले थे... इस स्तर पर अगर हम कोई विवरण प्रकट करते हैं तो यह जांच से समझौता करेगा।"

## धू-धू कर जल उठे ट्रेन के डिब्बे

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिकंदराबाद:** तेलंगाना के सिकंदराबाद में रेल निलयम के करीब रखे एक पेंट्री कोच और एक एसी कोच में आग लग गई। गनीमत रही है कि दोनों कोच किसी ट्रेन से जुड़े नहीं थे। आग लगने की घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी गई। दमकल विभाग ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। सिकंदराबाद के स्टेशन फायर ऑफिसर डी मोहन राव ने जानकारी देते हुए कहा,"हमें सुबह 10.50 बजे फायर कंट्रोल रूम से आग लगने की सूचना मिली। हम तुरंत यहां पहुंचे और आग बुझाई। एक पेंट्री कोच और एक एसी कोच जो अतिरिक्त थे और यहां ट्रैक पर रखे थे।

**विकासात्मक कार्य** परियोजना से सालाना 6.61 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होगी, प्रदेश सरकार को प्रतिवर्ष 19.17 करोड़ रुपये का राजस्व होगा प्राप्त

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने पेखूबेला सौर ऊर्जा परियोजना समर्पित की

**टीम एक्शन इंडिया**

**ऊना: मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को ऊना जिला के पेखूबेला में हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा निर्मित 32 मेगावाट की पेखूबेला सौर ऊर्जा परियोजना प्रदेश की जनता को समर्पित की। मुख्यमंत्री ने इस सौर परियोजना का शिलान्यास 2 दिसम्बर, 2023 को किया था तथा लगभग चार महीने में ही 15 अप्रैल, 2024 को इस परियोजना से बिजली उत्पादन शुरू कर दिया गया। जिसका आज मुख्यमंत्री द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। पेखूबेला परियोजना का निर्माण 220 करोड़ रुपये की लागत से 49 हेक्टेयर भूमि पर किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना सालाना 6.61 करोड़ यूनिट विद्युत उत्पादन करेगी तथा प्रदेश सरकार को प्रतिवर्ष 2.90 रुपये प्रति यूनिट की दर से 19.17 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। इस परियोजना में 82,656 सोलर मॉड्यूल स्थापित किए गए हैं और परियोजना से उत्पन्न बिजली की निकासी रक्कड़-टाहलीवाल ट्रांसमिशन लाइन से की जा रही है। पेखूबेला सौर परियोजना से प्रतिवर्ष 2,532 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के निर्माण कार्य के दौरान 19,200 मानव कार्य दिवस सृजित किए गए। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनने की ओर अग्रसर है जिसे पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड को 500 मैगावाट सौर ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निगम ने 47 मेगावाट की तीन सोलर परियोजनाओं के निर्माण कार्य आबंटित किए हैं। इनमें से एक सोलर परियोजना पूरी हो चुकी है और दो अन्य सोलर परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं।





**परियोजना**

▶▶ इनमें से एक सोलर परियोजना पूरी हो चुकी है और दो अन्य सोलर परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं

# 21 जून को हिंडन वायु सेना स्टेशन पर लगेगा रोजगार मेला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश के हिंडन (गाजियाबाद) स्थित वायु सेना स्टेशन के ऑडिटोरियम में 21 जून को पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार मेला लगाया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) की ओर से आयोजित इस मेले का उद्देश्य पूर्व सैनिकों को रोजगार का दूसरा अवसर दिलाना है। देशभर से तीनों सेनाओं के पूर्व सैनिक इस रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। मेले में लगभग 40 कॉरपोरेट कंपनियों के भी भाग लेने की उम्मीद है, जो पूर्व सैनिकों को फील्ड जॉब, प्रशासनिक कार्य, डेस्क जॉब, संस्थागत सुरक्षा और संबंधित कार्यों जैसी विभिन्न नौकरियों की पेशकश करेंगे। पुनर्वास महानिदेशालय की ओर से बताया गया है कि रोजगार मेला स्थल पर सुबह 07 से 10 बजे तक पंजीकरण होगा। इसके लिए पूर्व सैनिकों को अपना पहचान पत्र और नवीनतम बायो-डेटा की पांच प्रतियां फोटो के साथ लानी होंगी। मेले में बाधा रहित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से विभिन्न नौकरियों के अवसर मिल सकेंगे। इस संबंध में पूछताछ और सहायता के लिए वारंट अधिकारी एसके सिंह से मोबाइल नंबर 9311720898 पर और जूनियर वारंट अधिकारी यूसी मोहंता से मोबाइल नंबर 7030595754 पर संपर्क किया जा सकता है।

## अरुंधति रॉय पर मुकदमा चलाने की मंजूरी के खिलाफ प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लेखिका अरुंधति रॉय और कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने के आदेश के खिलाफ वामपंथी समूहों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने पिछले सप्ताह की शुरूआत में 2010 में एक कार्यक्रम में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने के लिए रॉय और हुसैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी थी। दोनों के खिलाफ यूएपीए आरोप हटाने की मांग करते हुए बैनर और पोस्टर लेकर बड़ी संख्या में छात्र और सीपीआई-एमएल के सदस्य अपना विरोध दर्ज कराने के लिए जंतर-मंतर पर एकत्र हुए। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइशा) ने भी विरोध प्रदर्शन में भाग लिया, जिसने प्रतिवाद दिवस या विरोध दिवस मनाया।

## बिजली खपत ने तोड़े पिछले सभी रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में इस साल भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान ने साल 2024 में सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस साल दिल्ली का अधिकतम तापमान 52.3 डिग्री रहा। इसके अलावा इस साल दिल्ली में रात का अधिकतम तापमान का भी रिकॉर्ड टूट गया है। बीते मंगलवार की रात का तापमान 12 वर्षों के बाद 35.2 था, जो कि अभी तक का सबसे अधिक तापमान है। अब दिल्ली से एक और बड़ी खबर आ रही है, दिल्ली में बिजली की मांग ने भी अभी तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक 19 जून को दिल्ली में बिजली की मांग 8,656 मेगावाट पहुंच गया है, जो कि अभी तक का सर्वाधिक है। आज से पहले दिल्ली में इतनी अधिक बिजली की मांग नहीं हुई थी। हर तरफ भयंकर गर्मी के संकट से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त है। आज से पहले कल ही सर्वाधिक बिजली की मांग का रिकॉर्ड टूटा था। मंगलवार को दिल्ली में बिजली की मांग 8,647 मेगावाट तक था, जो फिर 19 जून को 8, 656 मेगावाट तक पहुंच गया।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

**नीलामी कैटलॉग सं.: UMB-01-Mix-2024 रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस**
**प्रारंभ होने की तिथि व समय: 02.07.2024 को 10:00 बजे**

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समापन होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-SHZ-GMU-23-23-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए Circulating एरिया मे समरहिल रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 10:30 बजे |
| 2 | Catg-UMB-JUDW-GMU-58-24-1 (खान पान जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल महिला के लिए स्टॉल नं. 2 प्लेटफार्म न. 2 जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर ) | 02.07.2024 को 10:40 बजे |
| 3 | Catg-UMB-JPS-GMU-34-23-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए प्लेटफार्म न: 1 जमालपुर शेखो रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 10:50 बजे |
| 4 | Catg-UMB-NBA-GMU-63-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल महिला के लिए स्टाल सं. 2, प्लेटफार्म न. 1 नाभा रेलवे स्टेशन पर) | 02.07.2024 को 11:00 बजे |
| 5 | Catg-UMB-NBA-GMU-64-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU जनरल के लिए स्टाल सं 2. प्लेटफार्म न. 1 नाभा रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 11:10 बजे |
| 6 | Catg-UMB-KRLI-SMU-38-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जाति (महिला) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 कुराली रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 11:20 बजे |
| 7 | Catg-UMB-DKT-SMU-14-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए प्लेटफार्म न. 1 धूलकोट रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 11:30 बजे |
| 8 | Catg-UMB-SFMU-SMU-32-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 सुनाम बहादुर सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 11:40 बजे |
| 9 | Catg-UMB-MOT-SMU-13-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट) (SMU) अल्पसंख्यक श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 2 मलोट रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 11:50 बजे |
| 10 | Catg-UMB-GDB-SMU-11-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अल्पसंख्यक (महिला) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 2 गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 12:00 बजे |
| 11 | Catg-UMB-BCU-SMU-10-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति के लिए प्लेटफार्म न. 1 भुचो रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 12:10 बजे |
| 12 | Catg-UMB-PUL-SMU-9-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए प्लेटफार्म न. 1 रामपुरा फुल रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 12:20 बजे |
| 13 | Catg-UMB-SOL-SMU-56-24-1 खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए स्टाल न.1 प्लेटफार्म न.1 सोलन रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 12:30 बजे |
| 14 | Catg-UMB-PTA-SMU-59-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जाति श्रेणी के लिए स्टाल न. 12 प्लेटफार्म न. 1 पटियाला रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 12:40 बजे |
| 15 | Catg-UMB-SRE-SMU-55-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्टाल न. 2 प्लेटफार्म न. 1 सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 12:50 बजे |
| 16 | Catg-UMB-UMB-SMU-54-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जाति (महिला) के लिए स्टाल न. 14 प्लेटफार्म न. 6/7 अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 13:00 बजे |
| 17 | Catg-UMB-SOL-SMU-20-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के लिए Circuldksing एरिया मालन रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 13:10 बजे |
| 18 | Catg-UMB-BOF-SMU-61-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अल्पसंख्यक श्रे.ी के लिए स्टाल सं. 2. प्लेटफार्म न. 2 बरोग रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 13:20 बजे |
| 19 | Catg-UMB-DUI&SMU-62-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जाति (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए सर्कुलेटिंग एरिया धूरी रेलवे स्टेशन पर) | 02.07.2024 को 13:30 बजे |

**नीलामी क. सं. UMB-WVM-04-2024; रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समय: 03.07.2024 को 10:00 बजे**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-RPJ-WVM-15-23-1 (Missc-Static Services- 01 Water Vending Machine राजपुरा रेलवे स्टेशन पर) | 03.07.2024 को 10:30 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें।
File No.NR-UMB0COML(CG)/91/2024-0/o DCM2/UMB/NR
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1859/24



## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अज्ञात लावारिस व्यक्ति का शव निवासी: हनुमान रोड, जिसकी **आयु:** लगभग 24 वर्ष, **रंग:** गेहुआ, **कद:** 5'1", **चेहरा:** अण्डाकार, **शरीर:** पतला, जिसने हरे रंग की लोअर और लाल रंग की चप्पल पहनी थी, जो शिवाजी स्टेडियम के पीछे, एयर इण्डिया पार्क के पास, हनुमान लेन, कनॉट प्लेस, दिल्ली में मृत मिला। इस संदर्भ में **डीडी नं. 36ए, दिनांक 15.06.2024 को थाना कनॉट प्लेस, दिल्ली** में दर्ज है।
जिसके मृत शरीर को लेडी हार्डिंग अस्पताल के शवगृह में पहचान के लिए रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना कनॉट प्लेस, दिल्ली**
**DP/7800/NDD/2024 फोन: 011-23413999, 8750870525**



## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नाम :** नामालूम, **पिता :** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र :** लगभग 35 साल, **कद :** 170 सेंटीमिटर, **रंग :** गेहुँआ, **पहनावा :** लाल चैकदार शर्ट और काले रंग का लोअर जो जीटीबी अस्पताल शाहदरा दिल्ली में मिला। इस संदर्भ में **डी. डी. नं. 106–ए, दिनांक 05.06.2024** को थाना जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली में दर्ज है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना : जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली**
DP/7698/SHD/2024 **फोन: 7065036031,9873322997**



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राजीव कुमार** पुत्र: भागे लाल, पता: मकान नं. सी–161, टीसी कैम्प, 12½ गज, रघुबीर नगर, दिल्ली ने **FIR No. 170/18, U/s 379/411/34 IPC**, थाना: तिलक नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 170/18, U/s 379/411/34 IPC**, थाना: तिलक नगर, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त **राजीव कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री देवांशु सजलान**
**महानगर दंडाधिकारी**
**कमरा नं. 289, दूसरी मंजिल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7633/WD/2024**
**(Court Matter)**



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा सूचना

उप मुख्य अभि/नि.–।।/उत्तर रेलवे, चंडीगढ़ भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पठानकोट-जोगिंदर नगर (200 किमी) NG से BG गेज परिवर्तन के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे (FLS) किया जाना है जिसमें लेवेलिंग, एलाइनमेंट, मिट्टी की जांच, प्लान बनाना, एल–सेक्शन, पुलों आदि की जीएडी, मात्रा के बिल तथा डीपीआर की तैयारी से संबंधित अन्य सहायक गतिविधियां शामिल हैं। |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 महीने |
| 3 | लगभग काम की लागत | रु. 5,58,24,609/– |
| 4 | बयाना राशि बोली सुरक्षा राशि/ (ऑलाइन जमा की जानी है।) | 4,29,100/– |
| 5 | बोली जमा करने और खोलने की तिथि और समय | सम्पूर्ण बोली दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट https://ireps.gov.in पर IST 21.06.2024 (11:30 बजे) से 12.07.2024 तक देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। बोलीदाता को अपनी वित्तीय बोली और तकनीकी बोली https://ireps.gov.in पर 27.06.2024 से 12.07.2024 (11:30 बजे) तक जमा करनी होगी। ऑनलाइन प्राप्त हुई बोलिया दिनांक 12.07.2024 11:30 बजे उप मुख्य अभि/नि–।।/चंडीगढ़ कार्यालय में खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | ई-निविदा का विस्तृत विवरण उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 27.06.2024 से 12.07.2024 (IST 11:30 बजे) तक अपलोड किया जा सकता है। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

निविदा सूचना संख्या 6/W/C-II/CDG/Pathankot-Joginder Nagar/Gauge Conversion/2024 दिनांक 19.06.2024 1849/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### ई-निविदा सूचना

**निविदा सूचना संख्या:** वरि.मं.सा.प्र./द.पू.म.रे./रायपुर निविदा सं. **96245191**
**कार्य का नाम:** आरडीएसओ विशिष्टता संख्या आरडीएस/एसपीएन/टीसी/107/2018 Ver. 2.0 या नवीनतम संस्करण के अनुसार: 5-वॉट वीएचएफ एनालॉग वॉकी-टॉकी सेट की आपूर्ति। यह सेट बिना कीपैड और बिना डिस्प्ले के होना चाहिए (आरडीएसओ विनिर्देश के क्रम संख्या 2.3(ए) के अनुसार) व निम्नलिखित विशिष्टताओं का भी पालन करना चाहिए:
**आवृत्ति:** पूर्ण बैंड आवृत्ति, यानी, 146 मेगाहर्ट्ज से 174 मेगाहर्ट्ज। **बैटरी का प्रकार:** लिथियम-आयन, न्यूनतम क्षमता 2300 mAh. **घटक:** प्रत्येक सेट में एक संगत बैटरी (2300 mAh की न्यूनतम क्षमता के साथ लिथियम-आयन), बैटरी चार्जर, एंटीना, एक उपयुक्त बेल्ट क्लिप और एक अतिरिक्त बैटरी के साथ एक वीएचएफ सेट में शामिल होना चाहिए। (लिथियम-आयन न्यूनतम क्षमता 2300 mAh के साथ) वीएचएफ सेट के साथ संगत। **वॉरंटी:** ओईएम की वॉरंटी अवधि रेडियो सेट की आपूर्ति की तारीख से 5 वर्ष और बैटरी और बैटरी चार्जर के लिए न्यूनतम 1 वर्ष होनी चाहिए। **मेक / मॉडल:-** मोटोरोला, केनवुड। **निरीक्षण खंड:** मांगपत्र में उल्लिखित शर्त के अनुसार।
**निविदा समाप्ति तिथि:** दिनांक **15.07.2024** के **10:30** बजे।
1. अधिक जानकारी एवं दस्तावेज़ डाउनलोड करने के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** पर जाएं। 2. निविदा अनुबंध से संबंधित अन्य पूछताछ के लिए वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक कार्यालय, डीआरएम रेलवे कॉम्प्लेक्स, नीयर आरवीएच कॉलोनी, डब्ल्यूआरएस, रायपुर, पिन-490008, से कार्यालयीन समय सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9:30 से शाम 6:00 बजे। फोन नंबर 0771-2252258, 9752877770

**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक,**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,**
**रायपुर**
PR/R/Sr.DMM/FL/55
South East Central Railway @secrail



## भारतीय रेल

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2018/ट्रैक–।(पी)/आरएसपी–ईयूआर/वॉल्. । दिनांक : 19.06.2024

**शुद्धिपत्र सं. 5**

**विषय : लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई–निविदा सं. टीकेपी–1–2024.**
इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे शुद्धिपत्र के ब्यौरों के लिए **http://ireps.gov.in** वेबसाइट देखें।

(आलोक कुमार)
कार्यपालक निदेशक/रेलपथ (पीएंडपी)
कमरा नं. 256–डी, रेल भवन,
नई दिल्ली – 110001
फोन : 011–23304852
ई मेल: alokkumar.g@gov.in

1846/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **घनश्याम दास** पुत्र: जयपाल सिंह, पता: गाँव महेंद वारा, तहसील–सोहना, जिला गुडगाँव, हरियाणा ने **FIR No. 103/2013, U/s 302 IPC**, थाना: कापसहेड़ा, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **घनश्याम दास** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **घनश्याम दास** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 103/2013, U/s 302 IPC**, थाना: कापसहेड़ा, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **घनश्याम दास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री शरद गुप्ता**
**एएसजे फास्ट ट्रेक कोर्ट**
**कमरा नं. 601,**
**द्वारका कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7712/SW/2024**
**(Court Matter)**



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली – 110 001
**Mail ID : salenr365@gmail.com**

**संख्या : 117–एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2024–25** **दिनांक : 18.06.2024**

**नीलामी सूचना सं०– जुलाई/24**

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेल पथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे.

**जुलाई' 2024 की ई–नीलामी**

| सं० | नीलामी करने वाला डिपो | समय | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | चतुर्थ चरण | पंचम चरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522-2451257 | 10:00 | 5 | 8 | 15 | 22 | 31 |
| 2 | शकुरबस्ती 011-27015387 | 10:00 | 3 | 10 | 18 | 24 | 31 |
| 3 | जगाधरी 01732-252388 | 10:00 | 2 | 9 | 16 | 23 | 31 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522-2234756 | 10:00 | 2 | 9 | 16 | 23 | 31 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर 01632-244154 | 10:00 | 4 | 11 | 19 | 25 | 31 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला 0171-2611203 | 10:00 | 3 | 10 | 18 | 24 | 31 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591-2413141 | 10:00 | 4 | 11 | 19 | 25 | 31 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली 011-23365311 | 10:00 | 5 | 8 | 15 | 22 | 31 |

**नोट:** नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण **www.ireps.gov.in** पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे
1. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं।
2. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण **www.nr.railnet.gov.in** पर उपलब्ध है।
3. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को **ireps** पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** देखें।

(अनिल कुमार राय)
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी
1857/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड

## Change of Name

1. ARUN KUMAR YADAV S/O SADHU SHARAN YADAV R/o 1115 BLOCK-J, JAHANGIR PURI, BHALSWA JAHANGIR PURI, PO: N.S. MANDI, DIST: NORTH WEST DELHI, DELHI-110033 having E-AADHAAR NUMBER IS 6865-5819-4417. That my name is wrongly printed ARUN KUMAR in my Govt Financial proof while I open the account. My correct name is ARUN KUMAR YADAV as per my Aadhaar card. That ARUN KUMAR YADAV is my correct name consider for all future correspondent. That ARUN KUMAR AND ARUN KUMAR YADAV both are the same person.

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जो कि बिरमती पत्नी सतबीर निवासी गांव खेड़ी गुज्जर, तहसील गन्नौर व जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा सगा पुत्र वजीर कुमार व उसकी पत्नी पूनम मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करती हूं। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक, नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति के हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# केजरीवाल को राहत, कोर्ट से मिली जमानत

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत मिल गई। कोर्ट ने एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत मंजूर की है



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट से मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत मिल गई। कोर्ट ने एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत मंजूर की है। इससे पहले बुधवार को सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति में अरविंद केजरीवाल की ओर से 100 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगे जाने का दावा किया था। सुनवाई के दौरान केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पेश हुए थे।

**इस आधार पर जमानत का ईडी ने किया था विरोध :** केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करते हुए जांच एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि रिश्वत के आरोप केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की तरफ से लगाए गए थे। ईडी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल ने आप पार्टी के लिए

**राहत**

**शराब नीति में अरविंद केजरीवाल की ओर से 100 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगे जाने का दावा किया था**

साउथ ग्रुप से रिश्वत की मांग की। अगर आम आदमी पार्टी (आप) को मामले में आरोपी बनाया गया है तो पार्टी के प्रभारी व्यक्ति को दोषी ठहराया जाएगा। ईडी ने अदालत को बताया कि जब इस मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आरोपी बनाया गया था, तो उस वक्त आम आदमी पार्टी को आरोपी के रूप में नामित नहीं किया गया था आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### 'ईडी के दलील का केजरीवाल ने किया खंडन'



**ईडी** की दलीलों का खंडन करते हुए केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा कि आज की तारीख में केजरीवाल सीबीआई मामले में आरोपित नहीं हैं और इसके विपरीत, रिकार्ड में यह बात है कि सीबीआई ने उन्हें गवाह के तौर पर बुलाया गया था। सीबीआई को निर्देशित करना ईडी का काम नहीं है। सीबीआई के एक स्वतंत्र एजेंसी है जो खुद इस पर फैसला लेगी। चौधरी ने कहा कि उनके मुवक्किल को पहले क्यों नहीं गिरफ्तार किया गया। 21 मार्च को ही क्यों गिरफ्तारी हुई, आखिर ईडी केजरीवाल से क्या चाहते थी? चौधरी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि क्या ईडी एक स्वतंत्र एजेंसी है या यह कुछ राजनीतिक आकाओं के हाथों में खेल रही है?

**'विनोद चौहान के फोन से मिला टोकन नंबर':** सह-आरोपी चनप्रीत सिंह ने कहीं भी यह नहीं कहा है कि उसने आम आदमी पार्टी के गोवा चुनावों के लिए पैसे दिए हैं या उसने अपराध से पैसे एकत्र किए हैं। ये कहा गया कि विनोद चौहान के फोन से एक टोकन नंबर बरामद किया गया है जो सीधे केजरीवाल के संपर्क में थे। एक मौजूदा मुख्यमंत्री के खिलाफ आपके पास क्या सुबूत हैं। ये दो चैट क्या हैं जो ईडी ने निकाली हैं, आखिर ये चैट पैसे के हस्तांतरण को दूर से भी कैसे दिखा सकती हैं।

**'चैट का संबंध आबकारी नीति से कोई संबंध नहीं':** यह ईडी का अनुमान है कि चैट का आबकारी नीति, रिश्वत या किसी भी गोवा चुनाव से कोई संबंध नहीं है। सिर्फ इसलिए कि विनोद चौहान के फोन में अधिकारियों की पोस्टिंग के आर्डर है और ये मान लिया गया कि केजरीवाल ने पोस्टिंग की है। अगर इस पर विश्वास किया जाता है तो कोई भी सुरक्षित नहीं है। चौधरी ने दलील दी कि सिर्फ इसलिए कि विजय नायर मंत्री कैलाश गहलोत के घर में एक कमरे में रह रहे थे, यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि केजरीवाल और उनके बीच कोई निकटता या संबंध था। ईडी को ये सब कहां से मिला।

**'नायर को रिश्वत लेने के निर्देश देने के कोई सबूत नहीं'** :चौधरी ने दलील दी कि विजय नायर ने खुद वर्ष 2022 में अपने बयान में कहा था कि वो आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे। लेकिन ईडी लगातार कह रही है कि वो केजरीवाल के आदेश के तहत थे। इस बात का कोई सुबूत नहीं है कि केजरीवाल ने नायर को कभी रिश्वत लेने या कोई बैठक करने का निर्देश दिया हो। ईडी ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी घोटाले के सरगना हैं और 100 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध आय के उपयोग में सीधे तौर पर शामिल हैं। ईडी का कहना है कि आबकारी नीति को कुछ निजी कंपनियों को 12 प्रतिशत का थोक व्यापार लाभ देने की साजिश के तहत लागू किया गया था। ईडी ने यह भी दावा किया है कि थोक विक्रेताओं को असाधारण लाभ मार्जिन देने के लिए विजय नायर और अन्य व्यक्तियों ने दक्षिण समूह के साथ मिलकर साजिश रची थी।

# एलजी ने जलस्तर में गिरावट पर जताई चिंता, लोगों से की पौधे लगाने की अपील

**आह्वान**

**एलजी ने इस स्थिति को सभी के लिए "चिंताजनक" बताया और कहा कि हम 'धरती माता' के साथ न्याय नहीं कर रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने देश में भूमिगत जलस्तर में गिरावट आने को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने इसे लेकर लोगों से पौधे लगाने की अपील की है। एलजी ने इस स्थिति को सभी के लिए "चिंताजनक" बताया और कहा कि इससे पता चलता है कि हम 'धरती माता' के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में भाग लेने और एक पौधा लगाने का आग्रह किया। एलजी सक्सेना और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पौधे लगाने के कार्यक्रम में भाग लिया।

**दिल्ली में 52 डिग्री तक पहुंच गया तापमान:** इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलजी सक्सेना ने कहा, "पिछले एक महीने से दिल्ली और पूरा देश भीषण गर्मी झेल रहा है। दिल्ली में तापमान 52 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। दिन-प्रतिदिन भूजल स्तर घटता जा रहा है। यह हम सभी के लिए चिंताजनक है। इससे पता चलता है कि हम धरती माता के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। इसलिए मैं सभी से अपील करता हूं कि वे इस अभियान (एक पेड़ मां के नाम) का हिस्सा बनें और एक पौधा लगाएं" उन्होंने आगे कहा कि पौधों को काले प्लास्टिक में रखने से पर्यावरण को प्रभावित होता है। इसलिए अब पौधों को गाय के गोबर के छोटे गमलों में रखा जाएगा। दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा, "हम पौधे लगाते हैं, लेकिन वे काले प्लास्टिक कवर में आते हैं। रोपण के बाद, उन्हें (काले प्लास्टिक को) जंगलों में फेंक दिया जाता है और फिर वे नदियों और नालों में चले जाते हैं। हमने इस दिशा में एक पहल की है। अब प्लास्टिक के बजाय, गाय के गोबर के छोटे-छोटे गमले बनाए जाएंगे और उनमें पौधे रखे जाएंगे। फिर उन पौधों को लगाया जाएगा।"



### पानी को किल्लत झेल रहे मंडावलीवासी

**मंडावली** में पानी का संकट गहराता जा रहा है। टैंकर आने पर भगदड़ मच जा रही है। पानी को लेकर लोगों में विवाद भी हो रहे हैं। स्थानीय पार्षद शशि चांदना का कहना है कि क्षेत्र में जल संकट का समाधान नहीं निकाला गया तो स्थिति और खराब हो जाएगी। बृहस्पतिवार सुबह मंडावली में टैंकर आते ही लोग बाल्टियां लेकर उस पर टूट पड़े। टैंकर भी छोटा आया था, इस कारण लोगों में पानी लेने को हड़बड़ी दिखी। पानी लेने आए सुभाष ने बताया कि पानी के बिना जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसके बिना न नहा पा रहे हैं और न ही खाना बन पा रहा है। किराये पर रहने के कारण बाल्टियों में पानी भरकर रखते हैं, लेकिन वो भी सीमित है। मृणालिनी ने बताया कि सुबह टैंकर से पानी भरने के इंतजार में सभी काम प्रभावित हो रहे हैं। बच्चों को छुट्टियां चल रही हैं, इसलिए थोड़ी राहत है। स्कूल खुले होते तो बच्चों को भूखा ही भेजना पड़ता।

# दिल्ली में तांडव मचा रही जानलेवा गर्मी

## सफदरजंग में 24 घंटे में हीट स्ट्रोक से 11 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी समेत देश के कई राज्यों में इन दिनों भीषण गर्मी तांडव मचा रही है। दिल्ली में गर्मी जानलेवा होती जा रही है। लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हो रहे हैं। सफदरजंग अस्पताल में बीते 24 घंटे में भीषण लू के कारण 33 मरीजों को भर्ती किया गया। वहीं, अस्पतालों में पहले से भर्ती और नए मरीजों में से करीब 13 मरीज ने भीषण लू के कारण दम तोड़ दिया। उधर, सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट की एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि 11 से 19 जून के दौरान दिल्ली में 192 बेघर लोगों की गर्मी के कारण मौत की हुई है।

**एक दिन में 142 शवों का दाह संस्कार:** दिल्ली में लोगों के मरने वालों मौतों का आंकड़ा डराने वाला है। दिल्ली निगमबोध घाट पर शवों की कतारें लगी हुई हैं। कोरोना महामारी के दौर के बाद इन दिनों दिल्ली में बुरा हाल है। निगम बोध घाट में कोरोना के बाद सबसे ज्यादा दाह संस्कार हुए। कल रात 12 बजे तक 142 शवों का दाह संस्कार किया गया। दिल्ली के निगम बोध घाट पर इस साल जून महीने में अभी तक 1101 शवों का अंतिम संस्कार किया गया है।

**हीट स्ट्रोक**

**11 से 19 जून के दौरान दिल्ली में 192 बेघर लोगों की गर्मी के कारण मौत की हुई है**

**दिल्ली में गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ा:** दिल्ली में न्यूनतम तापमान ने 55 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मौसम विभाग के सफदरजंग केंद्र के अनुसार 18 जून की रात न्यूनतम पारा सामान्य से 8 डिग्री अधिक 35.2 डिग्री दर्ज किया गया जो 1969 के बाद सर्वाधिक है। 23 मई, 1972 को न्यूनतम पारा 34.9 डिग्री रहा था। दिल्ली-एनसीआर में बीती रात करीब 10 बजे से मौसम अचानक बदल गया और धूल भरी आंधी के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग से मिली सूचना के अनुसार इस दौरान 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली जिससे तापमान में कुछ कमी आई है। पहाड़ से लेकर मैदान तक मौसम का मिजाज बदला है। अधिकतम तापमान 42 और न्यूनतम तापमान 33 डिग्री रहने का अनुमान है।

# डीजीसीए ने समुद्री विमान परिचालन के लिए नियमों को बनाया आसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** निमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सरकार की प्रमुख क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना उड़ान के तहत समुद्री विमान परिचालन से जुड़े नियमों को आसान बना दिया है। डीजीसीए ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि संशोधित मानदंड बुनियादी ढांचा प्रक्रियाओं, पायलट प्रशिक्षण की जरूरतों और विनियामक अनुपालन को सुव्यवस्थित करेंगे। इससे दूरदराज के क्षेत्रों तक समुद्री विमान सेवाओं के पहुंचने का रास्ता साफ होगा। संशोधित विनियमों में समुद्री विमान परिचालन के लिए आसान प्रशिक्षण आवश्यकताएं और सरलीकृत अनुमोदन प्रक्रियाएं शामिल की जाएंगी।

# दिल्ली के मुख्य सचिव भाजपा के एजेंट: सौरभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें उन्होंने दिल्ली के मुख्य सचिव को भाजपा का एजेंट बता दिया। साथ ही उन्होंने रामवीर सिंह बिधूड़ी और दिल्ली के मुख्य सचिव के द्वारा भ्रष्ट आचरण का मुद्दा उठाया। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि लोकसभा चुनावों में दिल्ली के मुख्य सचिव भारतीय जनता पार्टी के एजेंट की तरह काम कर रहे थे। वह मतदाताओं को प्रभावित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैने पहले भी कहा था कि दिल्ली का जलसंकट भाजपा द्वारा प्रायोजित संकट है। बार-बार अनुरोध करने के बाद भी भाजपा की हरियाणा सरकार दिल्ली के हक का पानी नहीं दे रही है, पीने का पानी तक नहीं दे रही है। आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को



प्रधान सेवक कहते हैं, ये तो बताइए दिल्ली के लोगों का गुनाह क्या है? हम आपसे अतिरिक्त पानी नहीं मांग रहे हैं, जो हमारे हक का 100 एमजीडी पानी है। वही पानी रोका जा रहा है, वो पानी हमें दें। आगे कहा कि पिछले दो से तीन महीने जब देश में आचार सहिंता लगी हुई थी। उस दौरान हमने जब भी मुख्य सचिव को बैठक के लिए कहा तो उन्होंने आचार सहिंता का हवाला दिया। मैंने मुख्य सचिव को मोहल्ला क्लीनिक के डॉक्टरों की सैलरी न मिलने के संबंध में मीटिंग के लिए कहा लेकिन वो आचार सहिंता की बात कहकर मीटिंग में नहीं आये। वहीं इस दौरान वह दक्षिणी दिल्ली से भाजपा के उम्मीदवार और कई अन्य भाजपा नेताओं के साथ बैठकें करते रहे। दिल्ली में साफ-सफाई को लेकर भी जब मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सवाल पूछे गये तो उनका एक ही जवाब था कि आचार सहिंता लगी हुई है। मुख्य सचिव डॉक्टरों की सैलरी, अस्पतालों में दवाई की कमी को लेकर बैठक नहीं कर सकते। क्योंकि आचार सहिंता लगी हुई है। लेकिन वो भाजपा के उम्मीदवार के साथ बैठकें कर रहे हैं। मैंने इस बारे में मुख्य सचिव और केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखा। लेकिन अभी तक उनका कोई जवाब नहीं आया है। चुनाव के दौरान दक्षिणी दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर बिधुड़ी दिल्ली के मुख्य सचिव से मिलते हैं। यह सरासर गैरकानूनी है।

**आरोप**

**लोकसभा चुनावों में दिल्ली के मुख्य सचिव भारतीय जनता पार्टी के एजेंट की तरह काम कर रहे थे**

भारतीय संविधान के मुताबिक, अगर कोई सरकारी अधिकारी किसी भी उम्मीदवार की मदद करता है या फिर मदद का दिखावा भी करता है तो यह भ्रष्ट आचरण में आएगा। इसके साथ ही नियम यह भी कहता है कि अगर ऐसा होता है तो चुनाव रद्द कर दिया जाएगा।

# हरियाणा से पानी दिलाने के लिए इंडिया के दल करें सहयोग: संजय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बृहस्पतिवार को हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी पाने की पार्टी की लड़ाई में आइएनडीआईए से समर्थन मांगा है। पार्टी ऑफिस में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने भाजपा पर राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट प्रायोजित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "वे विरोध प्रदर्शन करते हैं और नाटक करते हैं। अगर वे वास्तव में चाहते हैं कि दिल्ली को पानी मिले, तो उन्हें हरियाणा भवन के बाहर विरोध करना चाहिए।"

**आतिशी 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगी:** संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी भाजपा शासित हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी पाने के लिए 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगी।



**मांग**

**अगर वे वास्तव में चाहते हैं कि दिल्ली को पानी मिले, तो उन्हें हरियाणा भवन के बाहर विरोध करना चाहिए**

# शिक्षा मंत्री के घर के बाहर एनएसयूआई का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के खिलाफ छात्र संघ एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर प्रदर्शन किया है। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने नीट-यूजी परीक्षा में हुई अनियमितताओं की जांच की भी मांग की। पुलिस ने एनएसयूआई नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के सदस्य अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में प्रधान के आवास के बाहर अन्य छात्रों ने प्रदर्शन किया। नीट और नेट परीक्षा में कथित घोटाले के खिलाफ अपने विरोध को दशार्ने के लिए पांच सौ रुपये के नकली नोट हवा में




उछाले। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) पर प्रतिबंध लगाने और पेपर लीक की कथित घटनाओं की जांच की मांग की।

**परीक्षा के एक दिन बाद ही कैंसिल हुआ यूजीसी-नेट का एग्जाम:** शिक्षा मंत्रालय ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कराए गई यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने का एलान कर दिया। परीक्षा आयोजित होने के एक दिन बाद ही सरकार ने परीक्षा रद्द करने का एलान कर सभी को चौंका दिया। एनटीए द्वारा कराई जाने वाली नीट की मेडिकल एंट्रेस परीक्षा भी सवालों के घेरे में है और फिलहाल सुप्रीम कोर्ट इसकी समीक्षा कर रहा है। अब यूजीसी-नेट की परीक्षा रद्द होने से गंभीर सवाल खड़े हो गए। गौरतलब है कि एनटीए ने इस बार ऑफलाइन तरीके से ओएमआर शीट पर परीक्षा कराई। देशभर में 317 केंद्रों पर 11.21 लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी। हालांकि परीक्षा रद्द होने के बाद अब पूरी कवायद फिर से होगी।

**विरोध**

**मेडिकल एंट्रेस परीक्षा भी सवालों के घेरे में है और फिलहाल सुप्रीम कोर्ट इसकी समीक्षा कर रहा है**

# ईवी नीति की समयसीमा हो चुकी है खत्म, विस्तार नहीं मिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति जो पिछले साल 31 दिसंबर को समाप्त हो गई थी, उसे अभी तक बढ़ाया नहीं गया है। जिससे ग्राहक असमंजस में हैं क्योंकि वे नई इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदने पर सरकारी सब्सिडी हासिल करने में असमर्थ हैं। अधिकारियों ने बताया कि नीति को इस साल जून तक बढ़ाया जाना था। एक अधिकारी के अनुसार, दिल्ली कैबिनेट द्वारा मार्च में नीति विस्तार को मंजूरी दे दी गई थी। लेकिन लोकसभा चुनावों की घोषणा के साथ 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद इसे लागू नहीं किया जा सका। शुरूआती ईवी नीति को 7 अगस्त 2020 को तीन साल की अवधि के लिए अधिसूचित किया गया था। और बाद में इसे 31 दिसंबर, 2023 तक बढ़ा दिया गया था। एक अन्य अधिकारी ने कहा, "इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2.0 को अभी भी तैयार किया जा रहा है और कुछ बिंदुओं को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। मौजूदा नीति को बढ़ाया जाएगा और फाइल को एक सप्ताह के भीतर मंजूरी दे दी जानी चाहिए।" परिवहन विभाग और दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन सेल ने भी पिछले साल संशोधित 'दिल्ली ईवी नीति 2.0' के मसौदे की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में एक हितधारक परामर्श आयोजित किया था।



# दिल्ली में प्रचंड गर्मी और मौतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** इन दिनों राजधानी दिल्ली भयानक गर्मी से भभक रही है। लू के गर्म थपेड़ों की मार झेल रही दिल्ली में लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। इस बीच लोगों के मरने वालों मौतों का आंकड़ा डराने वाला है। दिल्ली निगमबोध घाट पर शवों की कतारें लगी हुई हैं। कोरोना महामारी के दौर के बाद इन दिनों दिल्ली में बुरा हाल है। निगम बोध घाट में कोरोना के बाद सबसे ज्यादा दाह संस्कार हुए। कल रात 12 बजे तक 142 शवों का दाह संस्कार किया गया। दिल्ली के निगम बोध घाट पर इस साल जून महीने में अभी तक 1101 शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। 2022 जून में हुए 1570 शवों के दाह संस्कार हुए थे, इस बार आंकड़ा इससे पार जाने की आशंका जताई जा रही है।



जून 2021 में 1210, जून 2022 में 1570 और जून 2023 में 1319 शवों का अंतिम संस्कार किया गया था। दिल्ली में न्यूनतम तापमान ने 55 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मौसम विभाग के सफदरजंग केंद्र के अनुसार 18 जून की रात न्यूनतम पारा सामान्य से 8 डिग्री अधिक 35.2 डिग्री दर्ज किया गया जो 1969 के बाद सर्वाधिक है। 23 मई, 1972 को न्यूनतम पारा 34.9 डिग्री रहा था।

**बुधवार रात से बदला मौसम का मिजाज:** दिल्ली-एनसीआर में बीती रात करीब 10 बजे से मौसम अचानक बदल गया और धूल भरी आंधी के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई है।

# आप सांसद खिलाफ जारी हुआ वारंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के खिलाफ उत्तरप्रदेश के सुल्तान पुर जनपद की एमपी एमएलए कोर्ट ने जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट की ओर से जारी जमानती वारंट में संजय सिंह को 29 जून को कोर्ट मे हाजिर होने को कहा गया है। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने की ये आदेश जारी किए हैं। बताया जा रहा है कि मामला बंधुआ कलां थाने से जुड़ा है। आप के वरिष्ठ ने संजय सिंह ने जिला पंचायत चुनाव में बिना इजाजत के पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की थी। जिसके बाद 13 अप्रैल 2021 को थानाध्यक्ष प्रवीन कुमार सिंह ने सांसद के खिलाफ एफआईआर लिखवाई थी।

# ड्राइवर ले भागा 3 करोड़ के आईफोन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में आई फोन के एक कन्साइनमेंट चोरी मामले में दिल्ली पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से सभी आई फोन भी बरामद कर लिए गए हैं। इन फोनों की कीमत 3 करोड़ से अधिक बताई जा रही है।

डीसीपी रोहित मीणा ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 17 जून को वसंतकुंज नॉर्थ थाने की पुलिस को रामेश्वर सिंह ने एक शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि ब्रांड न्यू एप्पल आईफोन की कंसाइनमेंट जिसमें 318 आईफोन थे, महिपालपुर स्थित उनके वेयरहाउस से उत्तर भारत के विभिन्न डिस्ट्रीब्यूटर को भेजा गया था, जो चोरी हो गया। मामले की



गंभीरता को देखते हुए मामला दर्ज कर एक स्पेशल टीम को इस चोरी के खुलासे के लिए लगाया गया। जांच के दौरान पुलिस ने कई सीसीटीवी के फुटेजों को खंगाला। घटना के बाद से ही शिकायतकर्ता का ड्राइवर मनदीप गायब था। उसका फोन भी बन्द था। मनदीप ने ही कंसाइनमेंट को जीपीएस लगी गाड़ी में लोड किया था। इसी शक के आधार पर पुलिस ने गाड़ी को ट्रैक करने पर गाड़ी की लास्ट लोकेशन समालखा गांव में होने की जानकारी मिली। छानबीन करते हुए पुलिस हरियाणा के पंचकूला पहुंची। जहां उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर पुलिस ने उसके सहयोगी सचिन के साथ दबोच लिया और उसके कब्जे से 7 आईफोन बरामद किया। इसके बाद मनदीप की निशानदेही पर पुलिस ने दिल्ली के बनमोली गांव स्थित उसके घर से 311 आईफोन और बरामद किया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। जिसकी कुल कीमत साढ़े 3 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

**बरामद**

**उनके पास से सभी आई फोन भी बरामद कर लिए गए हैं। इन फोनों की कीमत 3 करोड़ से अधिक बताई जा रही है**

# जनआशीर्वाद-कार्यकर्ताओं के दम पर तीसरी बार भी जीतेंगे विधानसभा का चुनाव : नायब

## कैथल त्रिदेव सम्मेलन में बोले नायब सैनी – त्रिदेव ही हमारी पार्टी की सच्ची ताकत है

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कैथल में आयोजित त्रिदेव एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि त्रिदेव ही हमारी पार्टी की सच्ची ताकत है, जिसकी बदौलत भाजपा का पूरे देश पर शासन है। उन्होंने कहा कि हमें हमारे बूथ को और अधिक मजबूत करना होगा, जिससे हमें लगातार सफलता मिल सके। गुरुवार को वृंदावन गार्डन ढांढ रोड कैथल में आयोजित सम्मेलन में श्री सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार कार्यकताओं की मेहनत से ही सत्ता में आई है। सम्मेलन को पूर्व मंत्री कमलेश ढांढा, विधायक लीलाराम गुर्जर ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में पहुंचने पर जिला



अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने मुख्यमंत्री का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। त्रिदेव सम्मेलन से पहले नायब सैनी ने जिला के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक भी ली और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

त्रिदेव सम्मेलन में कार्यकताओं में जोश भरते हुए नायब सैनी ने कहा कि भाजपा की सभी योजनाओं को बूथ स्तर पर कार्यकर्ता ही क्रियान्वित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार ने राज्य को विभिन्न सामाजिक कल्याण की योजनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आज जनता के बीच भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं की बात होती है और कांग्रेस के बारे में सिर्फ घोटालों की चर्चा

**दावा**

**▶▶ कांग्रेस घोटालों और झूठ बोलने वालों की पार्टी है, लोगों का कांग्रेस से विश्वास उठ गया है : सीएम**

जनता करती है। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस की गुमराह करने वाली फितरत को जान चुकी है।

नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस घोटालों और झूठ बोलने वालों की पार्टी है, लोगों का कांग्रेस से विश्वास उठ गया है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बनाया है और भारत जल्द ही विश्व गुरु बनेगा। गरीबों के लिए अनेकों योजनाएं बनाई गई जिससे मोदी आज देश के गरीबों के लिए मसीहा बने हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी डबल ईंजन की सरकार लगातार जनता की सेवा कर रही है। पिछले 10 वर्षों में हर व्यक्ति का विकास करने का काम भाजपा की सरकार ने किया है।

नायब सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में बिना पर्ची और बिना खर्ची के युवाओं को नौकरियां नहीं मिलती थी। भ्रष्टाचार चरम पर था लोग कांग्रेस की सरकार से परेशान हो चुके थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले लगभग 10 वर्षों में हर वर्ग के लिए काम किया है। गरीबों को बीमारी के दौरान होने वाले खर्च की चिंता से मुक्त किया है।

# लेन ड्राइविंग की उल्लंघना करने वालों के निरंतर किए जा रहे चालान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** प्रदेश में सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस द्वारा आमजन में लेन ड्राइविंग नियमों की पालना को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को गाड़ी सही लेन में चलाने संबंधी जानकारी दी जाती है और उल्लंघना करने वालों के नियमित चालान किए जा रहे हैं परिणामस्वरूप प्रदेश में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 177 सडक दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई।

पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जरूरी है कि लोग यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करें। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सडक दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण लेन ड्राइविंग की उल्लंघना भी है। यदि लोग अपना वाहन निर्धारित लेन में चलाएं तो सडक दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। लेन ड्राइविंग को लेकर जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-

**कार्रवाई**

**▶▶ प्रदेश में पिछले वर्ष उल्लंघना करने वाले 2 लाख 29 हजार 383 वाहन चालकों के किए गए चालान**

44(जिला अम्बाला से जिला सोनीपत) पर ट्रायल करने का निर्णय लिया गया जिसके परिणामस्वरूप इस राजमार्ग पर पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 81 दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि गत वर्ष लेन ड्राइविंग उल्लंघना को लेकर प्रदेश में 2 लाख 29 हजार 383 वाहन चालकों के चालान किए गए। इसी प्रकार, इस वर्ष जनवरी-2024 से लेकर मई-2024 तक लेन ड्राइविंग के 1,56,674 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। इसी प्रकार, हरियाणा पुलिस द्वारा लोगों को लेन ड्राइविंग के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से वर्ष-2023 में 2163 जागरूकता अभियान चलाए गए जिसमें 3,38,068 लोगों ने भागीदारी सुनिश्चित की। अभियान के तहत वर्ष-2024 में जनवरी माह से लेकर मई तक 843 जागरूकता अभियान चलाए गए जिसमें 1,27,628 लोगों ने भाग लिया। जागरूकता अभियान के तहत प्रदेश के विद्यालयों, गांवो, ढाबों, ट्रक यूनियनों तथा फैक्ट्री आदि में लोगों को लेन ड्राइविंग नियमों के बारे में जागरूक किया जाता है। इस दौरान उन्हें भारी व हल्के वाहनों के लिए निर्धारित नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाती है। पुलिस महानिरीक्षक, यातायात एवं राजमार्ग हरदीप दून ने बताया कि लेन ड्राइविंग को लेकर किए जा रहे कार्यों को लेकर सभी पुलिस आयुक्तों तथा पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। पुलिस अधीक्षकों तथा उप पुलिस अधीक्षकों को लेन ड्राइविंग की पालना को लेकर चलाए जा रहे अभियान की मॉनिटरिंग करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

# 62.48 करोड़ रुपये की लागत की 4 परियोजनाओं को मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत रोहतक जिले में 62.48 करोड़ रुपये की लागत की चार प्रमुख परियोजनाओं के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत परियोजनाओं के संबंध में सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं में 2.13 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जेएलएन नहर से पम्पिंग के माध्यम से कच्चे पानी की व्यवस्था और नहर से कबूलपुर, जिला रोहतक के जलघरों तक डीआई पाइप बिछाना शामिल है। 6.33 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से गांव मदीना गिंधराण-क्क में स्वतंत्र नहर आधारित जलघर उपलब्ध कराना, 14.24 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से गांव बहु अकबरपुर में मौजूदा जलघरों का जीर्णोद्धार तथा वितरण पाइप लाइन बिछाना, 12 गांवों को पानी की आपूर्ति करने वाले

**संवर्धन कार्यक्रम**

**▶▶ कच्चे पानी की व्यवस्था और नहर से कबूलपुर, जिला रोहतक के जलघरों तक डीआई पाइप बिछाना शामिल है**

13 मौजूदा जलघरों के लिए पम्पिंग प्रणाली के माध्यम से जेएलएन नहर से कच्चे पानी की व्यवस्था स्थापित करना शामिल है। इस परियोजना में 39.78 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कच्चे पानी के पम्पिंग स्टेशन का निर्माण और डीआई पाइप बिछाना भी शामिल है। प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप जलापूर्ति सुविधा उपलब्ध कराने में अग्रणी है। पेयजल आपूर्ति योजनाएँ मुख्य रूप से ट्यूबवेल/सतही स्रोतों और रैनी वेल्स पर आधारित हैं। निजी जल कनेक्शन की सुविधा के लिए गांवों में वितरण प्रणाली भी बिछाई गई है।

# सीएम ने 3 एमडीआर सड़कों के सुधार को दी मंजूरी

**स्वीकृति**

**▶▶ एक-दूसरे से या मुख्य राजमार्गों से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़कों को प्रमुख जिला सड़कों के रूप में जाना जाता है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने 2 जिलों भिवानी और सिरसा में 3 एमडीआर (प्रमुख जिला सड़कों) की विशेष मरम्मत एवं सुधार के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना पर 35 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। किसी जिले में उत्पादन और बाजार



स्थानों को एक-दूसरे से या मुख्य राजमार्गों से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़कों को ह्यप्रमुख जिला सड़कों के रूप में जाना जाता है।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि परियोजना के तहत विशेष मरम्मत में भिवानी जिले में 7.54 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कुल 19.43 किलोमीटर लंबाई वाली सड़क गांव जुई कलां से गांव कैरू तोशाम पर सुदृढ़ीकरण करना, तथा 23.30 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कुल 24 किलोमीटर लम्बाई वाली सड़क गांव आदमपुर से गांव झोझू कलां होते हुए गांव कादमा-सतनाली सड़क का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण करना है। इसी प्रकार , सिरसा जिला में 4.15 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कुल 12.23 किलोमीटर की सड़क बनाई जाएगी।

यह सड़क गांव लुदेसर-भादरा राजस्थान सीमा तक बनेगी। उन्होंने बताया कि यह मुख्यमंत्री की यह पहल प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है और निस्संदेह राज्य भर में सड़क नेटवर्क और कनेक्टिविटी में सुधार करके जनता को पर्याप्त लाभ पहुंचाएगी।

# फर्जी कॉल सेंटर का भंड़ाफोड़, महिला सहित तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल ने गुरुवार को फर्जी कॉलसेंटर का भंडाफोड़ किया। इस अपराध में एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 14 मोबाइल फोन व 11 सिम कार्ड बरामद तथा वारदात में प्रयोग 3 बैंक अकाउंट के डेबिट कार्ड, 1 लैपटॉप व कॉल ड्राइव तथा 15 हजार रुपए बरामद किए गए है। आरोपी साइन डॉट कॉम जॉब पोर्टल से लेते थे डाटा, लोगों को विदेश में स्थित बड़ी-बड़ी कंपनियों में नौकरी लगवाने का वायदा करते थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में समरजीत, जय सिंह तथा हिना का नाम शामिल है। तीनों आरोपी दिल्ली के अलग-अलग एरिया के रहने वाले हैं। साइबर थाना में दिनांक 15 जून 2024 को अभियोग अंकित किया गया था जिसमें आरोपियों ने फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति से संपर्क कर-के विदेश में नौकरी लगाने के नाम पर उसके साथ 50 हजार रुपए की साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। साइबर अपराधियों द्वारा जॉब पोर्टल साइन डॉट कॉम से पीड़ित का रिज्यूम लेकर एक ईमेल भेजा जिसमें थाईलैंड में नौकरी दिलाने का वादा किया गया था।

# कैबिनेट मंत्री ने बल्लभगढ़ को दी एक और बड़ी सौगात

**विकास कार्य**

**▶▶ नगर निगम बल्लभगढ़ की नई इमारत का जल्द होगा निर्माण, 24 करोड़ 8 लाख रुपए की राशि मंजूर**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य और श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज बल्लभगढ़ के लिए एक और बड़ी सौगात देते हुए नगर निगम के नये भवन का तोहफा दिया है। नगर निगम, बल्लभगढ़ की नई



इमारत का जल्द ही निर्माण होगा, इसके लिए सरकार ने 24 करोड़ 8 लाख रुपए की राशि की मंजूरी प्रदान कर दी है। मूलचंद शर्मा ने कहा कि करीब 30 साल से नगर निगम का छोटा सा दफ्तर जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ था, जिससे अधिकारियों और आम जनता को काफी परेशानी आ रही थी। बहुत लंबे समय से नये भवन की मांग थी, अब एक भव्य कार्यालय बनकर तैयार होगा। पार्षदों और अधिकारियों के कार्यालय के साथ-साथ पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी।

# चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और सह प्रभारी बिप्लब देब के भव्य स्वागत की तैयारी

**तैयारी**

**▶▶ 23 को चुनाव प्रभारियों के साथ-साथ नवनिर्वाचित सांसदों का भी होगा भव्य नागरिक अभिनंदन**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर फिर से जबरदस्त तरीके से एक्टिव हुई हरियाणा भाजपा ने विधानसभा चुनाव प्रभारियों और नवनिर्वाचित सांसदों का भव्य नागरिक अभिनंदन कर प्रदेश भर में माहौल बनाने की योजना तैयार की है। विधानसभा चुनाव प्रभारी बनने के बाद 23 जून को पहली बार हरियाणा पहुंच रहे धर्मेंद्र प्रधान, बिप्लब कुमार देब का भव्य स्वागत की तैयारी में भाजपा ने पूरी ताकत झौंक दी है। 23 को चुनाव प्रभारियों के साथ-साथ नवनिर्वाचित पांचों सांसदों का भी रोहतक में भव्य नागरिक अभिनंदन करके भाजपा कार्यकर्ताओं में विधानसभा चुनाव के लिए जीत का जोश भरा जाएगा। इस संबंध में चल रही तैयारियों पर रोहतक में भाजपा कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि इस नागरिक अभिनंदन को लेकर पार्टी के कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है। ग्रोवर ने दावा भी किया कि भाजपा हरियाणा में भी जीत की हैट्रिक लगाकर इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि 1962 के बाद तीसरी बार नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना भी इतिहास के पन्नों पर लिखा जाएगा। लोकसभा चुनाव में हरियाणा से भी पांच सांसद जीतकर देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि 23 जून को रोहतक स्थित पार्टी कार्यालय मंगल कमल में हरियाणा से नवनिर्वाचत सांसदों और नवनियुक्त चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी का अभिनंदन किया जाएगा। श्री ग्रोवर ने कहा कि यह अभिनंदन समारोह भव्य होगा जिसकी तैयारियां तेजी से की जा रही है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनीष ग्रोवर ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी के रूप में धर्मेंद्र प्रधान और सह प्रभारी के रूप में बिप्लब कुमार देब की नियुक्ति हो चुकी है। ये 23 जून को रोहतक पहुंचेंगे, जहां चुनाव प्रभारियों का भव्य स्वागत और नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 23 जून को ही हरियाणा के सभी पांचों सांसदों केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के अलावा सांसद नवीन जिंदल और सांसद धर्मबीर सिंह का भी अभिनंदन किया जाएगा। रोहतक पहुंचने से पहले सभी नेताओं का जगह-जगह भव्य स्वागत भी होगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेताओं और मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खुशी है।

श्री ग्रोवर ने कहा कि अभिनंदन समारोह भव्य होगा इसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी के अलावा हरियाणा कैबिनेट मंत्री, विधायक और राज्यसभा सांसदों के अलावा अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि अभिनंदन समारोह की तैयारियां तेजी से की जा रही है।

# शिक्षा के क्षेत्र लापरवाही और गड़बड़ी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की विजयी सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि नीट पेपर लीक की जांच चल ही रही थी कि अब यूजीसी नेट जून 2024 परीक्षा पेपर लीक के कारण रद्द कर सरकार ने लाखों छात्रों का भविष्य अंधकार में धकेल दिया गया है। मेहनती परीक्षार्थियों की आंखों में सिर्फ आंसू ही आंसू है, उनकी महीनों की मेहनत का हिसाब कौन देगा ? शिक्षा



के क्षेत्र में इस प्रकार की लापरवाही और गड़बड़ी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। इस पेपर लीक मामले में सरकार के खिलाफ छात्रों के हक की लड़ाई हम सड़क से संसद तक पूरी मजबूती के साथ लड़ेंगे। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि कल रात से उनके पास परीक्षा देने वाले सैंकड़ों छात्र-छात्राओं के फोन और मैसेज आ चुके हैं, उनकी आंखों में सिर्फ. आंसू है। उनकी महीनों की मेहनत का हिसाब कौन देगा ? उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की लापरवाही और गड़बड़ी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। क्या यही है बीजेपी की नई शिक्षा नीति? छात्रों के भविष्य के साथ

**सरकार को घेरा**

**▶▶ इस मामले में सरकार के खिलाफ छात्रों के हक की लड़ाई हम सड़क से संसद तक पूरी मजबूती से लड़ेंगे**

इतना बड़ा खिलवाड़ क्यों? इस पेपर लीक सरकार के खिलाफ छात्रों के हक की लड़ाई हम सड़क से संसद तक पूरी मजबूती के साथ लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यूजीसी नेट परीक्षा 18 जून को आयोजित की गई थी और 19 जून को रद्द कर दी गई। परीक्षा में शामिल होने के लिए 11 लाख से अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जबकि 09 लाख 8 हजार 580 अभ्यर्थी शामिल हुए। यूजीसी नेट 2024 जून सेशन की परीक्षा को शिक्षा मंत्रालय ने एग्जाम में गड़बड़ी की आशंका के कारण परीक्षा को रद्द कर दिया है। कहा जा रहा है कि सरकार को इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने गड़बड़ी पर जानकारी दी थी। उन्होंने कहा है कि कुल 83 विषयों के लिए यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन 18 जून को दो पालियों में किया गया था। परीक्षा का आयोजन देश भर के 317 शहरों में निर्धारित किए गए 1205 केंद्रों पर हुई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 11,21,225 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया था।

# करनाल और फरीदाबाद की ईवीएम की जांच कराएगा आयोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद हरियाणा की दो लोकसभा सीटों की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की चेकिंग कराने का केंद्रीय चुनाव आयोग ने फैसला ले लिया है। आयोग ने करनाल और फरीदाबाद लोकसभा सीटों की ईवीएम की चेकिंग की अनुमति दे दी है।

ये दोनों सीटें भाजपा ने जीती है। इन लोकसभा सीटों से कांग्रेस के दोनों प्रत्याशी चुनाव हार गए थे। चुनाव हारने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर ईवीएम में गड़बड़ी होने की आशंका जाहिर की थी।

**जांच होगी**

**▶▶ करनाल में पोलिंग स्टेशनों की संख्या दो है। पानीपत में पोलिंग स्टेशनों की संख्या 2 है**

जिसके बाद आयोग ने इन दोनों लोकसभा क्षेत्र की ईवीएम की जांच की अनुमति प्रदान कर दी है। करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा और फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप सिंह चुनाव हार गए थे। दोनों कांग्रेस उम्मीदवारों ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर ईवीएम में गड़बड़ी होने की आशंका जाहिर की थी।चुनाव आयोग ने बयान जारी कर कहा है कि हरियाणा की करनाल और फरीदाबाद लोकसभा सीटों की ईवीएम की चेकिंग का अनुरोध मिला है।

करनाल में पोलिंग स्टेशनों की संख्या दो है। पानीपत में पोलिंग स्टेशनों की संख्या 2 है, वहीं बडकल में दो पोलिंग स्टेशन है। कुल 6 पोलिंग स्टेशनों की ईवीएम की चेकिंग होगी। करनाल से बीजेपी उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जीत दर्ज की है। वहीं, फरीदाबाद से बीजेपी प्रत्याशी कृष्णपाल ने जीत हासिल की है।

# लोकसभा चुनाव में आप को 5 लाख 13 हजार वोट मिले: डॉ. सुशील

**कैथल/चंडीगढ़**

**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने तीन दिवसीय दौरे के तहत कैथल प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि मैं कुरुक्षेत्र लोकसभा की नौ विधानसभाओं के कार्यकताओं से मिल रहा हूं और सबका आभार व्यक्त करने के लिए आया हूं। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस पार्टी और आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकताओं ने पूरे तन मन धन व लगन से कार्य किया। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को 5 लाख 13000 से ऊपर वोट मिले। इस चुनाव ने एक बात तय कर दी है कि जिस इनेलो, जेजेपी और बसपा ने 10 लोकसभाओं में अपने उम्मीदवार खड़े किए। जितने वोट इनके 30 उम्मीदवारों ने मिलकर



लिए उससे ज्यादा वोट आम आदमी पार्टी ने अकेले कुरुक्षेत्र में लिए। इनका कोई भी उम्मीदवार अपनी जमानत नहीं बचा पाया और इनको अपने सिंबल को खोने की नौबत आ गई है। उन्होंने कहा कि हर गांव और हर शहर से हमें 36 बिरादरी के वोट मिले हैं। 4 विधानसभाओं में हम जीते और 3 विधानसभाओं में बहुत कम मार्जन से हारे। मुख्य तौर पर हम हर गांव में जीते। जो मीडिया 24 घंटे 400 पार और मोदी का झूठा गुणगान करता रहा। यदि वो सच्चाई दिखा देता तो इस चुनाव में उनको बैसाखियां भी नहीं मिलती और इंडिया गठबंधन की सरकार बनती। फिर भी हिंदुस्तान की जनता ने बीजेपी का अहंकार को तोड़ा है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में 40 से ज्यादा पेपर

**आभार**

**▶▶ लीक होने के कारण यूजीसी नेट का पेपर भी सरकार ने खुद रद्द कर दिया: सुशील गुप्ता**

लीक हो चुके हैं और नीट का पेपर लीक होना केंद्र सरकार का सबसे बड़ा घोटाला है। पूरे देश के बच्चे नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। नीट के पेपर पर किस आधार पर ग्रेस मार्क्स दिए गए सरकार इसका जवाब नहीं दे पा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी बिना आधार के ग्रेस मार्क्स देने पर छात्रों को दोबारा पेपर देने के आदेश दिए हैं। परन्तु छात्रों और अभिभावकों का मानना है कि पेपर लीक हुआ है। जो बिहार में बीजेपी के सहयोग से सरकार चल रही है वहां पर पेपर लीक का भंडाफोड़ हुआ। अनुराग यादव, अमित आनंद, नितीश कुमार और सिकंदर ने स्वीकार किया कि पेपर से पहले इनके पास प्रश्न पत्र आ गया था। उन्होंने कहा कि यदि देश के भावी डॉक्टर फजीर्वाड़े से बनेंगे और पहले दिन प्रश्न पत्र मार्केट में लीक होकर बिक जाए तो उन होनहार बच्चों की मेरिट खत्म हो जाएगी जो दिन रात मेहनत करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि लीक होने के कारण यूजीसी नेट का पेपर भी सरकार ने खुद रद्द कर दिया। इसको लेकर भी पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है।

## न्यूज फ्लैश

### भारतीय कृषि में क्रांतिकारी बदलाव –बीकेटी ने इनोवेटिव बीकेटी कमांडर रेडियल लॉन्च किया

**मुंबई:** भारत, 19 जून, 2024: वैश्विक ऑफ–हाईवे टायर बाजार में एक अग्रणी खिलाड़ी, बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीकेटी) ने गर्व से बीकेटी कमांडर रेडियल के लॉन्च की घोषणा की । यह नया एग्री–रेडियल टायर, शुरू में दो आकारों में उपलब्ध है – 440/85 आर 28 (17.9 आर 28) और 400/85 आर 28 (15.9 आर 28) – इसमें भारतीय किसानों की विशेष जरूरतों को पूरा करने के लिए खास इंजीनियरिंग का प्रयोग किया गया है, जो टायर प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। भारत का टायर, बीकेटी की एक पहल है, जो राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह बीकेटी को एक ऐसी कंपनी के रूप में परिभाषित करता है जो वास्तव में भारत में निर्मित है और भारत निर्माण के के लिए समर्पित है। इसके अलावा, भारत का टायर, भारतीय किसानों को कृषि उत्पादकता और स्थिरता बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक टायर समाधान प्रदान करने के लिए कंपनी के समर्पण का प्रतीक है। बीकेटी कमांडर रेडियल को कृषि उत्पादकता और प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। मजबूत डुअल–एंगल लग्स की विशेषता के साथ, यह टायर उत्कृष्ट कर्षण(ट्रैक्शन) और स्वयं–सफाई गुणों को सुनिश्चित करता है, फील्ड संचालन में काफी सुधार करता है और टायर के जीवनकाल को बढ़ाता है। उन्नत निर्माण में मजबूत बहुस्तरीय बेल्ट और एक कट–एंड–चिप–प्रतिरोधी कंपाउंड शामिल है, जो मिट्टी की जुताई, ढुलाई और कटाई कार्यों के लिए बेहतर पंचर प्रतिरोध प्रदान करता है। टिकाऊ पॉलिएस्टर कारकस द्वारा स्थायित्व और भार वहन क्षमता को और बढ़ाता है, जिससे टायर विभिन्न मिट्टी की स्थितियों में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। बीकेटी कमांडर रेडियल में एक बड़ा पदचिह्न भी है जो मिट्टी के संघनन को कम करता है, जो स्वस्थ मिट्टी की संरचना और उर्वरता को बनाए रखने के लिए एक आवश्यक कारक है। इससे मिट्टी का संघनन कम होने से न केवल पर्यावरण को लाभ होता है, बल्कि यह बेहतर ईंधन भी बचता है, क्योंकि ट्रैक्टर कम प्रतिरोध और कम ईंधन खपत का अनुभव करते हैं। ये विशेषताएं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के अनुरूप हैं, जो बीकेटी कमांडर रेडियल को पर्यावरण के प्रति जागरूक किसानों के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाती हैं।

### एलएनजेपी अस्पताल में रक्तदान शिविर कल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: सर्व समाज कल्याण** सेवा समिति द्वारा एलएनजेपी अस्पताल के ब्लड बैंक में 22 जून शनिवार को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि शिविर शनिवार सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक लगाया जाएगा। शिविर में 18 से 60 वर्ष तक के सभी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान शिविर में रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदाता रक्तदान कैंप में प्रातः नाश्ता करके अवश्य करके आए। हर नवयुवक साल में चार बार अर्थात 3 महीने के बाद एक बार रक्तदान अवश्य करें। रक्तदान करने से हार्ट अटैक की बीमारी नहीं आती और व्यक्ति स्वस्थ रहता है।

### उपायुक्त ने काजल को दिलाई नवनिर्वाचित प्रधान पद की शपथ

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**उपायुक्त** डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने गुरूवार को जिला सचिवालय में वार्ड नम्बर 13 की जिला परिषद सदस्य काजल को प्रधान पद की शपथ दिलाई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उपायुक्त ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पद है जिसका संबंध आम व्यक्ति से है। उन्हें उम्मीद है कि वे इस पद की गरिमा को ध्यान में रख कर विकास की गति में तेजी लाएंगी व सभी परिषद सदस्यों को साथ लेकर जिले का विकास करेंगी। इस मौके पर जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने उन्हें चैरयरमैन पदासीन कराया।

# ईश्वर से सर्व संबंधों का जोड़ ही तो योग है: नरेश भारद्वाज

## बीके शैली ने मिलकर मंच संचालन किया एवम् प्रोग्राम में आये सभी श्रोतागणों को शारीरिक योग करवाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला: अपनी प्राचीनतम** योग कला की इस अदम्य पहचान के साथ पूरे विश्व में अपने पूर्वज स्टेज की भूमिका निभाने वाले जगतगुरु भारत के इस पवित्र धरती अंबाला कैंट में ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति धाम दयालबाग आश्रम में ब्रह्माकुमारीज एवं रोटरी क्लब अंबाला कैंट द्वारा दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर एक साँझा कार्यक्रम आयोजित किया गया नरेश भारद्वाज जी वा बीके शैली ने मिलकर मंच संचालन किया एवम् प्रोग्राम में आये सभी श्रोतागणों को शारीरिक योग करवाया और बताया कि हमारा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अध्यात्मिक स्वास्थ्य व सामाजिक स्वास्थ्य स्वयं का अहसास ये सभी इस योग की कला को समझने से ही संभव हैं। इसके बाद राजयोगिनी बीके शैली दीदी ने कहा आत्मा ओर परमात्मा कोई भौतिक एनर्जी नहीं है ये अभौतिक एनर्जी है जब हम योग करते हैं तो उसमें अलग-अलग रंगों की किरणों को स्वयं पर पड़ते हुए महसूस करते हैं जिससे हमारे अंदर अनंत शक्ति का प्रवाह होता है हम अनुभव करेंगे कि परमात्मा हमारी हर बात सुन रहा है और हमें जीवन में आने वाली सभी परिस्थितियों के लिए मजबूत बना रहे हैं हम जागृत होकर महसूस करें उस एनर्जी को जो हमें परमात्मा से मिली है वह बहुत दूर तक फैल रही है उसका दायरा बढ़ता जा रहा है और इस पॉजिटिविटी को बढ़ाते हुए हम पूरे विश्व को बदल सकते हैं। इसके बाद बीके शेली दीदी ने मेडिटेशन द्वारा एक डीप साइलेंस का अनुभव कराया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी जी ने योग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति एक अस्वस्थ व्यक्ति की तुलना में अधिक काम कर सकता है। आजकल जीवन बहुत तनावपूर्ण है और हमारे आसपास बहुत प्रदूषण है। यह कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण है। सिर्फ 10-20 मिनट का योग हर दिन आपके स्वास्थ्य को अच्छा रहने में मदद कर सकता है। बेहतर स्वास्थ्य का मतलब बेहतर जीवन है। योग हमारे दिल को स्वस्थ बनाने में मदद करता है और यह हमारे शरीर और नसों में रक्त के प्रवाह को बढ़ाकर अधिक कुशलता से काम करता है। यह हमारे शरीर को ऑक्सीजन युक्त रखने में मदद करता है। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अंबाला जॉन की उपसंचालिका ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी आशा दीदी ने अपने आशीर्वचन सुनाते हुए बताया कि हम आत्मा जब अपने इस देह को भूल कर अपने अंदर आत्मा को देखते हैं तो उस आत्मा के अंदर हमें परमात्मा की शक्ति का प्रकाश दिखाई देता है और उस प्रकाश में संपूर्ण प्राप्तिया समाई होती हैं जिससे जुड़कर हमें कभी भी किसी प्रकार की कमी दुःख अशांति महसूस नहीं होती यानी कि जब हम आत्माएं परमात्मा के साथ योग लगाते हैं तो हमें परमात्मा के जैसी संपूर्ण व संपन्नता सुख शांति आनंद प्रेम प्राप्ति होती है आजकल लोग आलसी, थके हुए या नींद की कमी महसूस करते हैं जिसके कारण वे अपने जीवन में अधिकतर मौज-मस्ती से चूक जाते हैं और अपने काम को सही ढंग से पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। सक्रियता होने के नाते आप अपने आसपास होने वाली चीजों के बारे में अधिक जागरूक रहते हैं और अपने काम को अधिक कुशलतापूर्वक और जल्दी से पूरा कर पाते हैं यह सब करने का एक तरीका नियमित रूप से योग का अभ्यास करना है। उसके बाद एडी गांधी जी ने सभा में उपस्थित सभी लोगों का वा सभी मुख्य अथितियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर मनीष भारद्वाज सुरिंदर गोयल, राजेश चौधरी, अशोक बल्ला, डॉ विनय मल्होत्रा, अधिवक्ता कमलेश गुप्ता, प्रोफेसर पवन वा शहर जानी मानी हस्तियां मौजूद रही।

## अच्छा व्यवहार हमेशा सदफल के रूप में मिलता वापिस: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : श्री शिरड़ी** साईं मंदिर में वीरवार को भक्तों ने साईं पूजा में भाग लिया। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा जो दिन-भर चला। दोपहर को मंदिर से श्री साईं पालकी निकाली गई जिसमें भक्तों ने साईं भजन गाते हुए श्रद्धा भाव से भाग लिया। मंदिर में साईं गाथा सुनाते हुए श्री शिरडी साईं सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय शर्मा ने कहा कि दूसरों को सुख पहुंचाने वाला व्यवहार ही व्यक्ति को महान बनाता है। दूसरों के प्रति किया गया अच्छा व्यवहार हमेशा सदफल के रूप में हमें वापिस मिलता है। प्रवचनों के बीच-बीच में भक्तों ने ओम साईं राम का उद्घोष किया। भजन गायकों ने साईं भजन सुनाकर भक्तों को झूमने पर विवश किया। सायं को हुई आरती में कतारबद्ध होकर लोगों ने साईं दर्शन किए और धूनीमाई की परिक्रमा की। भंड़ारे में सेवा करते हुए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

साईं आरती में पुजारी अनमोल शास्त्री, श्याम सुदंर सेठी,परविन्द्र मनचंदा, राजेश्वर,सुरेश कुमार,यश अरोड़ा,सत्य प्रकाश,धीरज मैहता,तरूण ढींगढ़ा,गौरव गर्ग,नीना गुप्ता और कमलेश आदि शामिल रहे।

## नारकोटिक्स ब्यूरो का उद्देश्य हरियाणा को नशा मुक्त करना

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**एनसीबी हरियाणा और** राजकीय रेलवे पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पानीपत रेलवे स्टेशन पर नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में यह पानीपत जिले में 61वां एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम था। राजकीय रेलवे पुलिस के थानाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। थाना प्रभारी जोगिंद्र सिंह ने ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को विशेष रूप से आमंत्रित किया था। थानाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह ने बताया कि 12 जून से 26 जून तक चलाये गए विशेष पखवाड़े के अंतर्गत यह कार्यक्रम हो रहा है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने रेलवे स्टेशन पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधि अनुसार भारत में कोई भी व्यक्ति अफीम, भांग, गांजा, चरस, हेरोइन, स्मैक, चिट्टा, एलएसडी, नशीली गोलियां, नशीले टीके आदि न अपने पास रखेगा, न सेवन करेगा, न खरीदेगा और न बेचेगा। उन्होंने वातार्लाप के माध्यम से एकत्रित लोगों को बताया कि हरियाणा में नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो का गठन हो चुका है। इस ब्यूरो का एकमात्र उद्देश्य हरियाणा प्रान्त को नशा मुक्त करना है। इसके लिए ब्यूरो और हरियाणा पुलिस नशे की तस्करी में संलिप्त अपराधियों को प्रतिदिन सलाखों के पीछे भेजने का कार्य कर रही है। इतना ही नहीं नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों का निशुल्क उपचार कराया जाता है। प्रत्येक जिले के सरकारी अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र चल रहे हैं। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विस्तारपूर्वक नशे के प्रवेश और निगमन बारे लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति यह नहीं चाहता कि उसकी संतान किसी भी प्रकार का नशा करे लेकिन नशे के तस्कर युवाओं को नशे का आदि बना रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह ऐसे दुष्ट लोगों की गुप्त सूचनाएं 9050891508 पर देकर पुलिस का सहयोग करें।

उन्होंने कहा गुप्त सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्ण रूप से गुप्त रहेगा। उन्होंने दूसरी प्रकार के नशा पर चर्चा करते हुए कहा कि बीड़ी सिगरेट तम्बाकू हुक्का आदि बहुत ही क्षति कारक नशे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार औसतन प्रति वर्ष संसार में 80 लाख लोग मरते हैं जबकि भारत में 19 लाख लोग औसतन मरते हैं।

## आर्य वीरांगनाओं ने हवन कर विश्व कल्याण की कामना की

### शिविरोपरान्त अपने घर, गांव, नगर में जाकर प्रतिदिन यज्ञ अवश्य करें और दूसरों को भी हवन करने के लिए प्रेरित करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र : गुरुकुल कुरुक्षेत्र** में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में आज सभी आर्य वीरांगनाओं को यज्ञ-हवन करने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही उन्हें यज्ञ करने से होने वाले अनेक लाभों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कन्या गुरुकुल से पधारीं बहन मीनू आर्या के ब्रह्मत्व में सम्पन्न हुए प्रातःकालीन सन्ध्या-हवन में सभी आर्य वीरांगनाओं ने उत्साह से भाग लिया और गोघृत व साकल्य सामग्री से आहूति देकर समस्त विश्व के कल्याण की कामना की। ज्ञात रहे गुरुकुल कुरुक्षेत्र में महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी की प्रेरणा से सार्वदेशिक आर्य वीर दल के अध्यक्ष स्वामी डॉ. देवव्रत सरस्वती के मार्गदर्शन में 400 युवतियों का यह शिविर चल रहा है जिसका संचालन मुख्य रूप से सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल की प्रधान संचालिका श्रीमती व्रतिका आर्या द्वारा किया जा रहा है। गुरुकुल कुरुक्षेत्र प्रबंधक समिति सहित मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, भजनोदेशक जयपाल आर्य, जसविन्द्र आर्य, वेद प्रचारक मनीराम आर्य आदि भी शिविर संचालन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। स्वामी देवव्रत सरस्वती ने बताया कि यज्ञ दुनिया का सर्वश्रेष्ठ कर्म है और अब तो वैज्ञानिकों ने भी इस सत्य को स्वीकार किया है। वैज्ञानिकों ने माना है कि यज्ञ के दौरान यज्ञ-कुण्ड में गोघृत और सामग्री डालने से बड़ी मात्रा में ऑक्सीजन उत्सर्जित होती है, जिससे दूषित वातावरण भी शुद्ध हो जाता है। यज्ञ करने से जहां आत्मिक शांन्ति प्राप्त होती है वहीं यह पर्यावरण के लिए भी हितकारी है। जिन घरों में नित्य-प्रति सन्ध्या-यज्ञ होती है, वह घर सुख-समृद्धि से परिपूर्ण होता है और बच्चे संस्कारवान् होते हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीनकाल में हवन हमारी दिनचर्या का हिस्सा हुआ करता था, मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र, योगिराज श्रीकृष्ण आदि नित्य हवन करते थे। आज भी यदि हमें अपने पर्यावरण को साफ-स्वच्छ और युवा पीढ़ी को संस्कारों से पोषित करना है तो वैदिक संस्कृति को अपनाना होगा, वेदों की ओर लोटना होगा। उन्होंने शिविर में प्रशिक्षण ले रही वीरांगनाओं से भी आह्वान किया कि शिविरोपरान्त अपने घर, गांव, नगर में जाकर प्रतिदिन यज्ञ अवश्य करें और दूसरों को भी हवन करने के लिए प्रेरित करें।

## जलनेती एवं योग प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ सफल आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : 10वें अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा दो दिवसीय जलनेती एवं योग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विभाग के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि योग शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ रखता है योग ही वह क्रिया है जिससे आनंद की अनुभूति होती है इसलिए हर व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग के दो अर्थ है एक जोड़ना और दूसरा है समाधि। जब तक साधक अपने शरीर को योग से नहीं जोड़ता ध्यान तक जाना असंभव है। वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का है मनुष्य दिन-रात भाग-दौड़ रहा है काम का प्रेशर, रिश्तों में अविश्वास और दूरी के कारण तनाव तेजी से बढ़ रहा है इसलिए योग सभी के लिए जरूरी है। योग दर्शन धर्म से परे है और गणित से कुछ ज्यादा है। यह बहुमूल्य देन भारत की है इसलिए पूरा विश्व भारत को विश्वगुरु मान रहा है। इस दो दिवसीय कार्यशाला में योग शिक्षक योगेंद्र कुमार द्वारा विद्यार्थियों को जनेती और योग अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर योग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शीतल महाडिक, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के परामर्श दाता डॉ. चक्रपाणि आर्य, पीआरओ मनोज एवं पीजी स्कॉलर मौजूद रहे।

## सलूजा ने खरीफ की फसलों के एमएसपी बढ़ानें पर पीएम का आभार व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भाजपा प्रधानमंत्री मोदी** ने खरीप की फसलों के न्यून्तम समर्थन मूल्यों में एक बड़ी बढ़ोतरी करके किसानों के सच्चे हितैषी होने का एक बार फिर पुख्ता प्रमाण दिया है।इस भारी बढ़ोतरी केलिए प्रधानमंत्री मोदी का हम आभार व्यक्त करते है । ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने अपने सनोली रोड स्थिति कार्यलय से प्रैस विज्ञपिति जारी करके कहे।धान सामान्य तथा धान ए ग्रेड में 117 रुपए,ज्वार हाइब्रीड 191,ज्वार मालडंडी 196,बाजरा 125 रुपए,रागी 444 रुपए,मक्का 135,, अरहर 550, मूंग 124 रु, उड़द 450, मूंगफली में 406 रु, सूरज मुखी520रु, सोयाबीन 292रु, तिल 632 रु, नाइजर सीड्स 983रु, कपास मिडल स्टेपल तथा कपास लॉन्ग स्टेपल्स 501 की भारी वृद्धि की गई। सलूजा ने कहा की पहले की सरकारों में गेहूं तथा धान ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद करती थी वहीं मोदी सरकार रिकार्ड 14 फैसले न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर के किसान भाईयों का ध्यान रख रहे । सलूजा ने आगे कहा की पहले समर्थन मूल्य की घोषणा तब होती थी जब किसान कीआधी फसल मंडी पहुंच चुकी होती थी।मोदी ने बुवाई के समय ही समर्थन मूल्य की घोषणा की परंपरा शुरू करके अन्नदाता की भलाई के काम किया है। उन्होंने किसान सम्मान निधि योजना का भी जिक्र किया।

## बीजेपी की संगठनात्मक बैठक हुई सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : आज कुरुक्षेत्र** स्थित एक निजी होटल में भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष रवि बतान ने की।मंच का संचालन जिला महामंत्री जस्वीन्द्र सैनी द्वारा किया गया । बैठक में आगामी पखवाड़े में होनेवाले कार्यक्रमो को लेकर चर्चा हुई व पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई। जिलाध्यक्ष रवि बतान ने कहा की बूथ स्तर तक के कार्यकर्त्ता इस पखवाड़े में लग्न से हिस्सा लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस पखवाड़े के दौरान होने वाले कार्यक्रम 21 जून को योग दिवस,23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा,25 जून को काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा।30 जून को मन की बात हर बूथ कार्यक्रम, 6 जुलाई के दिन को एक-एक पेड़ अपनी माता के नाम से लगाऐ जाने को लेकर तय हुआ । इस बैठक में मंच पर पूर्व विधायक पवन सैनी,पूर्व जिलाध्यक्ष राज कुमार सैनी, शुगरफेड चेयरमैन धर्मबीर डागर,पशुपालन विभाग चेयरमैन धर्मबीर मिजार्पुर, घूमन्तु जाती चेयरमैन जय सिंह पाल, जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर के साथ मुख्य तौर पर जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स,रविन्द्र सागवान,पुनीत मल,राहुल शर्मा, मनदीप विर्क, देवी दयाल घराडसी,हरीश अरोड़ा,विनीत बजाज, अनु माल्यान, लाडी पाल, परमजीत कश्यप, गुलशन सैनी,आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पानीपत पुलिस सक्रिय

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**पुलिस महानिरीक्षक ट्रैफिक** हाइवे करनाल हरदीप सिंह दून के निदेर्शानुसार व पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतू व आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को विशेष चैकिंग अभियान चलाकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लेन चेंज नियमों का उल्लघना करने वाले 309 भारी वाहनों के चालान किये। विशेष अभियान के तहत जिला यातायात पुलिस द्वारा जिला में दिल्ली चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर टोल प्लाजा के पास, पट्टी कल्याणा, केसर ढ़ाबा, मनाना, पुलिस लाइन, फ्लाई ओवर, टोल प्लाजा, बाबरपुर ट्रैफिक थाना पेप्सी पुल के पास एक साथ विशेष टीमें तैनात कर यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले भारी वाहनों को रोक चालान कर कार्रवाई अमल में लाई गई। बाबरपुर ट्रैफिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वेदपाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत ने जिला में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन हेतू भारी वाहनों पर गति प्रतिबंधित निर्धारित गति सीमा, लेन ड्राईविंग बाई लेन निर्धारित लेन में चलने हेतू भारी वाहन चालकों को जागरूक करने व नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के हेतू पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए है। भारी व गति प्रतिबंधित वाहनों को अपनी निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में चलाएं। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाएगा। इंस्पेक्टर वेदपाल ने बताया कि सर्वे में भी पाया गया है कि हाइवे पर अधिकतर दुर्घटनाएं गलत लेन पर चलने वाले भारी वाहनों की वजह से होती है। भारी वाहन अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन में चल रहे है। नियमों को ना मानने की वजह से हादसे हो रहे है। हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इंस्पेक्टर वेदपाल ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा इसी क्रम में भारी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने व पालना सुनिश्चित करवाने हेतु ट्रांस्पोर्टरों के साथ युनियनों में गोष्ठी का आयोजन कर ड्राइवरों को जागरूक भी किया जा रहा है।

## कुवि के बहुउद्देशीय हॉल में मनेगा योग दिवस: कुलपति प्रो. सोमनाथ

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को नए बहुउद्देशीय हॉल में योग साधक योग करेंगे। कुवि परिसर में होने वाले इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा सहित सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी भाग लेंगे। कुवि के खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती ने बताया कि योग कार्यक्रम 40 मिनट का होगा जिसमें 200 से अधिक विद्यार्थी भागीदारी करेंगे व कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा योग विषय पर संबोधित करेंगे।

**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सं. NIT-39-24-25-W-II — दिनांक: 20.06.2024

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/ II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-39 | कार्य का नाम : वरिष्ठ मंडल अभियंता दवितिय के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत MDNR स्टेशन पर लाइन नं. 1 व 4 पर बेलास्टलेस ट्रेक (BLT) का प्रावधान। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 3 | बयाना राशि (रूपये) | IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 4 | निविदा बोली प्रस्तुत करने तिथि और समय | 02.07.2024 से 16.07.2024 at 15:00 Hrs. |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 16.07.2024 15:00 Hrs. |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। 1862/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# किसानों और गरीबों के साथ, फिर भाजपा सरकार

**18वीं** लोकसभा के गठन तथा तदुपरांत शपथ ग्रहण के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन की सरकार ने अपना कामकाज प्रारम्भ कर दिया है ।कठिन चुनौतियों में भी अवसर खोजने वाली भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना संकल्प पत्र अमल में लाकर राजनैतिक गणित ठीक करने का अभियान भी आरम्भ कर दिया है। राजनैतिक विश्लेषकों का कहना है कि नए दौर की भारतीय जनता पार्टी सदा चुनावी मोड में रहती है विशेष रूप से मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से भाजपा सदा सक्रिय रहती है, वो बात अलग है कि चुनावों में कभी सफलता मिलती है और कभी नहीं भी मिलती है। वर्तमान लोकसभा में भापजा को 241 सीटें प्राप्त हुई हें और उसे उप्र, राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र में अच्छा खासा नुकसान हुआ है किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तनिक भी विलम्ब न करते हुए, भाजपा ने सब कुछ ठीक करने के लिए कमर कर कर अभियान आरम्भ कर दिया है। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने पहली फाइल पर हस्ताक्षर करके किसानों की सम्मान निधि की अगली किश्त को मंजूरी दी वहीं कैबिनेट ने अपनी बैठक में गरीबों के लिए 3 करोड़.आवास बनाने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद जहां जी 7 में भाग लेने के लिए इटली गये वहीं भारत में उन्होंने सर्वप्रथम अपने संसदीय क्षेत्र काशी की यात्रा की और किसानों को सम्मान निधि जारी करते हुए मतदाताओं को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने काशी में बन रहे स्टेडियम की प्रगति का अवलोकन भी किया। काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह से साथ तथा तनाव मुक्त दिखे और साथ ही अपनी अगली अग्निपरीक्षा के लिए तैयार भी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से किसान सम्मान निधि के तहत 20 हजार करोड़ रुपये किसानों के खाते में डाले। अभी जब विपक्ष यही दिखाने में जुटा हुआ है कि इस बार बीजेपी का अपने दम पर बहुमत नहीं है तब बीजेपी मतदाता अभिनंदन यात्रा के माध्यम से यह बताने के लिए जुट रही है कि ऐतिहासिक रूप से तीसरी बार सरकार बनाने का अवसर जनता ने भाजपा को ही दिया है। आंकड़ों के अनुसार विगत चुनावो में भाजपा के पास ग्रामीण इलाके की 201 सीट थीं जबकि पार्टी इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 126 सीट ही जीत पाई है। माना जा रहा है कि किसानों, युवाओं और महिलाओं का एक बड़ा वर्ग इस बार किसी न किसी कारण से भाजपा से नाराज हो गया था और उसकी सीटें काफी कम हो गयी हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से किसान सम्मेलन के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के नाराज मतदाता को मनाने के साथ ही कई समीकरण साधने व संदेश देने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 18वीं लोकसभा के लिए हुआ ये चुनाव भारत के लोकतंत्र की विशालता को, लोकतंत्र के सामर्थ्य को, भारत के लोकतंत्र की व्यापकता को, भारत के लोकतंत्र की जड़ों की गहराई को दुनिया के सामने पूरे सामर्थ्य के साथ प्रस्तुत करता है। उन्होंने अपने संबोधन में एक बार फिर कहा कि मां गंगा ने मुझे गोद लिया है मैं यही का हो गया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब को विकसित भारत का मजबूत स्तंभ माना है और सरकार बनते ही सबसे पहले और सबसे बड़ा किसान और गरीब परिवारो से जुड़ा फैसला लिया है।

# रेल हादसों पर कैसे लगेगी ब्रेक?

रोहित माहेश्वरी

“ ट्रेनों और स्टेशनों में सीसीटीवी लगाए जाए। देश में पिछली तीन बड़ी रेल दुर्घटनाओं में सिग्नल सिस्टम तकनीक में आ रही खामी एक बड़ी वजह उभर कर सामने आई हैं। अतः इसमें सुधार की आवश्यकता है। सवाल यह भी है कि बार-बार रेल हादसे क्यों होते हैं और क्या इनको लेकर जवाबदेही तय नहीं की जा सकती?

बार-बार यात्रियों को हादसों का शिकार होना पड़ेगा, तो जनता में रोष पनपना स्वाभाविक है। यह भी सवाल है कि हादसों के बाद जांच के लिए जो समितियां गठित होती हैं, उनकी सिफारिशें किस हद तक मानी गई हैं। रेल यात्रा सुरक्षित बनाने के लिए ड्राइवरों की समय समय पर आंखों की जांच की जाए। आठ घंटे बाद उन्हें विश्राम दें। रेलवे कर्मचारियों व अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए ”




**पश्चिम बंगाल में** बीते दिनों हुई रेल दुर्घटना में 10 यात्रियों की जान चली गई। कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन सियालदाह जाने वाली थी, लेकिन मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मारी और बहुत कुछ ध्वस्त हो गया। पीछे की दो बोगियां मलबा बन गईं। कुछ बोगियां पटरी से नीचे उतर कर पलट गईं। घायलों की संख्या भी 50-60 बताई गई थी। हम उनके स्वस्थ होने और अपने-अपने घर लौटने की दुआ करते हैं। दुर्घटना कोई भी हो, विध्वंस होती है। दुर्घटना की शुरूआती रपटें इसे मानवीय चूक करार दे रही हैं। संभव है कि ऐसा ही हो, लेकिन रेलवे सुरक्षा आयुक्त की सम्यक जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि टक्कर का बुनियादी कारण क्या था? जांच में यह तथ्य भी विचाराधीन होना चाहिए कि मालगाड़ी का लोको पायलट लगातार चार रातों से सोया नहीं था। यह भी अमानवीय नौकरी है। नियम अधिकतम दो रात लगातार ड्यूटी करने की अनुमति देते हैं। यह भी अमानवीय नियम है। वैकल्पिक लोको पायलटों की व्यवस्था होनी चाहिए। यह कैसे होगा, क्योंकि रेलवे में बीते 10 सालों से करीब तीन लाख पद खाली पड़े हैं। उनमें 21 फीसदी लोको पायलट के पद हैं। उन्हें कब भरा जाएगा? वे तो स्वीकृत और अधिकृत पद हैं, फिर सरकार को इन पदों को भरने में क्या दिक्कत रही है?
खुद रेलवे बोर्ड का मानना है कि लोको पायलट की लगातार कई घंटों, दिनों की नौकरी भी बड़े हादसों का बुनियादी कारण है। कवच एक ऑटोमैटिक रेल सुरक्षा सिस्टम है, जिसे स्वदेशी तौर पर ही विकसित किया गया है। सवाल है कि बालासोर रेल हादसे के बाद एक भी रूट किलोमीटर कवच प्रणाली स्थापित क्यों नहीं की जा सकी? इसका जवाब रेल मंत्री देंगे अथवा जांच के बाद कोई यथार्थ सामने आएगा! अभी तक 1465 रूट किमी और 139 रेल इंजनों पर ही कवच स्थापित किया गया है। यह स्थिति फरवरी, 2024 की है और दक्षिण मध्य रेलवे में ही यह व्यवस्था की गई है। बताया जाता है कि कई हजार रूट किमी पर कवच प्रणाली के लिए टेंडर दे दिए गए हैं। वे कब तक इस सुरक्षा प्रणाली को स्थापित कर देंगे, ताकि कोई भी अमूल्य जिंदगी गंवानी न पड़े? कवच ही सुरक्षा की 100 फीसदी गारंटीशुदा व्यवस्था नहीं है। सिग्नल और इंटरलॉकिंग सरीखी तकनीकी समस्याएं हैं, जिनके कारण रेलवे टकराव होते हैं और त्रासद हादसे सामने आते हैं। सिग्नल खराब होने की स्थिति में लोको पायलट्स को ट्रेन कैसे चलानी है, इसका पर्याप्त प्रशिक्षण पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोको स्टाफ को आज तक नहीं दिया गया है।
ऑल इंडिया रनिंग लोको स्टाफ एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एसएस ठाकुर का बयान गौरतलब है कि सिग्नल फेल होने पर जिस वैकल्पिक फॉर्म टीए-912 के जरिए ट्रेनें चलाई जाती हैं, उससे जुड़ा एक नियम यह भी है कि तब तक आगे वाली ट्रेन अगला स्टेशन पार न कर ले, तब तक दूसरी ट्रेन को पिछले स्टेशन से आगे नहीं बढ़ाते हैं। इस बार यह नियम नहीं माना गया, तो गलती से हादसा हो गया। हालांकि बालासोर दुर्घटना के बाद कुछ प्रयास किए गए थे, ताकि ये विसंगतियां कम की जा सकें। सवाल यह भी पूछा जाना चाहिए कि भारतीय रेल की व्यापकता को अपेक्षाकृत सुरक्षित करने के मद्देनजर क्या कवच प्रणाली को कुछ शीघ्रता से स्थापित नहीं किया जा सकता? सवाल यह है कि रेल मंत्रालय मानवीय भूल के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को टालने के लिए गंभीर पहल क्यों नहीं करता। क्यों रेल दुर्घटनाएं रोकना सत्ताधीशों की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं होता?
जिस ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली कवच को चरणबद्ध तरीके से जल्दी से लागू किया जाना चाहिए था, उस पर कछुआ गति से काम क्यों हो रहा है? एक ओर देश में बुलेट ट्रेन और तेज गति से चलने वाली अन्य ट्रेनों की बात की जा रही है, वहीं सामान्य गति से चलने वाली ट्रेनों को भी दुर्घटनाओं से निरापद बनाने में हम विफल साबित हो रहे हैं। जरूरत इस बात की है कि देश में फास्ट ट्रेनों की चकाचौंध व ग्लैमर के बजाय सामान्य गति की ट्रेनों की सुरक्षा को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। वहीं विपक्ष का आरोप है कि रेलवे में रिक्त पड़े लाखों पदों को नहीं भरा जा रहा है, जिससे रेलवे बढ़ती आबादी के दबाव में सुरक्षित रेल सेवा उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। आखिर हम इन रेल हादसों से सबक कब लेंगे?
सवाल यह भी है कि क्या वंदे भारत सरीखी ट्रेन के आकर्षक आधुनिकीकरण पर राजनीतिक और नीतिगत फोकस अधिक है, लिहाजा कवच जैसी प्राथमिकताएं पीछे छूट जाती हैं? क्या रेलवे की सुरक्षा से ऐसे समझौते किए जा सकते हैं?

सवाल यह भी वाजिब है कि राष्ट्रीय रेल सुरक्षा कोष में 75 फीसदी फंडिंग कम क्यों की गई? सुरक्षा कोष के पैसे रेल अधिकारी क्यों खर्च कर रहे हैं? रेल हादसे होते हैं, तो ऐसे सवाल भी उठाए जाते हैं। इस पूरे परिदृश्य पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को देश को जवाब देना चाहिए। निस्संदेह, रेल यातायात को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने के लिये बुनियादी ढांचे में सुधार व अधिक निवेश की जरूरत है। हम अतीत के हादसों से सबक लेकर परिचालन व्यवस्था को सुधारने का प्रयास करें। हादसों की जवाबदेही तय हो ताकि दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। वक्त की जरूरत है कि दुर्घटनाओं को टालने के लिये, जितना जल्दी हो सके अधिक दबाव वाले इलाकों में कवच योजना को क्रियान्वित किया जाए। इसके अलावा पटरियों के रखरखाव के लिये आवंटित फंड का उचित उपयोग किया जाए। साथ ही बुनियादी ढांचे में सुधार, दुर्घटना टालने को आधुनिक तकनीकों का उपयोग तथा नई चुनौतियों से मुकाबले के लिये रेलवे कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने की भी जरूरत है। यह भी कि रेलवे के आधुनिकीकरण के लिये वित्तीय संसाधन जुटाए जाएं ताकि यह न कहा जा सके कि असुरक्षित पटरियों पर लचर संचालन प्रणाली दुर्घटनाओं की वजह बन रही है। दुर्घटनाओं का सिलसिला तभी थमेगा जब यात्रियों की सुरक्षा रेल मंत्रालय व सरकार की प्राथमिकता बनेगी। बढ़ते रेल हादसों की वजह से रेलवे के पूरे तंत्र पर प्रश्न चिह्न लग रहा है। सिग्नल सिस्टम में सुधार करना जरूरी है। साथ ही मानवीय त्रुटियां न हों, इसके लिए रेलवे कर्मचारियों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाए। पटरियों के रखरखाव पर खास ध्यान दिया जाए। नियमित सुरक्षा ऑडिट और निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। आधुनिक तकनीक को अपनाया जाए। रेलवे ट्रैक का नियमित निरीक्षण होना चाहिए और इसकी मरम्मत पर ध्यान दिया जाना चाहिए। स्टाफ प्रशिक्षित और सतर्क होना चाहिए। आधुनिक कम्युनिकेशन सिस्टम का इस्तेमाल किया जाए। आपातकालीन सेवाओं को मजबूत बनाया जाए।

ट्रेनों और स्टेशनों में सीसीटीवी लगाए जाए। देश में पिछली तीन बड़ी रेल दुर्घटनाओं में सिग्नल सिस्टम तकनीक में आ रही खामी एक बड़ी वजह उभर कर सामने आई हैं। अतः इसमें सुधार की आवश्यकता है। सवाल यह भी है कि बार-बार रेल हादसे क्यों होते हैं और क्या इनको लेकर जवाबदेही तय नहीं की जा सकती?

बार-बार यात्रियों को हादसों का शिकार होना पड़ेगा, तो जनता में रोष पनपना स्वाभाविक है। यह भी सवाल है कि हादसों के बाद जांच के लिए जो समितियां गठित होती हैं, उनकी सिफारिशें किस हद तक मानी गई हैं। रेल यात्रा सुरक्षित बनाने के लिए ड्राइवरों की समय समय पर आंखों की जांच की जाए। आठ घंटे बाद उन्हें विश्राम दें। रेलवे कर्मचारियों व अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। मात्र मृतकों के परिजनों व घायलों को मुआवजा देने से रेलवे अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता। समस्या समाधान चाहती है, न कि दलगत राजनीति ।

## कविता

छोटी बात पर,फटकार अच्छी नहीं
होती,

छोटी बात पर,फटकार अच्छी नहीं होती,
अफवाहों की दीवार पक्की नहीं होती।

घर है तो दीवारें लाजमी होगी ही,
दिलों में दीवार अच्छी नहीं होती।।

फरेबी कब किसी का सगा हुआ है,
उसकी ललकार सच्ची नहीं होती।

सादा, सच्चे,मासूम है जो लोग।
उनसे तकरार अच्छी नहीं होती।।

एक बार रूठे को सलीके से मनाइये,
सच्चे दिलों में दरार अच्छी नहीं होती।।

राम ने भी रावण का वध किया,
हर नारी पर टपकती लार अच्छी नहीं होती.

नन्हों को पंख से उड़ने दो आकाश में,
नसीहत की बौछार अच्छी नही होती

संजीव

# दुनिया की जीवन दिनचर्या बना योग

प्रभुनाथ शुक्ल

**योग सिर्फ** व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। आज पूरी दुनिया योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं। भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है-योगः कर्मसु कौशलम यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि योगस्थः कुरु कर्माणि इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है। योग हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है।
भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर, 2014 को इसका प्रस्ताव भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर पीएम मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया। हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे भारत की जीत बताया था। दुनिया योग को अपने जीवन की दिनचर्या बना लिया है। योग संपूर्ण जीवन और चिकित्सा पद्धिति बन गया है। दुनिया में शांति युद्ध से नहीं योग से आएगी। भारत के साथ दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोग योग साधना का लाभ उठा रहे हैं। आधुनिक युग की व्यस्त दिनचर्या में योग हमारे लिए अमृत है। अपनी जिंदगी को खुशहाल और डिप्रेशन मुक्त बनाने के लिए योग हमें खुला आकाश देता है।
हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय के साथ बंधकर स्वयं के साथ देश का अहित करेंगे। योग शास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। चित्त की निरुद्ध अवस्था लययोग में आती है। राजयोग सभी योगों से श्रेष्ठ बताया गया है। महर्षि पतंजलि की योग परंपरा भारत में अधिक समृद्धशाली है।

## विचार

# योग और ध्यान-अभ्यास

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**योग** सृष्टि की शुरुआत से ही भारत की प्राचीन संस्कृति का एक अहम हिस्सा रहा है। प्राचीन काल के ऋषि-मुनियों ने योग के महत्त्व का जिक्र अनेक धर्मग्रंथों में किया है। ऋग्वेद में कई जगहों पर यौगिक क्रियाओं के विषय में जानकारी मिलती है। महर्षि पतंजलि ने योग की परिभाषा देते हुए कहा है कि श्योगष्चित्तवृत्तिनिरोधः श अर्थात योग के द्वारा हम अपने चंचल मन को भी काबू में कर सकते हैं।
मनुष्य को जब भी कोई शारीरिक अथवा मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा है तो अपने शरीर को रोग मुक्त करने के लिए उसने किसी न किसी तरीके से योग द्वारा शरीर को स्वस्थ किया है और साथ ही साथ मानसिक शांति भी प्राप्त की है लेकिन आज के आधुनिक युग की इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हमारे खान-पान व रहन-सहन में कई बदलाव आए हैं जिनके कारण हमें चिंता, तनाव, थकान और चिड़चिड़ापन जैसी अन्य कई बीमारियां घेर लेती हैं। शुरू-शुरू में तो हम अपने स्वास्थ्य की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते क्योंकि आजकल की व्यस्त ज़िंदगी में किसी के पास इतना भी वक्त नहीं है कि वो अपने शरीर की ओर ध्यान दे लेकिन धीरे-धीरे यह छोटी-छोटी बीमारियाँ हमारे शरीर में ब्लड प्रेशर, शुगर, गठिया, मोटापा और माईग्रेन जैसी अनेक गंभीर रोगों को जन्म देती हैं। तब हम थोड़ा जागरूक होते हैं और हमारा ध्यान किसी योग की ओर जाता है क्योंकि केवल योग ही है जो इस प्रकार के रोगों को जड़ से खत्म कर सकता है। सिर्फ प्राचीन काल के योगियों ने ही नहीं बल्कि आज के आधुनिक युग के डॉक्टर्स ने भी इस बात को पूरी तरह साबित करके दिखाया है कि सिर्फ योग ही ऐसी रामबाण दवा है जिसके द्वारा हम शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं और यह हमें इस हलचल भरी दुनिया में मानसिक शांति भी प्रदान कर सकता है।
अगर हम योग के फायदों का ज़िक्र करें तो हम पाएंगे कि योग के फायदों की सूची कभी न खत्म होने वाली है। जैसे प्रतिदिन योग करने से शारीरिक तंदुरुस्ती तो आती ही है, इसके अलावा इसके द्वारा सबसे ज्यादा मानसिक शांति मिलती है, जिससे कि हमारे अंदर का तनाव खत्म होता है बल्कि इसके द्वारा हमारा मन भी शांत रहता है। इसके साथ-साथ बड़ी से बड़ी बीमारी से लड़ने के लिए हमारे शरीर में रक्त का संचार सुचारू रूप से होता है, जिससे कि हमारे अंदर रोगों से लड़ने की ताकत बढ़ जाती है। योग से हमारी पाचन क्रिया भी दुरुस्त होती है, जिसके कारण हमारे अंदर ऊर्जा का विकास होता है और हमारा शरीर लचीला बनता है। नियमित योग करने से जीवन के प्रति उत्साह बढ़ता है और हमारे अंदर मनोबल की भी वृद्धि होती है। इस प्रकार योग के द्वारा हम अपने तन को ही नहीं बल्कि मन को भी स्वस्थ रख सकते हैं। योग के कई प्रकार हैं जैसे, हठ योग, प्राण योग, राज योग, कुंभक और ज्ञान योग आदि। जितने भी प्रकार के ये योग हैं इन्हें करने के लिए एक तो इनमें समय बहुत ज्यादा देना पड़ता है जोकि आजकल की व्यस्त दिनचर्या में मुमकिन ही नहीं है। दूसरे इन्हें करने के लिए शरीर का पूरी तरह से स्वस्थ होने के साथ-साथ लंबी उम्र का होना भी बहुत ही जरूरी है जोकि आज के युग में संभव नहीं है। ये सभी यौगिक क्रियाएं सिर्फ हमारे शरीर को स्वस्थ रखती हैं लेकिन सुरत शब्द योग एक ऐसी विधि है जोकि पूर्णतया आध्यात्मिक है और यह न सिर्फ हमारे तन व मन को बल्कि हमारी आत्मा को भी तंदुरुस्त रखता है। परम संत कृपाल सिंह जी महाराज ने इस सुरत शब्द योग के बारे में कहा है कि, अगर हमारी आत्मा तंदुरुस्त होगी तो हमारा मन और शरीर खुद-ब-खुद तंदुरुस्त हो जाएगा। सुरत-शब्द योग हमें समझाता है कि सुरत जो हमारी आत्मा का बाहरी रूप है जब वो प्रभु के शब्द के साथ जुड़ती है तो फिर जहाँ से हम आए हैं, पिता-परमेश्वर के घर वहाँ हम वापिस जा सकते हैं। जब हम प्रभु के शब्द के साथ जुड़ते हैं तो हम अंदर की दुनिया में जाने के लायक होते हैं और हमारी आत्मा का मिलाप परमात्मा से हो सकता है। यह अनुभव हमें शांति देता है, आनंद देता है और हमें मस्ती के आलम में लेकर जाता है क्योंकि अंदर की यात्रा प्रेम और खूबसूरती से भरी हुई है। सुरत-शब्द योग के जरिये हम अपना ध्यान जो इस वक्त बाहर की दुनिया में जा रहा है, उसे अंदर की दुनिया में लेकर जाते हैं। इसे मेडिटेशन, भजन-सिमरन और ध्यान टिकाना भी कहा गया है। इसका अभ्यास कोई भी कर सकता है चाहे वो छोटा बच्चा हो या बुजुर्ग, चाहे एक धर्म को मानने वाला हो या किसी दूसरे धर्म को, चाहे वो एक देश में रहता है या किसी दूसरे देश में। ये एक आसान तरीका है, जिसका अभ्यास तंदुरुस्त हो या बीमार कोई भी कर सकता है। इसे हम अपने घर या ऑफिस में भी कर सकते हैं।
इसका प्रतिदिन अभ्यास करने से हमें हर जगह प्रभु का रूप दिखाई देने लगता है और फिर हमें यह अनुभव हो जाता है कि जो प्रभु की ज्योति मुझमें है, वही दूसरों में भी है तो हमारे अंदर एक बदलाव आता है। हमारे अंदर खुद-ब-खुद सभी के लिए प्रेम-भाव जागृत हो जाता है। हम एक शांति से भरपूर जीवन व्यतीत करते हैं। जिसके फलस्वरूप हमसे यह शांति धीरे-धीरे हमारे परिवार, समाज, देश में होती हुई संपूर्ण विश्व में फैलती है। ऐसा करके हम इस धरती पर स्वर्ग की कल्पना को साकार कर सकते हैं।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# खुलेआम कराएं पेपर आउट!

रामविलास जांगिड़

**इधर** बाजार में तरह-तरह के विज्ञापन लगे हैं। हमारी कंपनी में नकल एक्सपर्ट की सेवाएं लीजिए। हमारे संस्थान से डमी कैंडिडेट अभी प्राप्त करें और अभी 100 में से 200 अंक प्राप्त करें। अभी आइए और अभी पेपर कर ले जाइए। हमारी ऐसी नकल की शर्तिया कोई भी पकड़ नहीं पाएगा! सचित्र नकल शास्त्र अपनाएं और जल्दी ही परीक्षा में पास हो जाएं। आओ नकल नकल खेलें। नकल ही है असली जीवन। बिना अकल लगाए, हर किसी को नकल कराए। इस तरह की किताबें भी हवा में लहरा रही है। परीक्षा काल में बाजार सज चुका है। हर एक स्कूल कॉलेज और प्रतियोगी परीक्षाएं इस बाजार की सेवाएं देने के लिए आतुर हुए जा रहे हैं। हर तरफ नकल का जलवा जारी है। मैडम सुनीता ने अनीता को फोन लगाया- "सुनो! तुमने क्या तैयारी की है नकल कराने की?" "मैंने तो राष्ट्रीय नकल कंपनी के दलाल से बात कर ली है।"अनीता चहकी।"अच्छा! तूने मुझे बताया भी नहीं।" सुनीता उवाच। "अरे टाइम भी कहां मिला है बताने का! अनीता महकी।"तो सुनो! मुझे भी नकल कराने की वही सेवाएं चाहिए।" सुनीता बोली। "अरे यार! वह बहुत महंगा पड़ेगा। एक काम कर। तू बाजार जा। वहां से तू सचित्र नकल शास्त्र की किताब ले आ। उसमें से पढ़ ले और फिर खुद ही नकल कराने में माहिर हो जा। और हां! सुन! सचित्र नकल शास्त्र किताब के साथ में एक किताब और मुफ्त है, जिसमें यह गारंटी है कि खुलेआम कराएं पेपर आउट! अपने बच्चों को नकल भी करा दे और किसी दूसरे प्रतिभा को पेपर आउट करने की कला सीख दे। इसके लिए तू बहुत रोकड़ा भी कमा लेगी।" अनीता ने सविस्तार समझाया। "नहीं नहीं! मुझसे ये सब कुछ नहीं होगा। अगर मैं पढ़ सकती तो फिर यह ऐसी नौबत क्यों आती? मुझे उस कंपनी के दलाल का नाम बताओ जो नकल करने में माहिर हो।" सुनीता कड़क कर बोली। "ठीक है। मैं तुम्हें कंपनी के दलाल का नंबर व्हाट्सएप करती हूं। उसे आराम से बात करना और मेरा हवाला दे देना।" अनीता ने अपना एक्सपर्ट व्यू दिया। कोचिंग सेंटर में एक दिन घटनास्थल पर नकल एक्सपर्ट आ ही गया। एक मीटिंग बुलाकर नकल पर संवाद स्थापित किया। नकल एक्सपर्ट की सलाह थी कि शत प्रतिशत रिजल्ट के लिए कई तरीके अपनाने होंगे। स्वयं नकल कराने से लेकर परीक्षार्थी को नकल में आत्मनिर्भर बनाने तक के समस्त कार्य करने होंगे। "नकल में आत्मनिर्भर!" एक साथ 3 मैडमें बोल पड़ी। "हां! हां! नकल में आत्मनिर्भर! आत्मनिर्भर बनाना बहुत आवश्यक है और यह ज्यादा मुश्किल भी नहीं है। थोड़े से अभ्यास आप सब भी नकल एक्सपर्ट बंद कर एक्स्ट्रा इनकम भी कर सकते हैं।" एक्सपर्ट ने अपने विचार प्रकट किए।

# योग का अंतरराष्ट्रीय स्वरूप

संजीव

**योग अब** भारत के साथ विश्व स्तर पर फिर दस्तक देने लगा है, संयुक्त राष्ट्र संघ में योग को मान्यता देते हुए 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने का संकल्प लिया था और तब से लगातार प्रतिवर्ष विश्व योग दिवस मनाया जाता है। रोगों की रोकथाम में भी योग की सहायता लेकर प्राणायाम अनुलोम विलोम,भक्तिका जैसे योगासन फेफड़ों के लिए अत्यंत कारगर उपाय की तरह माने जा रहे हैं। पर्यावरण प्रदूषण के रोकथाम में भी योग काफी हद तक कारगर है अतः संक्रमण में योग का सहारा लेकर अपने शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। भारतीय योग विद्या अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो चुकी है एवं कॅरोना जैसे संक्रमण से बचने के लिए योग अभ्यास को अपनाने से इससे बचा जा सकता है। भारतीय वैदिक योग विद्या ने अंतराष्ट्रीय स्वरूप ले लिया है, योग अब न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। भारतीय योग गुरुओं के वर्तमान में लाखों विदेशी शिष्य भी बन चुके हैं ।योग एक आत्म केंद्रित शारीरिक क्रिया तथा प्रक्रिया है। इसके लिए किसी विशेषज्ञ की आवश्यकता भी नहीं होती ना किसी महंगी सहायक सामग्री की भी। इसीलिए योग एक रोग निवारक उपाय के रूप में धीरे धीरे व्यापक जन समर्थन प्राप्त करता जा रहा है। योग प्रक्रिया में किसी अनावश्यक धन खर्च की आवश्यकता भी नहीं है और इसमें किसी विशेषज्ञ अथवा स्पेशलिस्ट व्यक्ति को भारी धन खर्च कर उस से ज्ञान लेने की आवश्यकता भी नहीं है। इसीलिए योग रोग निवारक उपाय की तरह ग्रामीण तथा शहरी भारत आदिवासियों महिलाओं के साथ युवाओं, विद्यार्थियों ,गर्भवती माताओं, किशोरियों आदि में नित नई बीमारियों के उन्मूलन में अत्यधिक उपयोगी साबित भी होता जा रहा है। योग से न सिर्फ शरीर एवं मानसिक शक्ति में वृद्धि होती है बल्कि इससे आर्थिक लाभ प्राप्त होने लगे हैं ।योग से अर्थव्यवस्था सुधारने की क्षमता भी बढ़ती आंकी गई है। योग से अर्थव्यवस्था को सुधारने में अग्रणी भूमिका निभाने में बहु उपयोगी है। ग्रामीण टूरिज्म, योग टूरिज्म, विदेशी मुद्रा की प्राप्ति व्यक्ति की उत्पादन क्षमता में बढ़ना और योग सामग्री का नया बाजार विकसित धीरे-धीरे होने लगा है।

# मंत्री असीम गोयल ने पांच हजार पौधे वितरित किए

## 192 टीबी मरीजों को हर महीने पौषण किट वितरित करने का लिया संकल्प

**संकल्प**

▸ निवास स्थान पर पौषण किट वितरित की और प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने अपने निवास स्थान पर पौधों की छबील लगाई। उन्होंने अपनी बिटिया अंशिका गोयल के जन्मदिन व मेरा आसमान संस्था की 10 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 5 हजार पौधे मुफ्त वितरित किए। इसके साथ-साथ 192 टीबी मरीजों को निक्षय मित्र बनाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत इन निक्षय मित्रों को अपने निवास स्थान पर पौषण किट वितरित की और प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया। मंत्री असीम गोयल ने कहा कि उन्होंने संकल्प लिया है कि जब तक ये 192 मरीज ठीक नहीं हो जाते तब तक ये पौषण किट हर महीने इन मरीजों को पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। यह पौषण किट उनके स्वास्थ्य को बेहतर करने में कारगर सिद्ध होगी तथा वे जल्द ही स्वस्थ होंगे। उन्होंने कहा कि अम्बाला में जो टीबी अस्पताल हैं वह पांच राज्यों में सबसे बड़ा टीबी अस्पताल बनने जा रहा है। यह सभी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं व आधुनिक लैब वाला टीबी अस्पताल होगा। परिवहन मंत्री असीम गोयल ने अपनी बेटी के जन्मदिन पर मिशन निरोग अम्बाला का भी शुभारम्भ किया। इस मिशन के तहत 60 साल से उपर के जो भी बुजुर्ग मंत्री असीम गोयल के यहां अपना रजिस्ट्रेशन करवाएगा, उन्हें डॉक्टर द्वारा परामर्श की गई जैनरिक दवाई को मुफ्त दिया जाएगा।

मंत्री असीम गोयल ने कहा कि आज जिस प्रकार गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, ऐसी गर्मी एसी व कूलर भी कार्य करना बंद कर देते हैं। इस बढ़ती गर्मी से निजात पाने के लिए सिर्फ एक ही उपाय है कि हर व्यक्ति अपने घर आंगन खेत खलिहान में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

इसी नाते आज हमने पौधों की छबील भी लगाई हैं और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को व आने जाने वाले लोगों को पौधे वितरित भी किए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति एक पौधा जरूर लेकर के जाए और उसे पेड़ बनाने का संकल्प लें। इस संकल्प को पूरा करने के लिए मैंने अपने दोनों विभागों के टेडर अलॉट के मूल्याकंन के हिसाब से पेड़ लगाने के लिए भी प्रावधान किया हैं। उन्होंने कहा कि यदि को किसी कम्पनी/व्यक्ति को 1 लाख रूपए तक का काम मिला है तो उस कम्पनी/ व्यक्ति को एक पौधा लगाना है, उसी प्रकार यदि किसी कम्पनी को 1 करोड़ रूपए तक का काम मिलता है तो उस कम्पनी/व्यक्ति को 100 पौधे लगाकर उसे पेड़ बनाने तक का संकल्प लेना होगा। पेड़ लगाने के लिए उनका विभाग उन्हें जमीन देगा। हमें मिलकर अपने जिले को अपने हरियाणा को हरा भरा बनाना है। उन्होंने सभी से आहवान किया कि अपने बच्चों के जन्म दिवस पर व घर में को मांगलिक कार्य होने पर अपने घर आंगन में एक पौधा जरूरी लगाए व उसे पेड़ बनने का संकल्प भी लें। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ0 राकेश सहल, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 सीमा, डॉ0 हितार्थ, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, रितेश गोयल, संजीव गोयल टोनी, रमेश मल, सुन्दर ढिगंरा, हितैष जैन, गुरविन्द्र मानकपुर, सोमनाथ जनसूई, स्वर्ण सिंह सैनी, अमन सूद, प्रीतम सिंह, कमलजीत कॉवला व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।

# न्यूज फ्लैश

## मारपीट व छेड़छाड़ करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने महिला से मारपीट व छेड़छाड़ करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रवीन निवासी राजपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने 2 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। उसके ससुर ने बच्चे की कस्टडी का केस डाल रखा है। जिसको लेकर उसने अधिवक्ता के तौर पर प्रवीन को अपने पक्ष में केस लड़ने के लिए रखा हुआ था। उसने केस के बहाने उससे गलत तरीके केस हरकत की। उसके बाद उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सहायक महिला उप निरीक्षक मुकेश की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## घर से लाखों के जेवरात व 4.5 लाख चोरी

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित ट्रांसपोर्टर के बंद घर से चोर लाखों के आभूषण व साढ़े चार लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित परिवार सहित हरिद्वार स्नान करने गए थे। वहां से लौटने पर चोरी का पता लगा। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी ट्रांसपोर्टर अनिल ने बताया कि वह 15 जून को अपने परिवार सहित हरिद्वार गए थे। 18 जून को वहां से वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान चोरी था। चोर उनके घर सोने की 14 अंगूठी, चेन, मंगलसूत्र, दो जोड़ी बालियां, चार जोड़ी चांदी की पाजेब, 2 मोबाइल व साढ़े चार लाख रुपये की नकदी चोरी मिली। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने जांच के बाद चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई देवेंद्र ने बताया कि पुलिस टीम मामले की गहनता से जांच कर रही है। इसके लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जाएंगे। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर हो रहा है समाधान: वैशाली

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर और तय समय सीमा के अंदर होना चाहिए, इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। एडीसी डा. वैशाली शर्मा वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान आई हुई जनता की समस्याओं का समाधान करने उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। एडीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार हर कार्य दिवस को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। वीरवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में करीब 70 शिकायते सुनी गई, जिनमें से करीब 50 शिकायते परिवार पहचान पत्र से संबंधित थी, शेष शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए है।

# जेवरात चोरी करने की वारदात में शामिल दो महिलाएं गिरफ्तार

**काबू किया**

▸ पानीपत से सोनीपत आई थी महिला, साथ में थे सास-ससुर व बच्चे
▸ महिला का आरोप में बैग के अंदर रखा था आभूषण से भरा पर्स
▸ पर्स में था सोने का मंगलसूत्र, हार, अंगूठी और चांदी की तागड़ी
▸ अदालत ने आरोपित महिलाओं को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में बस में सफर कर रही महिला के बैग से सोने के आभूषण चोरी करने की वारदात में शामिल दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित महिलाओं को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। महिलाओं के पास से पुलिस ने 38 हजार रुपये की राशि बरामद की है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। शहर के ज्ञान नगर निवासी ज्योति ने 25 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने सास-ससुर व बच्चों के साथ पानीपत अपने मायके गई थीं। वह 23 अप्रैल को अपने मायके से सोनीपत आने के लिए पानीपत स्टैंड से बस में सवार हुई थी। उनके साथ सास-ससुर व दो बच्चे थे। उनके बैग में कपड़ों के साथ ही सोने का हार, मंगलसूत्र, अंगूठी व चांदी की तागड़ी थी। जब वह पानीपत से सोनीपत बस स्टैंड पर पहुंची तो उन्होंने अपना बैग की जांच की तो आभूषण चोरी मिले। आसपास पता करने पर कोई जानकारी नहीं मिल सकी। वह अपने घर चले गए। अब उन्होंने सिविल लाइन थाना पुलिस को शिकायत दी है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी टीकम ने बताया कि वारदात को अंजाम देने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से 38 हजार रुपये की राशि को बरामद कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।महिला से मारपीट व छेडछाड करने की घटना में संलिप्त आरोपी को किया गिरफ्तार, न्यायालय में पेशकर भेजा जेल

# साइबर ठगों के मकड़जाल में फंस रहे लोग, किसी से मोटी कमाई का लालच तो किसी को केस में बचाने का झांसा देकर लूटी राशि

▸ साइबर ठग लगातार लोगों की मेहनत की कमाई पर डाल रहे डाका, पीड़ितों ने पुलिस को दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में साइबर ठगों का मकड़झाल में लोग फंसे जा रहे है। ठग लगातार लोगों को झांसे में लेकर उनकी मेहनत की कमाई को हड़प रहे है। ठग किसी को मोटे मुनाफे का झांसा देकर ठगी का शिकार बना रहे है, तो किसी को दुष्कर्म के मामले में बचाने का झांसा देकर ठगी कर रहे है। कुंडली क्षेत्र की महिला को शेयर बाजार में मोटी कमाई का लालच देकर 1.49 करोड़ रुपये ठग लिए गए। फैक्टरी महाप्रबंधक को कॉल कर बेटे के दुष्कर्म मामले में फंसने व बचाने के नाम पर 5.20 लाख ऐंठ लिए गए। उधर, संस्था के नाम पर डोनेशन दिलाने का झांसा देकर ठगों ने 5.72 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ितों ने मामले को लेकर साइबर थाने में शिकायतें दी है।

# जीवन बचाने वाली जीवनवाहिनी खुद पड़ी बीमार, बेड़े में शामिल आधे के करीब सर्विस स्टेशन पर पहुंची

**एंबुलेंस खराब**

▸ अस्पताल से रेफर होने वाली गर्भवती महिलाओं व अन्य को दो से ढाई घंटे तक का करना पड़ रहा इंतजार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में लोगों की जान बचाने में सहायक जीवनवाहिनी (एंबुलेंस) खुद बीमार पड़ी है। बेड़े में शामिल आधे के करीब एंबुलेंस सर्विस स्टेशन व अस्पताल परिसर में खड़ी है। जिसके चलते अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों व गर्भवती महिलाओं को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में एंबुलेंसों में तकनीकि खराबी के आने की बाते कही जा रही है। वहीं समय पर एंबुलेंसों के रख-रखाव को लेकर सवाल खड़े होने लगे है। बुधवार को आपातकालीन कक्ष के बाहर एंबुलेंस को लेकर मरीजों के परिजनों में कहासुनी तक हो गई। मरीजों को अस्पताल से एंबुलेंस मिलने में दो से ढाई घंटों तक का इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे में गर्भवती महिला की हालत गंभीर बताकर रेफर करने पर उनकी जान को जोखिम में डाला जा रहा है। परेशानी तीमारदार निजी एंबुलेंस या निजी वाहन में जाने पर मजबूर हो रहे है। बता दें कि जिले में बेहत्तर सुविधाएं देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जीवनवाहिनी (एंबुलेंस) को तैनात किया है। जोकि घायलों व अस्पताल में गंभीर हालत के चलते रेफर होने वाली गर्भवती महिलाओं व घायलों को पीजीआई व अन्य बड़े अस्पतालों में पहुंचाने में सहायक होती है। मौजूद समय में विभाग के पास 29 जीवनवाहिनी (एंबुलेंस) तैनात है। उक्त जीवनवाहिनी (एंबुलेंस)में से 14 एंबुलेंस बीमार पड़ी चुकी है। जिन्हें उपचार के लिए सर्विस स्टेशन पहुंचाया गया है। वहीं कुछ एंबुलेंस अपने सेंटर पर उपचार का इंतजार कर रही है। प्रबंधन की तरफ से पूरे जिले में 16 एंबुलेंस से काम चलाया जा रहा है। इनमें से भी कुछ एंबुलेंस की स्थिति ठीक नहीं है। मरीजों को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस रास्ते में भी खराब हो जाती है।

आपाताकालीन कक्ष के बाहर एंबुलेंस को लेकर भिड़े दो पक्ष, दो से ढाई घंटों में मिल रही एंबुलेंस-

बुधवार को आपातकालीन कक्ष के बाहर दो पक्षों में झगड़ा शुरू हो गया। करीब एक सप्ताह से अस्पताल में भर्ती चौहान जोशी निवासी रेशमा को चिकित्सक ने रोहतक रेफर कर दिया। वहीं प्रसूति विभाग में पहुंची जटवाड़ा निवासी डिंपल गर्भवती है। जिसे चिकि्सक ने आप्रेशन की बात कहकर व सीरियस हालत बताकर महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। साथ ही गांव बड़ौली से आई गर्भवती प्रीति की हालत को गंभीर बताकर खानपुर रेफर कर दिया। रोहतक रेफर महिला के लिए एंबुलेंस लगा दी गई। वहीं दोनों गर्भवती महिलाएं व उनके परिजन ढाई घंटे से एंबुलेंस का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने पहले खानपुर भेजने के लिए कर्मचारियों को कहा।

जिसके बाद दोनों पक्षों में कक्ष के बाहर तू-तू-मैं-मैं शुरू हो गई। प्रबंधन की तरफ से पहले दोनों गर्भवती महिलाओ का खानपुर भेजा। उसके करीब 10 मिनट बाद दूसरी एंबुलेंस बुलाकर रोहतक मरीज को रेफर किया।

# डीएवी मुरलीधर स्कूल में त्री-दिवसीय शिविर में किया योगाभ्यास



**योगी शिविर**

▸ अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।योग शिविर का समापन 21 जून को पुलिस लाइन ग्राउंड में किया जाएगा


**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है और योग मनुष्य को दीघार्यु बनाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निदेर्शों के अंतर्गत योग शिविर का आयोजन करवाया गया।

डी०ए०वी मुरलीधर पब्लिक स्कूल अंबाला शहर के छात्रों ने 18, 19, 20 त्री-दिवसीय शिविर में योगाभ्यास किया। योग संस्थान के अध्यक्ष सुरेंद्र अरोड़ा और रामनाथ कपूर के दिशा निदेर्शों के अंतर्गत योग अभ्यास और अन्य क्रियाओं का आयोजन करवाया गया।

उनके सहायक योग शिक्षकों ने बच्चों को पद्मासन, प्राणायाम, ताड़ासन, वज्रासन आदि आसनों द्वारा शरीर को स्वस्थ कैसे रखा जाता है बताया गया तथा करवाया गया। प्रिंसिपल डॉक्टर आर-आर सूरी ने सभी बच्चों को योग के लिए प्रेरित किया। स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित अध्यापक व अध्यापिकाओं ने भी अपनी विशेष भूमिका निभाई। स्पोर्ट्स शिक्षक श्रीमती भाविका, श्रीमान लवदीप और श्रीमान जगतार सिंह जी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।योग शिविर का समापन 21 जून को पुलिस लाइन ग्राउंड में किया जाएगा।

# कुरुक्षेत्र में आयोजित चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग में हुई घोषणा



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** जिले के रोहन मलिक को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सोनीपत विभाग का संयोजक नियुक्त किया गया। सोनीपत विभाग में तीन जिले आते हैं सोनीपत, पानीपत, करनाल। कुरुक्षेत्र में चल रहे चार दिवसीय अभ्यास वर्ग के दौरान उनकी घोषणा की गई। विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक मलिक ने बताया कि 14 जून से आरंभ होकर अभ्यास वर्ग 17 जून को समाप्त हुआ जिसमें 200 से ज्यादा प्रांत के सभी जिलों से आए कार्यकताओं का प्रशिक्षण हुआ। जिसमें विद्यार्थी परिषद की कार्य, नीति, कार्यपद्धति आदि के बारे में नए कार्यकताओं को बताया एवं उनका प्रशिक्षण किया। प्रांत अभ्यास वर्ग में विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय अधिकारी, उत्तर क्षेत्रीय अधिकारी, एवं अखिल भारतीय अधिकारी भी मौजूद रहे जिन्होंने कार्यकताओं से बात कर उनका मनोबल बढ़ाया। अभ्यास वर्ग के आखिरी दिन प्रांत अध्यक्ष श्री सुशील कुमार ने पूरे प्रांत के विभिन्न घोषणाएं की जिसमें रोहन मलिक को सोनीपत विभाग संयोजक का दायित्व दिया गया। रोहन मलिक पिछले 6 वर्ष से विद्यार्थी परिषद में कार्य कर रहे हैं इससे पहले उनके पास जिला सह संयोजक, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, जिला सदस्यता प्रमुख, जिला संयोजक ऐसे विभिन्न दायित्व रहे हैं।

# 'बिना किसी भय के नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दें'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा श्री शत्रुजीत कपूर व राज्य नारकोटिकस कंट्रोल ब्यूरो के आदेशों की पालना करते हुए जिला पुलिस द्वारा 12 जून से 26 जून तक नशा-मुक्त पखवाडा मनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

# रोडवेज की लॉरी में कैसे करे यात्री सफर, परिसर में ड्रेन का दूषित पानी भरा

**ओवरफ्लो**

▸ बस अड्डे के साथ लगती ड्रेन नंबर-6 के ओवरफ्लो होने के कारण बस अड्डे में भरा दूषित पानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर** के बीच से होकर गुजर रही ड्रेन नंबर आठ रोडवेज में सफर करने व सोनीप डिपो में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए अभिशाप बनी हुई है। अड्डे की दीवार के साथ गुजर रही ड्रेन नंबर-6 एक बार फिर ओवरफ्लो हो गई। जिससे ड्रेन का दूषित पानी बस अड्डा परिसर में भर गया और बस अड्डा बिना बारिश ही तालाब बना रहा। यात्रियों को दूषित पानी के बीच से होते हुए बसों में सवार होने को मजबूर होना पड़ा। काफी यात्रियों ने तो बस अड्डे के बाहर से ही बस पकड़ने में गनीमत समझी। साथ ही बस परिसर में काम करने वाली कर्मचारियों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बस अड्डा परिसर में पानी भरने का पता लगने के बाद नगर निगम के अधिकारी अमले के साथ मौके पर पहुंचे और समाधान के प्रयास शुरू किए।

बता दें कि शहर के बीच से होकर गुजर रही ड्रेन नंबर-8 को पक्का करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं सोनीपत बस अड्डे के साथ ड्रेन नंबर-6 गुजरती है। बस अड्डे का स्तर ड्रेन से नीचे होने के कारण अक्सर इसमें पानी भर जाता था। समस्या के स्थायी समाधान को लेकर ड्रेन-6 को पक्का करने का काम शुरू किया गया। ड्रेन के अधिकतर भाग को पक्का कर दिया गया है। मंगलवार शाम को नवनिर्मित ड्रेन में पानी छोड़ा गया। आगे से रास्ता संकरा होने के कारण ड्रेन ओवरफ्लो हो गई। ड्रेन के निर्माण के दौरान सामान लाने-ले जाने के लिए बस अड्डे की दीवार तोड़कर रास्ता बनाया था। रात को इसी रास्ते और एंट्री गेट के पास से ड्रेन का दूषित पानी बस अड्डा परिसर में भर गया। सुबह कर्मचारी और यात्री बस अड्डे पर पहुंचे तो बस अड्डा तालाब बना नजर आया। जिससे कर्मचारियों व यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह रहे कि बस अड्डे पर कार्यशाला में खड़ी कर्मचारी की कार पानी भरने के कारण यहीं फंसी रह गई। वहीं बस अड्डे से उत्तर प्रदेश, राजस्थान, जम्मू, शिमला, दिल्ली सहित अन्य स्थानों पर सीधी बस सेवा है। यही कारण है कि यहां से रोजाना हजारों यात्री आवागमन करते हैं।

बुधवार को बस अड्डे में पानी भरने से यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विभिन्न रूटों पर जाने वाली बसों को बूथ से सटाकर खड़ा करवाया गया, ताकि यात्री पिछली खिड़की से बस में सवार हो सकें। इसके बाद बसों को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। यात्रियों व रोडवेज कर्मचारियों ने समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

# शेयर बाजार में मोटी कमाई का लालच देकर 1.49 करोड़ ठगो

> ऑनलाइन साइटों से आने वाले लिंक व कॉल से बचना जरूरी है। ऐसे कॉलर से किसी प्रकार की जानकारी शेयर न करें। ठग लगाताकर लोगों की कमाई को ऐंठने का काम कर रहे है। साइबर पुलिस की तरफ से बड़े से बड़े खुलासे करने का काम किया है। काफी संख्या में ठगों के पास से मोबाइल फोन, सिम, सहित अन्य उपकरण बरामद किए है। आरोपितों ने पूरे भारत में बड़ी संख्या में ठगी के मामलों में संलिप्ता पाई गई है। पुलिस अपने स्तर पर लोगों को जागरूक करने का काम भी कर रही है।
>
> **गौरव राजपुरोहित पुलिस उपायुक्त सोनीपत**

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुंडली: कुंडली** क्षेत्र की महिला को शेयर बाजार में मोटे मुनाफे का झांसा देकर 1,49,49000 रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति राजीव सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी नीलम 29 मार्च को मोबाइल पर सोशल मीडिया की पोस्ट देख रही थीं। तभी उन्हें शेयर मार्केटिंग सीखने के लिए विज्ञापन देखा था। जिस पर उन्होंने अपना मोबाइल नंबर उनके साथ साझा कर दिया था। उन्हें एफ 101 एवेंडस इन्वेस्टर क्लब नाम से बने व्हाट्सएप पर जोड़कर मीरा नाम की महिला ने संपर्क किया था। जिसके बाद नरेश राठी से संपर्क कराया गया। उन्हें शेयर मार्केट में 600 से 800 प्रतिशत का मुनाफा देने के नाम पर झांसे में लिया गया। 3 मई को मीरा ने उनकी पत्नी को कॉल कर पूछा था कि उनके पास कोई ट्रेडिंग एप है। तब उनकी पत्नी ने बताया था कि ग्रो-डब्ल्यू एप है। उन्होंने उनकी पत्नी से असमटोप एप डाउनलोड कराया। जिसके बाद उनकी पत्नी से 50 हजार रुपये शेयर मार्केट में लगाए गए। उसके बाद 31 दिन में 10 मई से 10 जून तक उनसे 23 बार में 1,49,49000 रुपये जमा करा लिए गए। जब वह अपने पैसे निकालने गए तो और रुपये की मांग की गई। जिस पर उनकी पत्नी आरोपियों के मुंबई स्थित कार्यालय में पहुंची तो वहां उनके साथ ठगी किए जाने का पता लगा। जिस पर साइबर थाना में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

**मामला नंबर-2 बेटे के दुष्कर्म के मामले में फंसने व बचाने के नाम पर ठगी-** कुंडली स्थित फैक्टरी के महाप्रबंधक को कॉल कर बेटे के दुष्कर्म मामले में फंसने की जानकारी देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। खुद को पुलिसकर्मी बताकर मामले से महाप्रबंधक के बेटे को निकालने के नाम पर 5.20 लाख ठग लिए गए। नवीन ने पुलिस को बताया कि उनके पास 12 जून को कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को पुलिसकर्मी बताया था। उसने कहा था कि पुलिस वेरिफिकेशन कॉल है। साथ ही पूछा था कि क्या आप नवीन कुमार सिंह बोल रहे है। उनके हां कहने पर ठग ने कहा था कि आपका बेटा अपने चार दोस्तों के साथ मध्यप्रदेश में दुष्कर्म मामने में पकड़ा गया है। उन्हें पता है कि वह निर्दोष है। उसने किसी को उनका बेटा बताकर बात कराई। उसने रोते ही कहा कि पापा उसे बचा लो। उनका बेटा बाहर गया था तो वह उनके झांसे में आ गए। साइबर ठग ने पुलिस व चिकित्सक को देने के नाम पर उनसे 16 बार में अलग-अलग खातों में 5.20 लाख रुपये ठग लिये। जब उन्हें पता लगा तो पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**मामला नंबर-3 चंदा दिलाने के नाम पर 5.72 लाख ठगे-** बंदे पुर निवासी ग्रामीण को चंदा (डोनेशन) दिलाने के नाम पर 5.72 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। सतीश कुमार ने बताया कि 25 सितंबर, 2023 को उनके पास एक कॉल आई थी। जिसने कहा था कि वह शिक्षण संस्थानों को डोनेशन दिलवाते है। वह डोनेशन लेने के नाम पर उनके झांसे में आ गए। उनसे अलग-अलग बैंक खातों में 51 ट्रांजेक्शन में 5 अक्तूबर, 2023 से 7 फरवरी तक 5.72 लाख रुपये डलवा लिए गए। बाद में जब ठगी का पता लगा तो पुलिस को अवगत कराया। हिंदू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की पूर्व छात्रा को जॉब दिलाने के नाम पर पांच हजार ठगने का मामला सामने आया है।

# शराब कारोबारी की गोलियां मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**हत्याकांड**

▸ कुराड़ मोड़ से गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ में पता लगा कि सन्नी सुंदर मलिक के साथ था

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** की एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर मुरथल थाना क्षेत्र में स्थित गुलशन ढाबे पर शराब कारोबारी हत्याकांड में आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस विभाग की तरफ से आरोपित पर पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया हुआ था। गिरफ्तार आरोपित नीरज निवासी उद्देशीपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव खीजरपुर जट माजरा निवासी सुनील कुमार ने गत 10 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी बुआ का लड़का मूलरूप से गांव सरगथल फिलहाल पटेल नगर निवासी शराब कारोबारी सुंदर मलिक उर्फ सुंदरा (36) गुलशन ढाबा की पार्किंग में अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर आया था। वह रात को गाड़ी में ही सो गया था। अगले दिन सुबह साढ़े आठ बजे होंडा अमेज कार में साथी संग आए दो युवकों ने पार्किंग में ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर सुंदर की हत्या कर दी थी। सुंदर मलिक उर्फ सुंदरा कुख्यात नीतू दाबोदिया गैंग का शार्प शूटर रहा है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त की गई कार को खेवड़ा-झुंडपुर रोड पर लावारिस हालत में बरामद किया था। वह दिल्ली से चोरी की गई थी। पुलिस ने मामले में जांच का दायरा बढ़ाया तो सुंदर के दोस्त गांव कैलाना निवासी सन्नी फौगाट उर्फ फौजी पर शक गहरा गया। उसे कुराड़ मोड़ से गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ में पता लगा कि सन्नी सुंदर मलिक के साथ था।

# समस्याओं के निदान को लेकर अधिकारी करें गंभीरता से कार्य: उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का युद्ध स्तर पर समाधान किया जा रहा है। जिले स्तर आयोजित किये गए जा रहे समाधान शिविरों में कितनी समस्याओं का समाधान हुआ है इसको लेकर उपायुक्त पूरी तरह से गंभीर है। उपायुक्त के निर्देश पर पूरे समाधान शिविर की वीडियोग्राफी की जा रही है। इन समाधान शिविरों को लेकर चाहे हाजिरी की बात हो या फिर समस्या के समाधान की दोनों



स्थितियों में उपायुक्त का एक ही दृष्टिद्कोण नजर आता है कि पुरूष व महिलाओं द्वारा प्रस्तुत समस्या में किसी प्रकार का भेद न हो व दोनों की समस्याओं का निश्चित समय अवधि में हल हो। इसको लेकर वे लगातार अधिकारियों को निर्देश देते रहे है। उपायुक्त ने बताया कि अब समस्याओं की समीक्षा भी साथ साथ की जाएगी व समाधान पर और जोर दिया जाएगा। गुरूवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल 153 शिकायतें जरूरतमंदो द्वारा रखी गई। जिनका उपायुक्त ने अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को चेताया कि वे समाधान शिविर में यदि समय पर नहीं पहुंचेगें, और रूचि लेकर कार्य नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ न केवल कागजी कार्यवाही होगी बल्कि उनकी तनख्वाह को भी ब्लॉक कर दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो महिलाएं अपनी समस्या को लेकर सचिवालय पहुंचती है उनका समाधान कम से कम समय में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जनता का विश्वास हमारे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने समाधान शिविर में गुरूवार को देरी से पहुंचे अधिकारियों को को भी सख्ती दिखाई। विदित रहे पिछले दस दिन से जिला सचिवालय व उपमंडल स्तर पर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविर में महिलाओं की अच्छी खासी उपस्थिति रही है व यह लगातार बढ़ रही है। ऐसी अनेक महिलाएं अपनी समस्याओं के निदान के लिए सचिवालय में रोजाना पहुंच रही है व अपनी समस्याओं को उपायुक्त व प्रशासन के सामने मजबूती के साथ न केवल रख रही है, बल्कि उनका समाधान भी करवाने में वे सफल रही है।

# महेंद्र कादियान ने उठाया ग्रामीण जनता को निशुल्क गंगा स्नान करने का बीड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत ग्रामीण विधानसभा** क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कादियान नेता होने के साथ ही समाजसेवी भी हैं। धार्मिक होने के साथ-साथ वे समाजसेवी कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए वे हमेशा कुछ ना कुछ नया करने की सोच रखते हैं। इसी सोच के चलते इस बार उन्होंने विधानसभा के लोगों को बस से हरिद्वार ले जाकर निशुल्क गंगा स्नान कराने का बीड़ा उठाया है। इस कार्य की शुरूआत उन्होंने गंगा दशहरा के पावन दिन से की। अब तक विधानसभा क्षेत्र के 300 लोग गंगा स्नान कर चुके हैं। कादियान का कहना है कि यह सेवा फिलहाल जारी रहेगी। पानीपत



ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र स्थित उनके गांव सिवाह से यह बस सेवा शुरू की गई है। बस सुबह 8 से 8.30 बजे तक यहां से हरिद्वार के लिए निकलती है और अगले दिन वापस आती है। इस दौरान हरिद्वार में रात्रि में धर्मशाला में रुकने और खान-पान की व्यवस्था भी निशुल्क की गई है। विधानसभा क्षेत्र का जो भी व्यक्ति हरिद्वार में गंगा स्नान करने का इच्छुक हो, वह गंगा स्नान कर सकता है। कादियान का कहना है कि यदि ईश्वर ने चाहा तो वे हर साल जनता की सेवा के लिए ऐसे कार्य करते रहेंगे। गंगा स्नान करने वाले लोगों ने महेंद्र सिंह कादियान के इस कदम की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रक ड्राइवर का अमानवीय कृत्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिले के काछवा** गांव के पास इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें ट्रक चालक ने एक दिव्यांग व्यक्ति को अपने ट्रक से कुचल दिया। यह हादसा तब और भी भयावह हो गया, जब ट्रक चालक ने पुलिस को सूचना देने की बजाय शव को पत्थरों के नीचे छिपा दिया। ग्रामीणों ने जब पलटे हुए ट्रक को देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की तो ट्रक चालक की यह करतूत सामने आई। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के शवगृह में भेज दिया। चालक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी गई है। मृतक की पहचान 30 वर्षीय शीशपाल के रूप में हुई है, जो सुबह की सैर के लिए निकला था। शीशपाल जो उत्तर प्रदेश का मूल निवासी था, पिछले 15 वर्षों से काछवा गांव में अपनी मां के साथ रह रहा था। शीशपाल एक हाथ से दिव्यांग था। अब तक उसकी शादी नहीं हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही उसकी मां मौके पर पहुंची और अपने बेटे के शव को देखकर बुरी तरह बिलखने लगीं। गांव के पूर्व सरपंच बिट्टू ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि ट्रक चालक ने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। उन्होंने बताया कि ट्रक पलटने के बाद चालक ने घायल कंडक्टर को तो अस्पताल भेज दिया, लेकिन शीशपाल के शव को पत्थरों के नीचे दबा दिया, ताकि किसी को पता न चल सके। ट्रक में चीनी की बोरियां थीं, जिन्हें बचाने के लिए चालक ने तिरपाल से ढक दिया था। चालक ने ट्रक सीधा करवाने के लिए मजदूरों को बुलाया था, लेकिन जब उन्होंने शव को पत्थरों के नीचे दबा हुआ पाया तो उन्होंने ट्रक सीधा करने से इनकार कर दिया। इस घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे सदर थाना के प्रभारी राजपाल ने बताया कि ट्रक ड्राइवर ने शीशपाल को कुचलने के बाद पुलिस को सूचित करने की बजाय शव को छुपाने की कोशिश की। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि वास्तव में हादसा कैसे हुआ और ट्रक चालक ने इस अमानवीय कृत्य को क्यों अंजाम दिया।

### उपमंडल स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला/बराड़ा: राजकीय आदर्श** संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराड़ा में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में लगभग 150 से अधिक स्कूली बच्चों, महिलाओं, नागरिकों और प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। इस मौके पर योग प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास, ध्यान क्रियाओं व अन्य व्यायामों का अभ्यास करवाया। एसडीएम अश्वनी मलिक ने बताया कि आज राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराड़ा में ही उपमंडल स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम प्रातः 6 बजे योगाभ्यास के प्रोटोकोल के अतिरिक्त योग सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देश में योग दिवस का एक अपना ही अलग महत्व है। योग भारतीय प्राचीन संस्कृति की परम्पराओं को समाहित करता है। भारत में योग का प्राचीन समय से ही अहम स्थान रहा है, क्योंकि योगा भारत की प्राचीन पद्धति है। उन्होंने कहा कि लोगों में योग के महत्व की जागरूकता लाना बहुत जरुरी हैं। योग क्रिया करने से मनुष्य मानसिक और शारीरिक रुप से तंदुरुस्त रहता है।

# योग दिवस को यादगार बनाने को लेकर की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आयुष विभाग हरियाणा** व हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे 10वें अंतर्राष्टद्रीय योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर गुरूवार को जिला सचिवालय के सभागार में उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में 5 स्थानों पर योग दिवस को लेकर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई व अधिकारियों की डयूटी लगाई गई। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 4 हजार विभिन्न विभागों के कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी,




पुलिस कर्मी, पंतजलि संस्थान, खेल विभाग, आंगनवाडी वर्कर शिरकत करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि शिवाजी स्टेडियम में आयोजित किये जा रहे जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में विकास पंचायत एवं सहकारिता राज्य मंत्री महीपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। मतलौडा में योग दिवस कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद कृष्ण लाल पंवार नई अनाज मंडी मतलौडा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समालखा की अनाज मंडी में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में शहरी विधायक प्रमोद विज मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेगें। उपायुक्त ने बताया कि अनाज मंडी बापौली में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त साहिल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर योग कार्यक्रम को सफल बनाएगें। नई अनाज मंडी इसराना में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम मनदीप कुमार योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। आयुष विभाग के डॉ.संजय ने बताया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बेहतर तरीके से मंच स्थापित किया जा रहा है। रंगोली बनाई गई है। योग साधकों के लिए बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है।

# बराड़ा में उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/बराड़ा: बराड़ा** के एसडीएम अश्वनी मलिक की अध्यक्षता में जनता की समस्याओं के निवारण के लिए प्रदेश सरकार के आदेशानुसार उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन एसडीएम कार्यालय में किया गया। समाधान शिविर में प्राप्त हुई सभी समस्याओं का मौके पर निपटान किया। एसडीएम अश्वनी मलिक ने बताया कि प्रदेश सरकार ने नागरिकों की समस्याओं के निवारण के लिए उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का संचालन किया जा रहा है। इन शिविर में पुलिस, राजस्व, नगर निकाय, समाज कल्याण आदि जनकल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारी एक साथ मौजूद रहते हैं और लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। बुधवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में ज्यादातर समस्याएं परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने बारे थी।



# बीड़ी न देने पर गन्ना काटने के कटर से काटी टांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के कैहरबा** गांव में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति का गन्ना काटने वाले कटर से पैर काट दिया। व्यक्ति का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने आरोपी को बीड़ी नहीं दी थी। इससे गुस्साए आरोपी ने व्यक्ति पर हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। पीड़ित के भाई ने उसे इंद्री के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इसके बाद पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कैहरबा निवासी सतीश कुमार पुत्र धर्मपाल भेड़ बकरियां चराने का काम करता है। बीती 20 मई की दोपहर करीब 2 बजे वह दुकान पर बीड़ी लेने के लिए जा रहा था।



# सब्जियों के बढ़े रेटों के कारण बिगड़ा है रसोई का बजट

**खाने की थाली से दूर होने लगी सब्जियां- अब स्थिति यह है कि आम आदमी सब्जियां खरीदने से पहले काफी सोचने लगा है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : मौसम विशेषज्ञों** के अनुसार इस बार पिछले एक महीने से अधिक समय तक गर्मी भीषण रही है। गर्मी से आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है। सूर्य देवता की तपिश की गर्मी का सीधा असर घर के बजट पर भी पड़ा है। चाहे वीरवार की सुबह बरसात के कारण गर्मी से थोड़ी राहत मिली हो लेकिन भीषण गर्मी का असर सब्जियों के दामों पर देखा जा रहा है। ऐसे में लोगों के घर की रसोई का बजट भी बिगड़ा है। अब स्थिति यह है कि आम आदमी सब्जियां खरीदने से पहले काफी सोचने लगा है। बीते



दिनों में तापमान 43 से 45 के आसपास रहा है। जिस कारण इसका असर हरी सब्जियों पर पड़ा है। क्योंकि बढ़ती गर्मी के कारण सब्जियों की पैदावार कम हुई है तथा ज्यादा देर तक स्टोर नहीं किए जाने के कारण जल्दी खराब होने लगती है। मांग के अनुरूप सप्लाई नहीं होने के कारण भी सब्जियों के रेट बढ़े हुए हैं। गृहणियों मान्या अरोड़ा, मन्नत, प्रियंका, दीपिका व साक्षी का कहना है कि फल सब्जियां व रोजमर्रा की वस्तुओं के भाव बढ़ने से घर चलाना मुश्किल हो रहा है। इससे घर का बजट गड़बड़ा रहा है। सब्जी उत्पादन के लिए मानक तापमान कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह के अनुसार सब्जियां के लिए पर्याप्त तापमान की जरूरत है लेकिन इस बार पिछले करीब एक महीने से तापमान सामान्य से बहुत ज्यादा हो गया था। इस वजह से कई सब्जियों के पौधे तक झुलस गए हैं और उत्पादन घट रहा है।

# जीआरपी ने चलाया जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र रेलवे** स्टेशन परिसर में राजकीय रेलवे पुलिस ने थाना प्रभारी इशम सिंह के नेतृत्व में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। इसमें रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को नशे से होने वाली बीमारियों, दुष्प्रभावों व दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया। इसके अलावा जीआरपी कर्मियों ने संदिग्धों की तलाशी ली। वहीं रेलवे परिसर में नशीले पदार्थ न लेकर आने की हिदायत दी। अवैध रूप से नशीला पदार्थ पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जीआरपी थाना प्रभारी इशम सिंह



ने बताया कि डीजीपी शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार प्रदेश में 12 से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस अपने-अपने क्षेत्रों सहित सार्वजनिक स्थलों पर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रही है और आमजन को नशे से होने वाली गंभीर बीमारियों, सामाजिक व आर्थिक नुकसान के बारे में अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान जीआरपी ने यात्रियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों को साइबर क्राइम के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि आजकल साइबर क्राइम के मामले बढ़ रहे हैं। अपराधी अलग-अलग तरिकों से लोगों को शिकार बनाते हैं। इनसे बचने का जरिया केवल जागरूकता है। इसलिए सभी लोग जागरूक रहें और साइबर ठगी का शिकार होने से बचे। इसके बाद भी अगर किसी के साथ साइबर क्राइम हो जाए तो बिना घबराए पुलिस की मदद लें।

# कृषि यंत्रों का किया गया भौतिक सत्यापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कृषि तथा** किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ.वजीर सिंहने बताया कि जिला में वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत किसानों द्वारा अनुदान पर लिए गए स्ट्रॉ बेलर व स्ट्रॉ रेक का पुनः भौतिक सत्यापन आज नई अनाज मंडी, असंध में तथा ब्लॉक करनाल, घरौंडा, इंद्री व नीलोखेड़ी के किसानों के कृषि यंत्रों का नई अनाज मंडी, करनाल में भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होंने बताया कि यह कृषि यंत्र विभाग द्वारा अति महत्वपूर्ण योजना फसल अवशेष प्रबंधन के तहत किसानों को दिए गए थे, इन मशीनों का उपयोग फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिए किया जाता है, फसल कटाई के बाद जो भी अवशेष बच जाते हैं, ये मशीनें उन अवशेषों को उपयोगी बना देती हैं। धान की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषो में किसान आग लगा देते हैं, जिससे कि प्रदूषण की मात्रा बढ़ जाती है, जो कि स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हैं, सरकार द्वारा भी सख्त हिदायतें दी जाती हैं व इन अवशेषो का प्रबंधन करने के लिए मशीने 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करवाई जाती हैं। फसल अवशेष मिट्टी के लिए भी उपयोगी होते हैं, परन्तु किसानों द्वारा अवशेष जलाए जाने पर मिट्टी में पाए जाने वाले अति महत्वपूर्ण तत्व नष्ट हो जाते हैं।

# 23 जून को रोहतक में होगा नवनिर्वाचित सांसदों का सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**केंद्र सरकार द्वारा किसानों** को 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जाने, 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मनाने, 23 जून से ही 6 जुलाई तक पौधरोपण पखवाड़ा मनाने और रोहतक में रविवार को होने वाले सम्मान समारोह पर चर्चा के लिए भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया` बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की और जिला उपाध्यक्ष डॉ. हेमा रमन ने सभी का स्वागत कियो जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर ने सभी का



आभार व्यक्त किया और रोशन लाल माहला ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत कियो बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र हल्दाना, अनिल मदान, प्राण रत्नाकर, संजीव दहिया, ज्योति शर्मा और सुनील कंसल, राजीव रंजन, प्रमोद कुराडिया, कुलदीप जांगड़ा और मनजीत डिकाडला भी उपस्थित रहे` सभी वक्ताओं ने किसानों को एमएसपी देने और किसान सम्मान निधि जारी करने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया` जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने पानीपत जिला के गाँव भोड़वाल माजरी की शिवानी पांचाल को हरियाणा लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पिछड़ी जाति (बी) श्रेणी में प्रथम स्थान लेने पर बधाई दी गौरतलब है कि शिवानी की मां सविता भोड़वाल माजरी में आंगनवाड़ी वर्कर है` प्रतिभा के दम पर गरीब परिवार का बच्चा भी ऊँचे पद पर आसीन हो सकता है` बैठक को संबोधित करते हुए दुष्यंत भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार ने 14 कृषि फसलों का एमएसपी घोषित करने और किसानों को किसान सम्मान निधि की किश्त जारी करके एक अति सराहनीय कार्य किया है उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार किसान के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहती है` इसी कड़ी में सरकार द्वारा नए कौशल से भारतीय कृषि क्षेत्र को समृद्ध करने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं` किसानों को जहां एमएसपी समय से पूर्व देने की घोषणा की गई है वहीं नई कृषि तकनीक देने के लिए भी सभी प्रयास किए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में उभरते 107 कौशल क्षेत्रों की पहचान कर ली गई है और शीघ्र ही विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं द्वारा इन कौशल पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण आरंभ कर दिया जाएगा।

# श्री सीमेन्ट द्वारा शहीद सैनिक की वीरांगना को मुफ्त में 246 बैग सीमेन्ट प्रदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**श्री सीमेन्ट लिमिटेड** अपने सी.एस.आर कार्यकम "नमन" के अन्तर्गत बार्डर पर शहीद होने वाले सैनिकों की वीरांगनाओं को धर बनाने के लिए मुफ्त में सीमेन्ट प्रदान करेगी। श्री सीमेन्ट लिमिटेड द्वारा 16 दिसंबर को मनाये जाने वाले विजय दिवस पर "नमन" योजना का लोकापर्ण किया, जिसके अन्तर्गत 1 जनवरी 1999 से 1 जनवरी 2019, 20 वर्ष के बीच शहीद हुए जवानों के आश्रितों को घर बनाने के लिए मुफ्त में सीमेन्ट प्रदान की जावेगी। इसी




तारतम्य में दिनांक 20 जून 2024 को श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा श्रीमति राजबाला पत्नी शहीद नायब सी०टी० जी०डी सत्या प्रकाश, 910010957 को 246 बैग सीमेन्ट निशुल्क प्रदान कियें गयें। श्री बाबूलाल भाई राजबाला कुमारी को उक्त 246 सीमेन्ट बैग देवेन्द्र माथुर, उप-महाप्रबन्धक द्वारा प्रदान किया गया।

# बांकनेर: श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में जमकर झूमे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नरेला विधानसभा के बांकनेर गांव में श्री श्याम सेवा दल एवं समस्त ग्रामवासियों की ओर से गुरुवार को वार्षिक श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

श्री खाटू श्याम भगवान के भव्य संकीर्तन में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर श्री श्याम बाबा के समक्ष माथा टेका और मन्नते मांगी। महोत्सव में भजन गायक सुश्री रितु पांचाल, राहुल प्रजापति आदि ने श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के भजनों की एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। संकीर्तन पश्चात आयोजित महा भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।





बाहरी दिल्ली के बांकनेर गांव स्थित सामुदायिक विकास भवन में गुरुवार को श्री श्याम सेवा दल एवं समस्त ग्राम वासियों की ओर से वार्षिक श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव व विशाल महाभंडारे काआयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य एवं अलौकिक दरबार सजाया गया। श्रृंगारित दरबार के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति का गजब उत्साह देखते ही बन रहा था। श्री श्याम महोत्सव में भजन गायको में रितु पांचाल, राहुल प्रजापति आदि ने भगवान श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। दोपहर 12 बजे से बजे शुरू हुए महोत्सव में श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। इस दौरान श्याम बाबा की जय, खाटू वाले की जय, हारे के सहारे की जय, तीन बाण धारी की जय के जयकारों से पूरा पांडाल गूंज उठा।

श्याम संकीर्तन में श्याम रसोई, अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, अखंड ज्योति, छप्पन भोग आकर्षण का केंद्र रहे। देर रात तक चले महोत्सव का समापन महाआरती के साथ हुआ। इसके पश्चात विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।

श्याम संकीर्तन महोत्सव में बाँकनेर वार्ड 2 से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, अशोक खत्री, डा. संजय, मनोज (मिन्टू), प्रदीप दहिया, योगेश खत्री, विरेन्द्र खत्री, संदीप (लवली), अमित कुमार भारद्वाज, अजय खत्री (निक्का), राज सिंह दहिया, मुकेश पंडित, राज सिंह सैनी, अनुज खत्री, डा. प्रवीण शर्मा, भीम सिंह खत्री, सागर खत्री, राजेश खत्री, डा. संदीप, डा. संजीव, डा. अजीत तोमर, सचिन खत्री, टोनी मिस्त्री, सुभाष चोटी वाला, अंकित सोनू नाई, अजय, रणबीर सिंह, प्रदीप सहरावत, पवन गोयल, अनिल खत्री, अर्जुन खत्री, जोगिंदर आढ़ती, प्रदीप खत्री,मनीष, जगबीर खत्री नवीन खत्री, प्रतीक खत्री, मनोज भारद्वाज, हर्ष दहिया, रोहित प्रजापत, दिनेश प्रजापत, तुषार सैनी, अंकित सक्सेना, शालिका अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, सतीश शर्मा जसवंत भारद्वाज, दीपक राठी, दिनेश खत्री सहित हजारों की संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे।

# टैबलेट की राशि का भुगतान ना होने पर शिक्षकों में आक्रोश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राजकीय** विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव व अध्यापक शक्ति मंच के प्रभारी अजय वीर यादव ने बताया की छः माह पूर्व शिक्षा विभाग ने अनिवार्य रूप से टेबलेट खरीदने के आदेश दिये थे।

आदेश के तहत दिल्ली के लगभग चालीस हजार शिक्षकों ने निर्धारित राशि पंद्रह हजार रुपए स्वयं भुगतान कर नये टैबलेट खरीद लिए थे, जिसकी राशि का भुगतान विगत छः माह से विभाग द्वारा नहीं किया गया है। इस संबंध में शिक्षक संघ ने पूर्व में लिखे पत्रों के हवाले से शिक्षा मंत्री आतिशी मालीर्ना से मांग की है की टेबलेट की राशि का भुगतान व ब्याज तत्काल किया जाए। शिक्षकों को विभाग द्वारा भुगतान ना किए जाने से शिक्षकों में भारी आक्रोश है।

**टेबलेट की रकम के साथ डाटा का भी पैसा दे विभाग:** अध्यापक शक्ति मंच के उपाध्यक्ष बी.एल. शर्मा और डॉक्टर प्रवीण शर्मा ने संयुक्त बयान जारी कर शिक्षा विभाग से मांग की है कि शिक्षकों की टेबलेट राशि पंद्रह हजार रुपए व ब्याज का बजट शीघ्र आवंटित करवा कर उनकी परेशानी को दूर किया जाए।

साथ ही टैबलेट के सुचारू उपयोग के लिए शिक्षकों को प्रति महीने डाटा के लिए भी निश्चित राशि दो सौ रुपये भी उपलब्ध करवाई जाए।

## दयानंद वत्स ने दीं राष्ट्रपति को जन्मदिन की बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: नेशनल चाइल्ड** एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने एक्स पर पोस्ट करके भारत की राष्ट्रपति माननीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को उनके जन्मदिन की अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की मंगलकामनाएं की हैं। वत्स ने कहा कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी महिला सशक्तिकरण का दिव्य ज्योति पुंज हैं ओर 140 करोड भारतवासियों की प्रेरणा का स्रोत हैं। हमें आप पर गर्व है।

# 'प्यास बुझाने में केजरीवाल सरकार हुई पानी-पानी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिलवालों की** दिल्ली बीते कुछ दिनों से पानी बूंद-बूंद की प्यासी है। पहले ही प्रचंड गर्मी की मार झेल रहे दिल्लीवासियों पर अब जल संकट भी मुसीबत बनकर टूट पड़ा है। दिल्ली के कई इलाकों में हालात तो ऐसे बन गए हैं कि टैंकर को देखते ही लोग बाल्टी पाइप लेकर उसकी तरफ दौड़ पड़ते हैं लेकिन उसके बाद भी कई बार पानी की एक बूंद तक नसीब नहीं होती है।

**केजरीवाल सरकार की कामचोरी का फल भुगत रही है जनता:** इसके साथ ही मॉडल टाऊन विधानसभा क्षेत्र स्थित गुजरावाल टाऊन में रहने वाले व पूर्व निगम पार्षद व भाजपा नेता राज



खुराना ने कहा कि दिल्ली में गर्मियां जल संकट लेकर आती हैं। हर बार गर्मियों में दिल्ली 'प्यासी' रह जाती है। दिल्ली में इस बार मई महीने के अंतिम दिनों में पानी की किल्लत की जो तस्वीरें सामने आई हैं वो काफी भयावह हैं। जिसकी एक वजह यमुना नदी से सीमित पानी की आपूर्ति और बढ़ती आबादी भी है। तो वहीं दिल्ली सरकार के निकम्मे पन की वजह से आज दिल्ली की जनता पानी-पानी को तरस रही है।

**टैंकरों पर लग रही है लंबी कतारें:** उन्होंने कहा कि दिल्ली के निवासियों को इस भीषण गर्मी में जल संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में टैंकरों से पानी भरने के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं और कई इलाकों में तो लोगों को मूलभूत जरुरतों के लिए भी पानी नहीं मिल रहा है।

जैसे-जैसे तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा है वैसे ही पानी की मांग काफी बढ़ गई है, जिससे कई लोग हताश और निराश हो गए हैं। दिल्ली के कई इलाकों में लोग प्लास्टिक के कंटेनर लेकर पानी के टैंकरों का बेसब्री से इंतजार कर रहे है।

**पानी मुफ्त नहीं पानी मुक्त हुई दिल्ली:** पूर्व पार्षद खुराना ने कहा कि दिल्ली वालों को मुफ्त पानी देने का लालच देकर दिल्ली को ही पानी मुक्त कर दिया है, जिसका खामियाजा अब दिल्ली की मासूम जनता को भुगतना पड रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे दिल्ली की लोकसभा सीटों से केजरीवाल सरकार को जनता ने आइना दिखाया है ठीक वैसे ही आने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में केजरीवाल को जनता बाहर का रास्ता दिखाने वाली है।

# 'पानी की समस्या का समाधान निकालें दिल्ली सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भाजपा के** पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के द्वारा पानी की किल्लत को लेकर आदर्श नगर से लेकर नंदा रोड़, भडौला गांव, भडौला सेवा बस्ती और आदर्श नगर मैटो स्टेशन तक विरोध यात्रा निकाली गई। इस दौरान मटका फोड प्रदर्शन भी किया और लोगों को केजरीवाल की नाकामियों से अवगत कराया गया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, प्रदीप राणा, गौरव गुप्ता, टीना आहूजा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूर्व जिला अध्यक्ष







रोशन कंसल ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह एक भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते आज दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री कंसल ने बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की जनता को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की अधिकतर कॉलोनियों में जहां सुबह और शाम दो टाईम पानी आता था, अब वह एक ही बार आ रहा है और वह भी गंदा आ रहा है, जिसके चलते लोगों को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। श्री कंसल ने कहा कि दिल्ली सरकार को पानी की समस्या का समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा के द्वारा आदर्श नगर से लेकर भडौला गांव, भडौला सेवा बस्ती और आदर्श नगर मैट्रो स्टेशन तक विरोध यात्रा निकाली गई। इसमें जनता को केजरीवाल सरकार की नाकामियों से अवगत कराया गया।

# राहुल गांधी को कांग्रेस नेता बालेराम ने दी जन्मदिन की बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**राहुल गांधी** का जन्मदिन आज पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जहां एक और कुछ कार्यकर्ताओं ने फल का वितरण किया, तो वहीं कई कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर अपने नेता का जन्मदिन मनाया और राहुल गांधी की लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर भी राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। जहां पर राहुल गांधी के अलावा कई कांग्रेस के दिग्गज नेता मौजूद रहे और राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी।इस दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं



को संविधान की पुस्तक भेंट की। इस दौरान राहुल गांधी ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता बालेराम को भी संविधान की पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर बालेराम ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव का भी आभार प्रकट किया।

# क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर दिया जा रहा है ध्यान: शर्मा





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी** के नेता सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जहांगीरपुरी वार्ड के अन्तर्गत आने वाले राजीव नगर थाने वाले रोड़ पर नाला ओवरफ्लो की शिकायत कई दिनों से आ रही थी, जिसके कारण पानी सड़क पर आ जाता है। इस समस्या का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि पिछले चार दिनों से इसी समस्या के समाधान हेतू गुरुद्वारा भलस्वा डेरी से राम रहीम चौक और थाने वाले रोड़ के नाले को साफ करवाई जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि आज अपनी उपस्थिति में कर्मचारियों और जेटिंग मशीन की सहायता से नाला साफ करवाया गया। ताकि आने वाली बारिश में जलभराव न हो।

उन्होंने आगे बताया कि निगम पार्षद द्वारा क्षेत्र के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे या निगम पार्षद कार्यालय पर संपर्क कर सकता है।

# दिल्ली में गर्मी ज्यादा पानी कम, फिर भी सरकार बनी बेशर्म: सोनम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: स्लम हो या** पॉश इलाका दिल्ली में हर तरफ जल संकट को लेकर हलकान में फंसी है दिल्ली की जनता और आम आदमी पार्टी के जिम्मेदार नेता इसका स्थाई निवारण निकालने की बजाए बडी ही बेशर्मी से बेतूके ब्यानबाजी का खेल खेलने में मशगूल दिखाई पड़ रहे है। उक्त बातें त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड शकूरपुर वार्ड नंबर-62 में रहने वाली व नगर समरसता टोली की महिला प्रमुख सोनम चड्ढा ने कही। उन्होंने कहा कि राजधानी दिल्ली इस वक्त जल संकट से जूझ रही है और बावजूद हल निकालने के आम आदमी पार्टी



राजनीतिक रोटियां सेकने में लगी हुई है। दिल्लीवासी इस राजनीतिक रस्साकसी से बहुत परेशान हैं हर मुद्दा चाहे वह कितना भी गंभीर क्यों न हो, उसका सिर्फ आम आदमी पार्टी द्वारा राजनीतिकरण किया जाता है और नतीजा शून्य होता है।

**दिल्ली वालों की प्यास बुझाने में विफल हुई आप सरकार:** सोनम ने कहा कि आप ने अगर इस गंदी राजनीति करने के बजाय समस्या पर ध्यान दिया होता तो दिल्ली में आज जल संकट को लेकर त्राही-त्राही नहीं मची हुई होती और दिल्ली वालों को राहत मिल सकती थी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले वैसे भी 52 डिग्री तापमान की तपश को झेल रहे है वहीं राजधानी दिल्ली में जल संकट जारी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के कई इलाकों में पानी की कमी से लोग परेशान हैं। इसके साथ ही धूप की तीव्रता से लोग कांप रहे हैं। चूँकि उन्हें अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी नहीं मिल रहा है और उन्हें बाहर जाना पड़ रहा है।

**पानी की समस्या को लेकर कतई भी गंभीर नहीं है दिल्ली जल मंत्री:** सोनम ने कहा कि दिल्ली की जनता की पानी की प्यास बुझाने के लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि पानी के टोटे के चलते लोगों को टैंकरो पर निर्भर रहना पड रहा है, जो कि नाकाफी है और क्योंकि पूरी दिल्ली की प्यास बुझाने के लिए टैंकर प्रर्याप्त नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को अपनी प्यास शांत करने के लिए मंहगे दामों पर बाहर से मोल पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है।

# सुरजीत भवन में एनयूबीसी की कार्यकारिणी की बैठक का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एनयूबीसी के संस्थापक दिल्ली के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. चौधरी ब्रह्म प्रकाश की जयंती पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन नई दिल्ली स्थित सुरजीत भवन में किया गया। नवनिर्वाचित दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी कार्यक्रम के मुख्य अथिति रहे। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि इस संगठन को आगे बढ़ाने में हमेशा उनका सहयोग रहेगा व केंद्रीय सरकार की नीतियों को इस संगठन के माध्यम से जमीनी स्तर पर लागू करेंगे। एनयूबीसी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव, जे कमला कन्नन सेक्रेटरी जनरल, के सी कपास वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,डॉ वी. कुलंदैवेलु मुख्य





संरक्षक (पूर्व सांसद तमिलनाडु) पुलूर सलीम मुख्य संरक्षक, डॉ मदन यादव, जी वंकाटेशवारा राव, राम एस वर्मा संयोजक, राजिंदर यादव (गुरुग्राम) अपाध्यक्ष, वी पी नागर उपाध्यक्ष, एडवोकेट हेमंत यादव (कोषाध्यक्ष) श्याम नंदन यादव (महासचिव), जय किशन ठाकुर (महासचिव), अमित यादव (हरियाणा), निशा यादव (हरियाणा), दीपक गौड़ा अध्यक्ष (ओडिसा), सहनाज अख्तर अध्यक्ष (ओडिसा), संजीव यादव अध्यक्ष व दीपक महरा कार्यकारी अध्यक्ष (दिल्ली), डॉ नवीन कुमार अध्यक्ष (पुडुचेरी), हंसराज कुमार दिल्ली, हनुमान सहाए अध्यक्ष (राजिस्थान), नंदा डगला अध्यक्ष (राजिस्थान), सुमित्रा गौश अध्यक्ष (वेस्ट बंगाल), घनश्याम कुमार कार्यकारी अध्यक्ष (छत्तीसगढ़), ए कमल हसन अध्यक्ष (तमिलनाडु), थिरूवल्लुर मुराली अध्यक्ष (केरला), गीता गंगोत्री (उत्तरप्रदेश), व अन्य प्रदेश के मुख्य पदाधिकारी ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चौधरी ब्रह्म प्रकाश जी के पद चिन्हों पर चल कर संगठन को आगे बढ़ाना व नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्षों का आपस में मेल मिलाप कराना रहा। अनुशासन समिति ने सभी के समक्ष अपना निर्णय रखा। इसके उपरांत राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति ने सभी की रजामंदी से कुछ कठोर निर्णय भी इस कार्यक्रम में लिए जिसमें एस गीता (दिल्ली), एस सुवर्णा कुमार (केरला), राजपाल मीणा (राजस्थान), विठ्ठल पवार राजे (महाराष्ट्र) को सर्व सहमति से संगठन से निष्कासित किया। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप आयोजन करने में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एडवोकेट हेमंत यादव, दिल्ली के अध्यक्ष संजीव यादव, निर्मल यादव, वेदवाती यादव, मनीष यादव, विकास कृष्णा, मनोहर लाल यादव, वंदना गोला, नितिन प्रधान, दीपेंद्र यादव, कुलदीप यादव, सर्वेश कुमार व सोमवीर कुमार, सुरजीत भवन के संयोजक विमल पालीवाल व उनके सहयोगीयों का सभी ने धन्यवाद किया।

# पानी की समस्या से जूझ रहे है दिल्ली के लोग: रोहित अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: श्री श्याम मोरछड़ी** मित्र मंडल के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दिल्ली प्रदेश अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा एवं युवा समाज सेवी रोहित अग्रवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनियों में पानी न आने की वजह से लोगों को महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि जहां दिल्ली में दो टाईम पीने का पानी आता था, वह अब एक ही बार आ रहा है और कई इलाको में तो वह भी नहीं है, जिसके चलते लोग पानी की समस्या से जूझ रहे है। श्री अग्रवाल



ने दिल्ली सरकार और दिल्ली जल बोर्ड से मांग कि है पानी की किल्लत का दिल्ली सरकार जल्द से जल्द समाधान करें ताकि दिल्ली की जनता को पानी की समस्या से न जूझना पड़े।

# मंडी में सरसों चोरी करने वाले अपराधियों को पकड़ने पर पुलिस व चौकीदारों को सम्मानित किया गयाः गर्ग

मीटिंग

**44 बोरी सरसों चोरी करने के विरोध में स्थानीय पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई थी।**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

अनाज मंडी के व्यापारी तुलसीराम नरेश कुमार की दुकान पर अपराधियों द्वारा 44 बोरी सरसों चोरी करने के विरोध में स्थानीय पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई थी। सरसों चोरी करने वाले अपराधियों को अनाज मंडी चौकीदारों ने व पुलिस अधिकारियों द्वारा ?चोरों का कई किलोमीटर पीछा करके उन्हें पकड़ने का काम किया। इस अवसर पर अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा व्यापारियों की मीटिंग हुई। जिसमें भारी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अपराधियों पकड़ने पर अनाज मंडी चौकी इंचार्ज चार्ज गौतम कुमार व अनाज मंडी के चौकीदारों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। बजरंग गर्ग ने कहा कि अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा व्यापार करने के साथ-साथ सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेती है। अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा मंडी में भव्य स्कूल, हॉस्पिटल, मंदिर बनाया हुआ है। यहां तक की स्कूल में सामान्य फीस लेकर बच्चों को शिक्षा दी जाती है और काफी गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाती है। सरकार को? अनाज?? मंडी के विकास के? लिए विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि सैकड़ों व्यापारी, हजारों किसान व मजदूरों का मंडी में आना-जाना लगा रहता हैं। इस अवसर पर अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, अनाज मंडी प्रधान राम अवतार गोयल, पूर्व प्रधान संजय गोयल,स्कूल प्रधान अजय सिंगला बॉबी, हॉस्पिटल प्रधान अनिल जैन ,खल चुरी एसोसिएशन प्रधान त्रिलोक बंसल, उप प्रधान नरेश गर्ग, संजय नागपाल, वेद प्रकाश जैन, जगदीश गोदारा, रघुनाथ गोयल, लक्ष्मी आदमपुरिया, पवन बंसल, मनीराम गोयल, सत्य

# भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा बेगा गांव में ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने वीरवार को गांव दातौली, बेगा में कार्यकताओं का संबोधित करते हुए दोनो गांवों से भाजपा प्रत्याशी की जीत पर आभार व्यक्त किया। नेहरा ने ग्रामीणों को प्रशासनिक कार्यों मे कोई दिक्कत ना आए इसके लिए भी आश्वस्त किया। ग्रामीणों ने भी आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को समर्थन देने का आश्वासन दिया। नेहरा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा हर वर्ग की पार्टी है। पार्टी हर वर्ग के उत्थान के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजना बनाई है। जिसका परिणाम है कि आज प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल है। इस अवसर पर भाजपा ओ बी सी मोर्चा



के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी, मण्डल महामंत्री सुखबीर प्रजापति,सरपंच बेगा सुरेन्द्र शर्मा लखमीचंद नायक, रामलाल, राजकुमार जांगड़ा, हरबीर गीरि, संदीप शर्मा रामनिवास, प्रदीप कुमार, देवेन्द्र, महेन्द्र, सुभाष, रजनीश आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की नीयत से रात को छत कूदकर घर में घुसे युवक के खिलाफ पुलिस में करवाया मामला दर्ज, घटना सीसीटीवी में कैद

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

रात को घर की छत से कूदकर घर में चोरी की नीयत से घुसे मुंह पर कपड़ा बांधे युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में खिजरपुर अहीर गांव निवासी सुमित ने बताया कि हम दो भाई व एक बहन है। मेरी मां की तबीयत खराब होने की वजह से मेरे मामा के घर इलाज के लिए मेरी मां गांव झुण्डपुर में गई हुई थी। घर पर हम दोनों भाई सो रहे थे तो रात को गली में कुतों के भैकने की आवाज सुनाई दी। आवाज इस तरह से थी कि गली में कोई अज्ञात युवक आया है। हमने उठकर अपने घर लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को देखा की अज्ञात नौजवान लड़का मुँह पर सफेद कपड़े से डाठामार कर हमारे घर के अंदर छत के रास्ते से चोरी करने की नियत से घुसा। रात को ही दोनों भाई देखकर उसको पकड़ने के लिए उसके पीछे भागे तो अज्ञात चोर छत के रास्ते से कूदकर भाग गया। शिकायत में बताया कि सारी घटना घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। शिकायत में बताया कि इससे पहले भी किसी अज्ञात व्यक्ति ने रात के समय मेरे घर के अन्दर घुसकर हमारी बुलेट बाईक को जला दिया था, जिस टाईम यह चोर हमारे घर में दरवाजे के बाहर खड़ा था उसी टाईम उसके फोन की घंटी बजी थी। शिकायत में अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### पौधारोपण व गरीब बच्चों को फल वितरित कर मनाया जन्मदिन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

बीएसटी के मैदान में समाजसेविका बबीता किल्सन ने अपनी पोती फियोना किल्सन का जन्म दिन पौधारोपण व गरीब बच्चों को फल वितरित करके जन्मदिन मनाया। बबीता किल्सन ने पौधरोपण के बाद अपने संदेश में कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। अगर इसी तरह से पेड़ों की काई होती रही और हमने पौधे नही लगाए तो इससे भंयकर गर्मी व अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण ही नही, रोपण के बाद उनकी देखरेख का भी संकल्प लेना चाहिए। चाहे कम पौधे लगाओं लेकिन उनकी देखभाल पूरी करो, तभी जाकर हमारा अभियान सफल होता है। इसके बाद उन्होंने गरीब बच्चों को फल व मिठाईयां वितरित की। इस मौके पर एडवोकेट प्रशांत किल्सन, श्याम प्रकाश किल्सन मौजूद थे।

### लोगो के भले के लिए बाबा श्रवणनाथ जी बैठे 51 दिन के तप पर, जयहिन्द ने भी साथ बैठकर किया तप



**जिला** रोहतक के गांव कन्हेली में योगी बाबा श्रवणनाथ जी सबके भले के लिए इतनी गर्मी में अग्नि के बीच बैठकर 51 दिन का तप कर रहे है, वहीं जयहिंद सेना सुप्रीमो नवीन जयहिन्द बाबा जी के पास पहुंचे उनका आशिवाद लिया और बाबा जी के साथ बैठ कर तप किया। जयहिन्द ने बताया कि शुक्रवार 21 जून को बाबा जी के 51 दिन का तप पूरा होगा इस अवसर पर गांव कन्हेली में आरटीओ ऑफिस के सामने एक भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जयहिन्द ने सभी से अपील की के वें भंडारे में पहुंचकर बाबा जी का, भोलेनाथ का व माता रानी का आशीर्वाद जरूर लें। जयहिन्द ने बताया इस 51 दिन के तप के बाद बाबा जी 12 साल की कठोर तपस्या करेंगे। हम कामना करते है की बाबा जी हम सब पर अपना आशीर्वाद ऐसे ही बनाए रखे।

### चाय की दुकान से पुलिस को मिली 16 बोतल बीयर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रिवासा फ्लाईओवर के पास चाय की दुकान से अवैध बीयर पकड़ी हैं। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 16 बोतल बीयर बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपित पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिटी थाना पुलिस की एक टीम राव तुलाराम चौक पर गश्त पर थी। टीम को इस दौरान गुप्त सूचना मिली कि गांव एक व्यक्ति फ्लाईओवर के पास अपनी चाय की दुकान के बाहर बैठकर अवैध रूप से शराब बेच रहे है। अगर तुरंत चैक किया जाए तो शराब सहित काबू आ सकता है।

# संगीत मनोरंजन का जरिया नहीं, बल्कि स्वस्थ तन-मन के लिए भी कारगर है

विश्व संगीत दिवस

**संगीत मानव द्वारा अनुभूति किए जाने वाला ऐसा अनुभव है जो मानव निर्मित सभी सीमाओं से परे है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
महेंद्रगढ़

संगीत व्यक्ति को सुकून का अहसास कराता है। संगीत महज मनोरंजन का जरिया नहीं, बल्कि स्वस्थ तन-मन के लिए भी कारगर है। डॉक्टर भी संगीत को सेहत के लिए फायदेमंद मानते हैं। इसके अलावा संगीत मानव द्वारा अनुभूति किए जाने वाला ऐसा अनुभव है जो




मानव द्वारा निर्मित सभी सीमाओं से परे है।

उपरोक्त विचार विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सतनाली मोड स्थित हारट्रोन स्किल एवं कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर पर कपिल शास्त्री ने बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आशीष शास्त्री ने कहा कि पूरा विश्व 21 जून को विश्व संगीत दिवस मनाता है। हर व्यक्ति किसी ने किसी प्रकार से संगीत प्रेमी होता है। विश्व संगीत दिवस वैश्विक शांति के लिए भी शुरू किया गया था। आज विश्व संगीत दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए हारट्रोन प्रबंधन को बहुत-बहुत साधुवाद देते हैं। सवेरा स्वयंसेवी संस्था प्रदेश अध्यक्ष मनोज गौतम ने भी युवाओं को संगीत साधना करने वाले दोनों अतिथियों का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि हमारे अतिथि कपिल शास्त्री और आशीष शास्त्री संगीत, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक तपस्वी की तरह कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर कपिल शास्त्री ने अपने सुमधुर स्वर में संगीतबद्ध रचनाएं सुनाकर युवाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत कपिल शास्त्री और आशीष शास्त्री ने सरस्वती मां की आराधना से की। इस अवसर पर रोहित, हरीश, अक्षय, सुमित, प्रदीप, विक्रम, यशवेंद्र, सुनील, पायल, वर्षा, एकता, दिव्या, आशीष, सचिन आदि काफी संख्या में युवाओं ने कार्यक्रम से प्रेरणा ली।

# ग्वार उत्पादन पर जागरुकता शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़**

गांव बसई में ग्वार उत्पादन की उन्नत कृषि क्रिया विषय पर एक दिवसीय जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र तथा हिंदुस्तान गम एंड केमिकल्स भिवानी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जिसमें गांव के 100 किसानों ने भाग लिया।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. रमेश कुमार ने कहा कि किसान उन्नत कृषि क्रियाओं को अपनाकर ग्वार फसल के उत्पादन को बढ़ा सकते है। हिंदुस्तान गम एंड केमिकल्स भिवानी से डॉ. आरके सैनी ने बताया कि वैज्ञानिक जानकारी न होने के कारण बहुत से



किसान ग्वार फसल की पूरी पैदावार नहीं ले पाते तथा पुराने, रूढ़िवादी तरीके अपनाने के कारण हर साल नुकसान उठा रहे हैं। किसानों को जल संरक्षण, जैविक खादों तथा उन्नत किस्मों से ग्वार फसल की बिजाई की ओर विशेष ध्यान देना होगा। बीज उपचार जैसे सस्ते व कारगर तरीकों की जानकारी प्राप्त कर एक आदत के रूप में अपनाना होगा ताकि फसलों को बीज-जनित व भूमि-जनित रोगों व कीटों से बचाया जा सके। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वह ग्वार के उखेड़ा रोग की रोकथाम के लिए कार्बनडाजिम द्वारा बीज को उपचारित करके बोए। शिविर में इस दवा के सैंपल भी किसानों में मुफ्त बांटे गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. जयलाल यादव ने किसानों को ग्वार फसल से मिलने वाले पोषक तत्वों के बारे में बताया।

### विद्यार्थियों ने नेशनल रीडिंग डे पर प्रतिदिन साहित्य पढ़ने की शपथ ली

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**

हल्द्वानी स्थित एमबीपीजी कॉलेज में नेशनल रीडिंग डे के अवसर पर गुरुवार को विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन में पढ़ने की आदत को शामिल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की शपथ ली। शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होने के लिए आए विद्यार्थियों को परीक्षा के पश्चात कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रोहित कुमार काण्डपाल ने प्रतिदिन साहित्य पढ़ने की शपथ दिलाई।

डॉ. एमपी सिंह, डॉ. कविता बिष्ट, डॉ. महेश कुमार, डॉ. संजय सिंह खत्री, डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. गोविंद सिंह बोरा, डॉ. दीपा वर्मा, डॉ.

# रक्तदान शिविर में 140 युवाओं ने उत्साह से रक्तदान कर जयंती पर दिया रक्तदान का संदेश



शुभारम्भ

**- भाविप अध्यक्ष राजेन्द्र कौशिक व बहालगढ़ स्टील उद्योग एम डी सोनू गोयल ने किया शुभारम्भ**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

भारत विकास परिषद व बहालगढ़ स्टील उद्योग बहालगढ़ के सहयोग से जे के लक्ष्मी सीमेंट के फाऊंडर स्वर्गीय हरि शंकर सिंघानिया की जयन्ती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 140 युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। कार्यक्रम में रक्तदान के लिए पहुंचने पर जे के लक्ष्मी सीमेंट से सेल्स अधिकारी दीपक कुमार, बहालगढ़ स्टील उद्योग के एमडी सोनू गोयल, कौशिक सीमेंट गन्नौर से विनित कौशिक व भारत विकास परिषद से शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र कौशिक, भाविप प्रदेश पदाधिकारी एवं कष्ट निवारण समिति सदस्य योगेश कौशिक, सचिव अंकित, महिला संयोजिका मनीषा जैन, उपाध्यक्ष सेवा संदीप सिंघल, उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक आदि रक्तदाताओं का हौसल्ला बढ़ाते हुए हैलमेट व गिफ्ट भेंट किए। शिविर की व्यवस्था में लायन्स क्लब के चिकित्सकों की टीम ने सहयोग किया। इस मौके पर सेवा प्रमुख राजीव गुप्ता, काजल सिंघल, आभा गर्ग, कृष्ण जिंदल, तरूण प्रताप त्यागी, शकुंतला कौशिक, आरती शर्मा आदि ने शिविर की व्यवस्था संभाली। बहालगढ़ स्टील उद्योग के एमडी सोनू गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्मी सीमेंट के फाऊंडर स्वर्गीय हरि शंकर सिंघानिया की जयन्ती को रक्तदान शिविरि के रूप में मनाकर सराहनीय कार्य किया है। रक्तदान महादान है। रक्त किसी भी दुर्घटना में घायल का जीवन बचाने में काम आता है। इसलिए हमें समय- समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। शिविर में हिमांशु कौशिक, आदित्य तुषार, सचिन हुड्डा, अनिल पांचाल आदि ने रक्तदान कर शिविर के आयोजकों की सराहना की।

# डी.एन. कॉलेज ने किया एचसीएस नीतीश सेलपाड़ का स्वागत

**नितिश सेलपाड़**
**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की परीक्षा में प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त करने वाले नीतीश सेलपाड़ का आज दयानंद कॉलेज परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान डी.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि ग्रामीण आंचल से उठकर बिना किसी कोचिंग के नितिश ने जिस प्रकार यह सफलता पाई है। उससे दूसरे विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नीतीश ने दिखा दिया है कि यदि व्यक्ति के इरादे मजबूत हो तो सफलता उसे हर हाल में मिलती है। इससे पहले एचसीएस नीतीश सेलपाड़ के कॉलेज पहुंचते ही कॉलेज प्रबंधन




की ओर से फूल मालाएं पहनाकर एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एचसीएस नीतीश के पिता एवं केश कला एवं कौशल विभाग के निदेशक नरेश सेलपाड़, डीएन कॉलेज के फिजिक्स विभाग के अध्यक्ष चेतन शर्मा, स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीएन मंजीत सिंह, कम्प्यूटर साईस के विभाग अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार, फिजिकल एजुकेशन विभाग की हेड सुरजीत कौर, डा. रमेश पूनियां, डा. आदित्य, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश भारतीय, समाजसेवी सतीश सरोहा, कविता रानी जिन्दल अस्पताल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। डी.एन. कॉलेज के पूर्व छात्र एचसीएस नीतीश सेलपाड़ ने अपने शिक्षकों से कॉलेज के दिनों की यादों को भी साझा किया। एचसीएस नितिश सेलपाड़ ने कहा कि नेतृत्व का गुण उन्होंने अपने पिता व डीएन कॉलेज के शिक्षकों से ही सीखने को मिला। ध्यान कि नीतीश सेलपाड़ ने वर्ष 2016 से लेकर 2019 तक बीएससी नॉन मेडिकल से इसी कॉलेज से की थी। नीतीश एनसीसी का भी बेस्ट क्रेडिट रहा है, और वह कई प्रतियोगिताओं में व्यापक स्तर पर भाग लेता रहा है।

# प्री मानसून की पहली बरसात से गर्मी से मिली राहत, धान रोपाई पकड़ेगी जोर

पहली बारिश

**पिछले एक महीने से भी फतेहाबाद का तापमान 45 से 48 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा था।**

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

पिछले एक माह से प्रचंड गर्मी झेल रहे फतेहाबाद वासियों को गुरुवार की अलसुबह हुई प्री-मानसून की पहली बारिश ने राहत पहुंचाई है। गरज, चमक व तेज हवा के साथ बादल घिरे और बरसात शुरू हो गई। इस बरसात के बाद मौसम सुहावना हो गया और हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।




पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से फतेहाबाद का अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा था। अलसुबह हुई बरसात से अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को फतेहाबाद का अधिकतम तापमान 42 डिग्री व न्यूनतम तापतान 27 डिग्री बताया जा रहा है। हल्की बारिश से फसलों को भी राहत मिली है।

प्री मानसून की बरसात के बाद अब धान रोपाई का काम भी जोर पकड़ेगा। फतेहाबाद में इस सीजन की प्री मानसून की पहली बरसात वीरवार सुबह हुई। गुरुवार अलसुबह करीब साढ़े 3 बजे आसमान में बादल छाने लग गए थे। पहले तेज आंधी चली और उसके बाद करीब 4 बजे शहर में बूंदाबांदी शुरू हो गई। अनेक जगह पर अच्छी बारिश हुई। शहर में भी कई जगहों पर हल्की तथा कई जगहों पर अच्छी बारिश दर्ज की गई, जबकि आसपास के गांव में भी अनेक जगहों पर अच्छी बारिश होने का समाचार है।

प्री-मानसून के आगाज से महज एक दिन पहले जून में तीसरी बार सर्वाधिक गर्म रात दर्ज हुई थी। लोग भीषण गर्मी का प्रकोप सहने को मजबूर दिखे। अस्पतालों में डायरिया, त्वचा, लू के संदिग्ध लक्षणों वाले मरीजों की कतार लग रही है। कमोवेश यही स्थिति बुधवार को सुबह से शाम तक रही, पर देर रात मौसम का मिजाज बदलने लगा। देर रात तेज हवा चली और सुबह करीब 4 बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई।

मौसम विभाग ने तीन दिन तक मौसम अनुकूल बने रहने पर हल्की, तेज बारिश होने और तापमान में गिरावट का पूवार्नुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्री-मानसून की बारिश का आगाज हो गया है।

# एचसीएस परीक्षा में पुरखास गांव की शीतल गुलिया ने पाया 27वां रैंक

**शीतल गुलिया।**
**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**


गांव पुरखास की बेटी शीतल गुलिया ने एचसीएस परीक्षा में 27वां रैंक पाया है। शीतल गुलिया की सफलता से गांव में खुशी का माहौल है।

सामान्य परिवार से आने वाली शीतल ने अपनी योग्यता के आधार पर एचसीएस की परीक्षा को पास किया है। राजेश पहलवान पुरखसिया ने बताया कि उनके बड़े भाई राजबीर गुलिया पहलवान की बेटी शीतल गुलिया ने हरियाणा सिविल सर्विस में 27 वां रैंक



हासिल कर समस्त पुरखास गांव व गन्नौर हल्के के साथ साथ परिवार का नाम रोशन किया। करोडीमल कालेज दिल्ली से शीतल ने ग्रेजूऐशन की। उसके बाद उसने यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की तैयारी करते हुए हरियाण सिविल सर्विस की परीक्षा दी और पास हो गई।

भाई विशाल गुलिया, मां सरिता, पिता पहलवान राजबीर रेलवे के सीटीआई पद से रिटायर हैं। बेटी की उपलब्धि पर समस्त पुरखास गांव को गर्व हैं। बेटी ने गांव व परिवार का नाम रोशन किया है। अब जल्द ही गांव की ओर से शीतल का सम्मान समारोह किया जाएगा।



हरियाणा सरकार

## प्राणायाम और योगध्यान
## स्वस्थ तन, मन ऊर्जावान

"जब हम योग करते हैं तो हम शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से शांत और भावनात्मक रूप से संतुष्ट महसूस करते हैं।"

**- नरेन्द्र मोदी**

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सामंजस्य एवं शान्ति के लिए योग



**राज्य स्तरीय समारोह**

मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

**दिनांक** - 21 जून, 2024 **समय** - प्रातः 5:30 बजे से
**स्थान** - महाराणा प्रताप स्टेडियम,
गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार

"प्यारे प्रदेशवासियों, आप सबको अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई व शुभकामनाएं। शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक शिक्षा का मूलमंत्र योग हमारे जीवन जीने की सच्ची कला है। हर रोज करो योग, जीवन भर रहो निरोग।"

**- नायब सिंह**

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू-आर कोड स्कैन करें

**वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से योग एवं व्यायामशालाओं का**

**24 गांवों में उद्घाटन | 69 गांवों में शिलान्यास**

**अब प्रदेश में ग्रामीण स्तर पर कुल 807 योग एवं व्यायामशालाएं हो जाएंगी**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana